सूर्योदय 5:19 सूर्यास्त 7:19
आज का तापमान
शिमला 17 न्यू 25 अधि
धर्मशाला 26.4 न्यू 29 अधि
बाजार
सेंसेक्स 81,312
निफ्टी 24,752
सोना 95,627 चांदी 97,653

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



जहीर बोले-पंत की क्षमता पर नहीं था कभी संदेह
पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 29 मई 2025 | 16 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 150, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज का मैच

पंजाब vs बेंगलुरु

समय: रात 7:30 बजे (मोहाली)

## न्यूज शॉर्ट्स

### ट्रंप ने स्टूडेंट वीजा के इंटरव्यू पर लगाई रोक

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा इंटरव्यू पर रोक लगा दी है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को इसे लेकर एक आदेश जारी किया। आदेश का मकसद देश की यूनिवर्सिटीज में यहूदी विरोध और वामपंथी विचारों को रोकना है। रुबियो ने दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों को आदेश जारी कर कहा कि वे स्टूडेंट वीजा के लिए नए इंटरव्यू शेड्यूल न करें, क्योंकि ट्रंप सरकार अमेरिका आने वाले छात्रों के सोशल मीडिया प्रोफाइल की जांच को और सख्त करने जा रही है। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रभाव से कांसुलर सेक्शन आगे के दिशा-निर्देश जारी होने तक स्टूडेंट या एक्सचेंज विजिटर वीजा के लिए नए अपॉइंटमेंट की इजाजत न दें। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर: भाजपा ने सरकार बनाने का दावा किया पेश

**एजेंसी, इम्फाल।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इन्होंने दावा किया है इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। वहीं, निर्दलीय विधायक सपाम निशिकांत सिंह ने कहा कि हमने राज्यपाल को एक पेपर दिया है, जिस पर 22 विधायकों ने साइन किए हैं। मणिपुर में सभी एनडीए विधायक सरकार बनाना चाहते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा का निधन

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब में अकाली दल के प्रमुख नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा का बुधवार को निधन हो गया। वह 89 साल के थे। वह पिछले कुछ समय से बीमार थे। उन्होंने मोहाली के अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह 14वीं लोकसभा के लिए पंजाब के संगरूर से चुने गए थे। 2019 में उन्हें केंद्र सरकार ने पद्मभूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया था, लेकिन उन्होंने 2020 में किसान आंदोलन के दौरान अवॉर्ड लौटा दिया था। वह वर्ष 2000 से 2004 तक केंद्र की अटल बिहारी वायपेयी सरकार में मंत्री रहे। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें
- मुख्यमंत्री सुक्खू के दौरे को लेकर तैयारियों में जुटी कांग्रेस -पेज 2
- सीबीआई जांच में पूर्ण सहयोग करेगी सरकार : विक्रमादित्य -पेज 3
- शिमला में पैरापिट पर बैठा दिखा तेंदुआ, गाड़ियों से भी नहीं डरा -पेज 6
- जल शक्ति विभाग ने सुबह-सुबह ही कर दी मटमैले पानी की सप्लाई -पेज 9
- एनडीपीएस मामले में दोषी को 15 साल की कैद व डेढ़ लाख जुर्माना -पेज 12

# खरीफ फसलों का एमएसपी बढ़ा

## केंद्र ने बढ़ाया धान समेत 14 फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में पांच बड़े फैसले लिए गए हैं। जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई है। केंद्र सरकार ने धान, कपास, सोयाबीन, अरहर समेत खरीफ की 14 फसलों का मिनिमम सपोर्ट प्राइस बढ़ा दिया है। केंद्रीय कैबिनेट ने बैठक में यह फैसला लिया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान का नया एमएसपी 2,369 रुपए तय किया गया है, जो पिछले एमएसपी से 69 रुपए ज्यादा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने इस संबंध में निर्णय लिया। आगामी



केंद्रीय कैबिनेट फैसलो की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव।

फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के खरीफ सत्र के लिए सामान्य और ए ग्रेड धान की किस्मों का समर्थन मूल्य 69 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर क्रमशः 2,369 और 2,389 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

दालों में अरहर का समर्थन मूल्य 450 रुपए बढ़ाकर 8,000 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि उड़द का एमएसपी 400 रुपए बढ़ाकर 7,800 रुपए प्रति क्विंटल और मूंग का एमएसपी 86 रुपए बढ़ाकर 8768 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने 2025-26 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके।

पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि नाइजरसीड के लिए की गई है, इसके बाद रागी, कपास और तिल का स्थान आता है।

2025-26 के लिए खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय करने की बात कही गई है। (अनंत ज्ञान)

### ब्याज सहायता योजना रहेगी जारी

**सरकार** ने बुधवार को संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) को 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी, जिसके तहत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से सस्ती दर पर अल्पकालिक ऋण मिलता है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मौजूदा 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एमआईएसएस को जारी रखने का निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया। इस योजना को जारी रखने से सरकारी खजाने पर 15,640 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। एमआईएसएस एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका उद्देश्य केसीसी के माध्यम से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। एमआईएसएस के तहत, किसानों को केसीसी के माध्यम से 7 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर 3 लाख रुपये तक का अल्पकालिक ऋण मिलता है, जिसमें पात्र ऋण देने वाली संस्थाओं को 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता प्रदान की जाती है।

# विमल नेगी मामले में सीबीआई को सौंपी जाएगी हजारों पन्नों की रिपोर्ट

## अब न्याय की पड़ताल में खुलेगी रहस्यमयी मौत की 'परत दर परत'

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के मुख्य अभियंता विमल नेगी की रहस्यमयी मौत का मामला अब एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आ गया है। एसपी कार्यालय शिमला से सीबीआई को हजारों पन्नों का रिकॉर्ड सौंपने की तैयारी सिरे चढ़ी है। यह घटनाक्रम न

अनंत ज्ञान फॉलोअप

केवल नेगी की मौत के इर्द-गिर्द के रहस्यों को उजागर करने की उम्मीद जगाता है, बल्कि उन सभी जांच एजेंसियों को भी कठघरे में खड़ा करता है, जिनकी शुरुआती पड़ताल पर सवाल उठे हैं।

अब तक इस मामले की जांच स्थानीय पुलिस और एसआईटी कर रही थी, लेकिन रिकॉर्ड देने में शुरुआती इनकार और फिर अचानक हुई यह तैयारी संकेत देती है कि मामले की संवेदनशीलता और इसमें छिपी जटिलताएं अब केंद्रीय जांच एजेंसी के हाथों में हैं।

जानकारों का मानना है कि नेगी के शव से पेन ड्राइव गायब होने, उसका डेटा डिलीट होने और मोबाइल फोन की स्थिति पर स्पष्टता न होने जैसे गंभीर आरोप ही सीबीआई की सक्रियता का मुख्य कारण हैं। एसपी कार्यालय में हजारों पन्नों के रिकॉर्ड को क्रमबद्ध करने का काम चल रहा है। यह रिकॉर्ड केवल पावर कॉरपोरेशन और ऊर्जा विभाग से ही नहीं, बल्कि जांच से जुड़ी रिपोर्टों और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों से भी भरा है। हर एक फाइल एक नया सुराग दे सकती है, जो नेगी की मौत के रहस्य को सुलझाने में मददगार साबित हो सकता है।

### जांच के दायरे में दोनों एसआईटी

**सूत्रों** का दावा है कि सीबीआई केवल नेगी की मौत के कारणों की ही जांच नहीं करेगी, बल्कि बिलासपुर जिला पुलिस और दोनों एसआईटी भी उसकी जांच के दायरे में होंगी। पुलिस महानिदेशक द्वारा हाईकोर्ट में दायर हलफनामे में जांच को लेकर उठाए गए गंभीर सवाल इस बात की पुष्टि करते हैं कि अब तक की जांच पर कई अंगुलियां उठ रही हैं।

### कानून से ऊपर कोई भी नहीं हो सकता

**यह** स्थिति न केवल एक अधिकारी को न्याय दिलाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि यह भी दिखाती है कि न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता कितनी महत्वपूर्ण है, जब जांच करने वाले खुद जांच के दायरे में आते हैं, तो यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत है, जहां कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

विमल नेगी मामले में राजभवन पहुंची भाजपा कहा-नष्ट न हों सबूत -पेज 3 पर पढ़ें

# देश में रह रहे 20 मिलियन से अधिक अवैध प्रवासी : धनखड़

## उपराष्ट्रपति ने पूछा - क्या हम उन्हें झेल सकते हैं ?

**एजेंसी, मुंबई**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि 20 मिलियन की संख्या में अवैध प्रवासियों ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को कमजोर बना दिया है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा, 'जब हमारी सीमा की पवित्रता को अनियंत्रित अवैध प्रवासियों की तरफ से भंग किया जाता है, तो यह कानून और व्यवस्था का सवाल नहीं है, बल्कि हमारे अस्तित्व और राष्ट्रीय अखंडता का सवाल है।'



उन्होंने कहा कि यह अब प्रवास का सवाल नहीं है, बल्कि जनसांख्यिकीय आक्रमण का सवाल है। उन्होंने कहा, 'भारत ने इसे झेला है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, देश में 20 मिलियन से अधिक अवैध प्रवासी हैं। क्या हम उन्हें झेल सकते हैं? हमें इस देश में ऐसे लोगों की जरूरत है जो हमारी सभ्यता के प्रति प्रतिबद्ध हों।' (अनंत ज्ञान)

### हमेशा ऐसी चुनौतियों से सावधान रहें

**मुंबई** में अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (आईआईपीएस) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, 'ये लोग हमारे राष्ट्रीय संसाधनों पर भारी मांग करते हैं। वे हमारे हाथों से काम लेते हैं और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को कमजोर बनाते हैं।' इस दौरान उपराष्ट्रपति ने छात्रों से कहा, 'हमेशा ऐसी चुनौतियों से सावधान रहें जब जनसांख्यिकीय संतुलन को जैविक विकास की तरफ से नहीं बल्कि भयावह, सुनियोजित डिजाइन की तरफ से हेरफेर किया जाता है।'

# पहले बीबीएमबी एरियर पर शपथपत्र दें फिर देंगे किशाऊ का पानी: मुख्यमंत्री

## कहा, मैंने दिल्ली में पड़ोसी राज्यों के समक्ष रखी हिमाचल की मांग

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**बंजार।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बंजार में कहा, 'मैं हिमाचल प्रदेश के लोगों की मांगों को लेकर दिल्ली गया था। हम दिल्ली व हरियाणा को पानी देंगे, लेकिन पहले वे 14 साल से लंबित बीबीएमबी का एरियर हिमाचल प्रदेश को दें। उन्होंने कहा कि मैंने यह साफ कह दिया है कि पहले पड़ोसी राज्य इस एरियर को देने का शपथपत्र सुप्रीम कोर्ट में दायर करें, फिर हम किशाऊ बांध पर आगे बढ़ेंगे। मैं प्रदेश को अपना परिवार मानता हूं इसलिए मैं हिमाचल प्रदेश के हितों के साथ समझौता नहीं करूंगा।' सीएम ने बंजार विकास खंड के देहूरी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सीबीएसई बोर्ड आधारित राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल और दस हजार लीटर क्षमता वाला मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणा भी की।

लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है और यह प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

**बंजार में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल और मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट खोलने की घोषणा**

### 2238 महिलाओं को 1500-1500 रुपए की किस्त जारी

**मुख्यमंत्री** ने देहूरी में बंजार विकास खंड की 18 वर्ष से 59 वर्ष आयु वर्ग की 2238 पात्र महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि अप्रैल 2025 से जून 2025 तक (तीन महीने) 4500 रुपए प्रति लाभार्थी की दर से बचत खातों में 1 करोड़ 71 हजार की राशि हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार पात्र महिलाओं को चरणबद्ध ढंग से 1500 रुपए प्रतिमाह प्रदान कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य की संपदा के लाभों से वंचित सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है।



# अशोक तिवारी ने डीजीपी और गौरव ने एसपी शिमला का अतिरिक्त कार्यभार संभाला

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी से जुड़े प्रकरण में पुलिस विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच टकराव के बाद राज्य सरकार ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है।





सरकार ने आईपीएस अधिकारी अशोक तिवारी को कार्यकारी पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है, जबकि सोलन के एसपी गौरव सिंह को शिमला जिले के एसपी पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। दोनों अधिकारियों ने बुधवार को अपने-अपने कार्यभार संभाल लिए हैं। उत्तर प्रदेश मूल के अशोक तिवारी 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उन्हें वर्ष 2009 में उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस मेडल और 2019 में राष्ट्रपति पुलिस मेडल से सम्मानित किया गया था। वहीं, एसपी गौरव सिंह अब सोलन के साथ-साथ शिमला में भी अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने शिमला कार्यालय में कार्यभार संभालते ही आज अधिकारियों संग बैठक कर कानून व्यवस्था और अपराध की स्थिति की समीक्षा की।

# हिमाचल में भारी बारिश और ओलावृष्टि

## ऊंची चोटियों पर हुई हल्की बर्फबारी, जनजीवन प्रभावित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बुधवार को कई हिस्सों में भारी बारिश व ओलावृष्टि दर्ज की गई, जबकि कुल्लू और लाहौल की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई।

कुल्लू की बंजार घाटी की तीर्थन वैली में हुई बारिश से तापमान में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई। इसके साथ ही, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क की चोटियों पर भी ताजा बर्फबारी हुई। बारिश के कारण मुख्यमंत्री की शाई रोपा में आयोजित जनसभा में भी खलल पड़ा, जिससे उन्हें अपना भाषण



बीच में ही रोकना पड़ा। आनन-फानन में कार्यक्रम में मौजूद लोगों को टैंट में शरण लेनी पड़ी। जानकारी मिली है कि धर्मशाला में शाम करीब 5 बजे तेज बारिश और ओलावृष्टि शुरू हुई, जिससे शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया। शिमला में भी भारी बारिश ने मौसम को सर्द बना दिया। 29 मई को भी राज्य के मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है। 30 मई से 3 जून तक इन क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं।

# पाकिस्तान से सटे राज्यों में आज फिर होगी मॉक ड्रिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान से सटे राज्यों में वीरवार की शाम फिर से मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, पंजाब और राजस्थान शामिल हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी।

दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# अब शीर्ष अदालत में ही होगी विजय शाह मामले की सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी से विवादों में घिरे मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के मामले की सुनवाई हुई। जस्टिस जेजे सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने मामला सुना। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'एसआईटी ने 21 मई को जांच की, वह बयान देने वाली जगह गई थी।

मोबाइल समेत कुछ सबूत भी इकट्ठा किए गए व गवाहों के बयान लिए गए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि जांच अभी शुरुआती चरण में है। हाईकोर्ट से हमारी रिक्वेस्ट है कि वह हमारे साथ-साथ सुनवाई न करे। एसआईटी ने तय तारीख को जांच रिपोर्ट पेश कर दी और अब कुछ और समय मांगा है। इस मामले की सुनवाई अब जुलाई के पहले हफ्ते में होगी। (अनंत ज्ञान)

### मंत्री से नहीं हुई पूछताछ

**स्पेशल** इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन 19 मई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही हुआ था। चौंकाने वाली बात है कि एसआईटी ने 6 दिन जांच की, लेकिन मंत्री विजय शाह से अभी तक कोई पूछताछ नहीं की गई।

# पाक प्रायोजित आतंकवाद से दुनिया त्रस्त

## अनुराग ने दक्षिण अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों को किया संबोधित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में प्रवासी भारतीयों के सम्मेलन को संबोधित कर उन्हें पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद पर भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया पाकिस्तान द्वारा फैलाए जा रहे आतंकवाद से त्रस्त है।



अनुराग ठाकुर आतंकवाद पर भारतीय सेना की कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से भारत की ओर से विदेश यात्रा पर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप-7 सांसदों के साथ वहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला दुखद, दर्दनाक, और मानवता को शर्मसार करने वाला था। धर्म के आधार पर छोटे-छोटे बच्चों के पिता, हमारी बहनों के सुहाग को गोली मार दी गई और पाकिस्तान ने अपनी सरजमीं का इस्तेमाल इस आतंकी घटना के लिए होने दिया। पहलगाम में हुआ वो दुखद था, लेकिन जब पाकिस्तान ने इस पर 15 दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की तो फिर जो भारतीय सेना ने किया, वह अपने आप में कमाल था। भारत ने सदा एक ही बात कही है कि हम किसी को छेड़ते नहीं और अगर हमें कोई छेड़ता है, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं।

### आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, 'आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति जीरो टॉलरेंस की है। पाकिस्तान दुनिया का इकलौता ऐसा देश है, जो यूनाइटेड नेशन ऑफ सिक्योरिटी काउंसिल की आतंकी और आतंकी संगठनों की जो लिस्ट है, उसमे सारे 52 नाम पाकिस्तान के ही हैं। पिछले 10 वर्षों में हम 11वें नंबर से दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बने हैं। भारत ईकॉनामी में आगे बढ़ रहा है, जबकि पाकिस्तान आतंकवाद में आगे बढ़ रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया है कि टेररिज्म, टॉक और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते हैं और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने में भारत सक्षम है।'

**परेशानी**

## 102 और 108 सेवा के 1400 कर्मचारी 24 घंटे रहे हड़ताल पर, प्रदेशभर में दिए धरने

# इमरजेंसी में एंबुलेंस न मिलने से और बढ़ा मरीजों का दर्द

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बुधवार को किसी भी मरीज को इमरजेंसी में एंबुलेंस सेवा नहीं मिल पाई। 102 और 108 एंबुलेंस के 1400 कर्मचारी मंगलवार रात 8 बजे से लेकर बुधवार रात 8 बजे तक 24 घंटे की हड़ताल पर रहे। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों, शिमला में एनएचएम दफ्तर और सेवा प्रदाता कंपनी के धर्मपुर स्थित दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। हड़ताल की वजह से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।





शिमला में मांगों को लेकर कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन करते एंबुलेंस कर्मचारी।

### एंबुलेंस कर्मियों की तीन प्रमुख मांगें

**एंबुलेंस** कर्मचारियों की तीन प्रमुख मांगे हैं। पहली नौकरी से निकाले गए 14 कर्मचारियों की बहाली। दूसरी ट्रांसफर किए गए कर्मियों को पहले के स्टेशन पर रखना और तीसरी मांग जनवरी 2020 के हाईकोर्ट के ऑर्डर के मुताबिक मानदेय देना।

### कोर्ट के आदेशानुसार मानदेय मांग रहे

एंबुलेंस कर्मी लंबे समय से कोर्ट के आदेशों के मुताबिक न्यूनतम मानदेय की मांग कर रहे हैं, मगर इनकी मांग को अनदेखा किया जा रहा है।10 से 15 साल की नौकरी के बावजूद इन्हें लगभग 11 हजार 300 रुपए मासिक मानदेय दिया जा रहा है।

### सीटू के बैनर तले बनाई यूनियन

**एंबुलेंस** कर्मचारियों ने बीते दिनों सीटू के बैनर तले यूनियन का गठन किया था, ताकि अपने हकों की लड़ाई लड़ी जा सके। इसके बाद एंबुलेंस सेवाप्रदाता कंपनी ने कुछ कर्मचारियों को नौकरी से निकाला है और कुछ को ट्रांसफर किया है।

#### पहले ही बता दिया था हड़ताल के बारे में

**एंबुलेंस** कर्मचारी यूनियन के महासचिव बालकराम ने बताया कि उन्होंने पहले ही कंपनी को हड़ताल का नोटिस दे दिया था, मगर कंपनी ने उनकी मांगें नहीं मानी। इससे उन्हें मजबूरन हड़ताल पर जाना पड़ा है। वहीं, एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन ऊना के उपप्रधान कुलबीर सिंह ने बताया कि कर्मचारियों की तरफ से बार-बार कंपनी के समक्ष मांगों को उठाया गया है, बावजूद इसके कंपनी पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है।

#### कंपनी की मनमानी के खिलाफ लड़ेंगे लड़ाई : विजेंद्र मेहरा

**सीटू** नेता विजेंद्र मेहरा ने बताया कि एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी हिमाचल प्रदेश के हाईकोर्ट के आदेशों के बावजूद न्यूनतम मानदेय नहीं दे रही है। कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है और कुछ को ट्रांसफर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के हितों के खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। कंपनी की मनमानी अब नहीं चलेगी। यूनियन की ओर से इसके खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### ‘साथी’ अभियान से होगी बेसहारा बच्चों की पहचान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सभी बेसहारा बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें कानूनी पहचान प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ‘साथी’ के तहत हमीरपुर जिले में भी 26 जून तक सभी बेसहारा बच्चों की पहचान की जाएगी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि ‘साथी’ अभियान का उद्देश्य बेसहारा बच्चों की पहचान करना, उन्हें सहायता प्रदान करना, आधार नामांकन, कानूनी सहायता और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है, ताकि कोई भी बच्चा कानूनी पहचान और अधिकारों से वंचित न रह सके। कुलदीप शर्मा ने सभी जिलावासियों से अपील की है कि अगर उन्हें किसी बेसहारा बच्चे का पता चलता है तो वे तुरंत प्राधिकरण के ध्यान में लाएं, ताकि उसे भी ‘साथी’ अभियान में कवर किया जा सके।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर काटे चालान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस ने यातायात प्रभारी एसआई नरेश कुमार के नेतृत्व में नादौन बस स्टैंड व आसपास अनेक वाहनों के दस्तावेज जांचे, जिसमें से नियमों की अवेहलना करने पर चालान काटे। इस दौरान नगर परिषद नादौन के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। हमीरपुर के एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने यातायात नियमों की अवेहलना करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत नादौन में आइडल पार्किंग व यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 वाहनों के चालान काटे हैं। उन्होंने वाहन चालकों को हिदायत दी है कि वे यातायात नियमों की पालना करें। यातायात नियम वाहन चालकों व जनता की सुरक्षा के लिए ही बनाए गए हैं। विशेषकर दौपहिया वाहन चलाने समय हेलमेट व चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं।

### आर्यभट्टा सदन ने जीता कबड्डी का खिताब




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर हमीरपुर में अंतर सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में रमन सदन, आर्यभट्टा सदन, बोस सदन व भाभा सदन के खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला आर्यभट्टा सदन और रमन सदन में हुआ। इसमें रमन सदन के खिलाड़ियों ने बोस सदन के खिलाड़ियों को 38-37 के कड़े मुकाबले में पटकनी दी। प्राचार्य शशि बाला ने छात्रों के साथ-साथ खेल अध्यापकों रेणु शर्मा, सुनील कुमार, राकेश राय, जितेंद्र व हिमांशु को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### पेंशनर्स संघ के जिला इकाई प्रधान ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ के हमीरपुर जिला इकाई के संपन्न हुए चुनाव में जिला प्रधान पद पर निर्विरोध सातवीं बार चुने जाने पर पेंशनरों की सेवा करने का मौका प्रदान करने हेतु केसी गौतम जिला प्रधान ने सभी जिला काउंसिल सदस्यों (डेलीगेट), चुनाव प्रक्रिया में प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक रत्न डोगरा, वेद प्रकाश पाठक व सुभाष चंद शर्मा, चुनाव सभा में उपस्थित संघ संस्थापक बीडी शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, निर्माण कमेटी अध्यक्ष सालीग्राम ठाकुर, प्रदेश, जिला, खंडों के पदाधिकारी एवं समस्त पेंशनरों का आभार प्रकट किया है। केसी गौतम ने पेंशनरों से अपील की कि जब भी किसी सदस्य को कोई समस्या आए या किसी विभाग में उनके पेंशन संबंधी मामला की अनदेखी हो रही हो या उचित व्यवहार न हो रहा हो, ऐसी अवस्था में आप खंड, जिला व प्रदेश स्तर पर तथ्यों, आवश्यक दस्तावेजों सहित लिखित में पदाधिकारियों को दें ताकि संघ पदाधिकारी आपके कार्य समस्या के हल हेतु अविलंब संबंधित कार्यालय से मामला उठाया जा सके। संघ सुदृढ़ीकरण व गतिविधियों के सुचारु संचालन हेतु समस्त पेंशनरों का साथ व सहयोग सदैव अपेक्षित रहेगा। पुनः सभी सदस्यों का बहुत बहुत धन्यवाद।

### झंडा रस्म से शुरू हुआ भोटूशाह मेला



**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में भोटूशाह की मजार पर झंडा रस्म निभाने के बाद भोटूशाह के मेले का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी के चलते बहुत कम लोग अपने घरों से निकले। क्षेत्र वासियों ने लोगों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए जगह जगह मीठे ठंडे पानी की छबीले लगाई ताकि लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सके।

### हमीरपुर बाईपास और गौड़ा में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत बाईपास पर स्थापित किए गए नए ट्रांसफार्मर और एचटी लाइन के कार्य के चलते 29 मई को बाईपास पर हमीरपुर पब्लिक स्कूल, मोरिंगा मॉल, अप्पर गौड़ा, मिडल गौड़ा, लोअर गौड़ा, रिलायंस टॉवर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

# एंबुलेंस स्टाफ ने निकाली रोष रैली

## कंपनी व प्रदेश सरकार के खिलाफ किया अपनी मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश 102 व 108 एबुलेंस कर्मचारियों ने 24 घंटे के लिए एबुलेंस सेवाएं बंद कर दी हैं, जिसके चलते मंगलवार शाम से बुधवार 8 बजे तक किसी को भी एबुलेंस सेवाएं नहीं दीं। 102 व 108 एबुलेंस कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू ने अपनी मांगों को लेकर कंपनी व सरकार के समक्ष उठा रहे हैं, लेकिन इनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यही वजह है कि मंगलवार रात 8 बजे से ही ये कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर रहे।




एंबुलेंस स्टाफ ने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से गांधी चौक तक निकाली रोष रैली।

बुधवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर के बाहर एंबुलेंस स्टाफ कर्मचारी इकट्ठा हुए और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद कर्मचारियों ने मेडिकल कॉलेज हमीरपुर अस्पताल से लेकर सचिवालय तक रैली निकाली। इस रैली को सीटू के जिला अध्यक्ष प्रताप राणा जिला सचिव जोगिंद्र कुमार ने संबोधित किया। गौर रहे कि एंबुलेंस के स्टाफ ने स्पष्ट किया है कि पिछले 14 वर्षों से उन्होंने लोगों की सेवा की है, लेकिन सरकार ने इस सेवा को हमेशा अनदेखा करते हुए इसकी मैनेजमेंट कंपनी को दी है। पहले जीवीके कंपनी ने इन लोगों का शोषण किया, अब मेडसवान कंपनी इनका शोषण कर रही है। सरकार से बात करने पर इन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं, इसलिए हर तरफ से हातास होकर स्टाफ के लोग अब प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं।

**14 साल से दे रहे सेवाएं :** बता दें कि ये कर्मचारी 14 साल से स्वास्थ्य विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, परंतु आज भी इन्हें न्यूनतम वेतन नहीं मिला। प्रतिदिन 12 से 18 घंटे काम करने के बाद कोई ओवरटाइम नहीं दिया जाता है। यही नहीं समय पर वेतन नहीं मिलता है और न ही सैलरी स्लिप दी जाती है। कर्मचारियों के ईपीएफ का कोई अता पता नहीं है, कई बार कर्मचारी अपनी मांगों को कंपनी, विभाग और सरकार के स्तर पर उठा चुके हैं परंतु आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिला।

**लेबर लॉ के हिसाब से नहीं मिलती सैलरी :** एंबुलेंस स्टाफ का कहना है कि जब भी नई कंपनी को काम मिलता है तो सबसे पहले कर्मचारियों को बाहर निकालने का ही काम किया जाता है। एंबुलेंस स्टाफ से 12 घंटे की ड्यूटी ली जाती है और लेबर लॉ के हिसाब से सैलरी नहीं दी जाती है। एंबुलेंस स्टाफ की मांग है कि ड्यूटी 8 घंटे ली जाए। भविष्य में कोई भी कंपनी हमारे किसी भी साथी को बिना कारण न निकला जाए, हमारे एरियर का भुगतान किया जाए, हमारे निकाले हुए साथियों को वापस लिया जाए।

### आर-पार की लड़ाई का बनाया मन

एंबुलेंस कर्मचारियों ने अब देश के कानून के दायरे में मिलने वाली सुविधाओं को हासिल करने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है और उसी कड़ी में ये एक दिन की हड़ताल की जा रही है। इस धरना प्रदर्शन को यूनियन के अध्यक्ष राजेश कुमार और सचिव अनुपमा ने भी संबोधित किया और देश के कानूनों के अनुसार मिलने वाले न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम, समय पर वेतन अदायगी, ईपीएफ देने की मांग दोहराई। अभी तक एक दिन ही सेवाएं बंद करने का निर्णय लिया गया है। यदि हमारी मांगों को पूरा नहीं किया तो आगे की रणनीति तैयार कर एंबुलेंस सेवाएं प्रभावित की जाएंगी।

**ये रहे मौजूद :** प्रदर्शन में अमित, मनोज, स्माइली, नरेश सहित कई अन्य लोग शामिल हुए और मांगों को पूरा करने तक अपनी लड़ाई लड़ने का संकल्प दोहराया।

# सुजानपुर में निर्धारित समय से 20 मिनट पहले ही खड़ी हो सकेंगी बसें

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

▶ उपमंडलाधिकारी (ना.) ने भीड़ को देखते हुए दिए निर्देश

रूट के निर्धारित समय से 20 मिनट पूर्व ही बस स्टैंड सुजानपुर में बसें आकर खड़ी हो जाएंगी। इससे पहले बाकी बचे समय में बस चालक प्रस्तावित बस स्टैंड में पार्किंग में बसें खड़ी कर सकते हैं। यातायात सुविधा को बनाए रखने को लेकर उपमंडल अधिकारी नागरिक द्वारा आदेश जारी कर दिए हैं। बस स्टैंड सुजानपुर की सड़क वाहनों की बढ़ती संख्या व आगमन के चलते छोटा पड़ता जा रहा है।

हालांकि नगर परिषद सुजानपुर के वार्ड चार में प्रस्तावित बस स्टैंड का शिलान्यास मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने होली उत्सव के दौरान किया है, जहां पर इसका निर्माण किया जाना है। लंबे समय से बस स्टैंड मुख्य बाजार के साथ है, जहां पर बसें खड़ी होती हैं, लेकिन बढ़ते वाहनों की संख्या तथा साथ मुख्य सड़क होने के चलते अक्सर सड़क में जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार स्कूल के समय निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बसों के ठहराव को लेकर काफी समय होता है, जिस कारण बस स्टैंड में ही लंबे समय तक बसें खड़ी की तो वहां भीड़ की स्थिति बन जाती है।

इसी व्यवस्था को स्थापित करने को लेकर उपमंडल अधिकारी नागरिक द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि बस स्टैंड में निर्धारित रूट के समय से 20 मिनट पहले ही बसें आकर खड़ी हों तथा लंबे समय तक रुकने वाली बसें प्रस्तावित बस स्टैंड में खड़ी रह सकती हैं। उपमंडल अधिकारी नागरिक विकास शुक्ला ने बताया कि बाकायदा से पत्र जारी किया गया है ताकि यातायात सुविधा बनी रहे और लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। सुजानपुर प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि जनहित को लेकर कदम उठाएं तथा शहर में व्यवस्थाओं को स्थापित करने तथा सफाई व्यवस्था में विशेष ध्यान दें।

# प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सजग : भारती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल में जब उनके काफिले में उनके सिक्योरिटी स्टाफ द्वारा एक आईपीएस अधिकारी के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया गया था, तब उन्होंने इस मामले में क्या कार्रवाई की थी, इसकी जानकारी प्रदेश की जनता को दी जाए। यह बात कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती ने कही।



उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार विमल नेगी के मामले में पूरी पात्रता से जांच करवा रही है, जिसमें कहीं कोई रुकावट नहीं है। भाजपा इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति कर रही है। भारती ने कहा कि भाजपा के मंडी से सांसद रहे रामस्वरूप शर्मा की मौत किन कारणों से हुई थी, इस पर से पर्दा आज तक नहीं उठ पाया है। इसकी जांच तत्कालीन भाजपा सरकार ने क्यों नहीं करवाई थी, जबकि रामस्वरूप शर्मा का परिवार इस मामले में सीबीआई जांच करवाने की मांग करता रहा।

प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सजग है। यही वजह है कि जहां पर भी कानून का उल्लंघन हुआ है, वहां सीएम ने डीजीपी, अतिरिक्त मुख्य सचिव और एसपी तक पर कार्रवाई की है।

# राजेश कुमार ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** जलशक्ति विभाग सुजानपुर में राजेश कुमार ने बतौर एसडीओ का पद भार संभाल लिया है। इससे पहले वह सब डिवीजन ऊना में इसी पद पर तैनात थे। सुजानपुर में कार्यरत पहले एसडीओ का तबादला यहां से हो गया था। इसके बाद उन्होंने यह कार्यभार संभाला है। वह जलशक्ति सब डिवीज़न अंब में बतौर जेई 8 वर्ष कार्य कर चुके हैं।



लोगों की समस्याएं हल करवाना उनका पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल संबंधी कोई भी समस्या हो तो वह सीधा उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि पेयजल को व्यर्थ न गंवाएं।

# ‘एलईपी’ से छात्रों के सीखने के स्तर में किया सुधार

**अनंत ज्ञान, नादौन**

हमीरपुर जिले में समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश, कन्वजीनियस और न्यू एरा ग्राफिक्स के सहयोग से आयोजित किए जा रहे लर्निंग एन्हांसमेंट प्रोग्राम (एलईपी) डायग्नोस्टिक असेसमेंट का पहला दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आकलन 30 मई और 31 मई को आयोजित किया जाएगा, जिसमें छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

पहले दिन, कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों ने गणित विषय का और कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय का आकलन दिया। जिलेभर के कुल 271 स्कूलों ने इस आकलन में भाग लिया, जिनमें 100 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, 63 हाई स्कूल और 108 मिडिल स्कूल हैं। इस आकलन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए जिला समन्वयक पुनीत कुमार ने बताया कि एलईपी का मुख्य उद्देश्य छात्रों के सीखने के स्तर में सुधार लाना है, विशेष रूप से उन छात्रों के लिए जो शैक्षणिक रूप से पिछड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को उनकी कक्षा के अनुसार आवश्यक दक्षताओं तक पहुंचाने के लिए विशेष शिक्षण सामग्री और रणनीतियां प्रदान करता है।

उन्होंने बताया कि यह टेस्ट ओसीआर (ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन) तकनीक का उपयोग करके लिया गया है। विद्यार्थियों द्वारा भरी गई ओसीआर शीट को स्कूलों के शिक्षक स्विफ्ट चैट से स्कैन करेंगे। यह प्रक्रिया मूल्यांकन को तीव्र, सटीक और सुलभ बनाएगी, जिससे छात्रों की प्रगति को प्रभावी ढंग से ट्रैक किया जा सके और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके।

यह डायग्नोस्टिक असेसमेंट छात्रों की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का पता लगाने और उनकी कमजोरियों की पहचान करने में मदद करेगा, ताकि भविष्य में उन्हें लक्षित सहायता प्रदान की जा सके और उनके सीखने के परिणामों में सुधार लाया जा सके। अगले दो दिनों में भी शेष विषयों के आकलन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किए जाएंगे।

# एनएसयूआई ने पंचायत स्तर पर शुरू किया ‘युवान’ कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में युवाओं को जागरूक, संगठित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से एनएसयूआई ने युवान, एक क्रांति, एक चुनौती नामक विशेष कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस महत्वाकांक्षी अभियान की शुरुआत बुधवार को हमीरपुर जिले से की गई, जिसमें एनएसयूआई हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष टोनी ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के तहत एनएसयूआई ने पंचायत स्तर पर युवाओं से सीधा संवाद स्थापित करने, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता फैलाने तथा युवाओं को संगठनात्मक रूप से जोड़ने की मुहिम शुरू की है। इस अवसर पर टोनी ठाकुर ने कहा कि



युवान, एक क्रांति, एक चुनौती कार्यक्रम के शुभारंभ पर एनएसयूआई के पदाधिकारी।

हिमाचल का युवा अब सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि बदलाव का वाहक बनेगा। ‘युवान’ अभियान का उद्देश्य है युवाओं की आवाज को पंचायत से संसद तक पहुंचाना और उन्हें नेतृत्व के लिए तैयार करना।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला और ब्लॉक स्तर पर संगोष्ठियां, जागरूकता अभियान, युवा संवाद और सामाजिक कार्यों से जुड़े इवेंट आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर उनके साथ जिलाध्यक्ष शिवांशु धीमान सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे। एनएसयूआई का यह प्रयास प्रदेशभर के युवाओं को प्रेरित करेगा और उन्हें सकारात्मक दिशा में संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# मॉक एक्सरसाइज को गंभीरता से लें अधिकारी : अमरजीत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 6 जून को भूकंप जैसी आपदा पर आयोजित होने वाली प्रदेशव्यापी मॉक एक्सरसाइज को गंभीरता से लें और इस संबंध में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी सभी दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करें।

बुधवार को यहां हमीर भवन में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने ये निर्देश दिए।

# बमसन के 8 पंचायत प्रधानों ने विकास खंड भोरंज में शामिल करने का जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर,**

विकास खंड बमसन की 8 पंचायतों समीरपुर, पंजोत, दरव्यार, बराड़ा, बगवाड़ा, दाढ़ी, टिक्कर खत्रियां और दिम्मी को विकास खंड भोरंज में शामिल करने अथवा किसी नए विकास खंड में स्थानांतरित करने की संभावित योजना के विरोध में पंचायत प्रतिनिधियों ने जिलाधीश हमीरपुर को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधियों ने बताया कि उक्त पंचायतें पहले से ही बमसन विकास खंड तथा तहसील बमसन टौणी देवी के अंतर्गत आती हैं और इनका मुख्यालय से फासला मात्र 4 से 5 किलोमीटर है। इसके अतिरिक्त, सभी पंचायतें राष्ट्रीय राजमार्ग 3 के किनारे स्थित हैं, जहां नियमित रूप से हर 10 मिनट में बस सेवा उपलब्ध है।

प्रधानों ने उपायुक्त से निवेदन किया गया कि जनसुविधा और क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए इन पंचायतों की वर्तमान प्रशासनिक स्थिति को यथावत रखा जाए। इस अवसर पर समीरपुर पंचायत प्रधान चंद्रमोहन, बराड़ा पंचायत प्रधान अनिल, पंजोत पंचायत के प्रधान चमन, बगवाड़ा पंचायत प्रधान देशराज, समीरपुर पंचायत उपप्रधान अश्वनी गथानिया, दरव्यार पंचायत प्रधान अंजना, टिक्कर खत्रियां पंचायत की प्रधान नीलम अरोड़ा, दाढ़ी पंचायत के उपप्रधान मिलाप चंद और दिम्मी पंचायत के उपप्रधान राकेश कुमार उपस्थित रहे।

# किशोरावस्था में उचित मार्गदर्शन व सहयोग आवश्यक : डॉ. रजीत



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में बुधवार को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और किशोर कल्याण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के मनोचिकित्सक डॉ. रजीत ने कक्षा 8वीं और 9वीं के छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और किशोरों के कल्याण को लेकर जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था एक संवेदनशील लेकिन महत्वपूर्ण चरण है। सत्र की शुरुआत में डॉ. रजीत ने किशोरावस्था के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे तेजी से होने वाले भावनात्मक, शारीरिकि और मानसिक विकास का एक अहम दौर बताया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस चरण को सकारात्मक दिशा देने के लिए उचित मार्गदर्शन और सहयोग अत्यंत आवश्यक है। दूसरा चर्चा का विषय है अत्यधिक स्क्रीन समय और डिजिटल लत पर चेतावनी सत्र का एक बड़ा हिस्सा छात्रों को अत्यधिक स्क्रीन समय, विशेष रूप से इंटरनेट गेमिंग और वेब सीरीज के बढ़ते प्रभाव से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने पर केंद्रित था। छात्रों को माता-पिता के मार्गदर्शन और देखरेख में अपने स्क्रीन समय को कम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। चर्चा में नशे की लत जैसे गंभीर मुद्दे को भी शामिल किया गया। सत्र के अंत में डॉ रजीत ने छात्रों से आग्रह किया कि वे निरंतर आत्म-देखभाल की आदतों को अपनाएं। उन्होंने रोजाना खेलकूद में भाग लेने और अपने दैनिक जीवन में सरल विश्राम अभ्यास शामिल करने की सलाह दी ताकि वे भावनात्मक रूप से स्वस्थ रह सकें। अंत में, यह सत्र मानसिक स्वास्थ्य के प्रति छात्रों को शिक्षित और सशक्त बनाने की एक सार्थक पहल साबित हुआ।

# मुख्यमंत्री सुक्खू के दौरे को लेकर तैयारियों में जुटी कांग्रेस

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** मुख्यमंत्री 1 जून को बड़सर विधानसभा के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान विस क्षेत्र में करोड़ों रुपए से बनकर तैयार हो चुकी विकासात्मक योजनाओं का लोकार्पण करेंगे साथ विस क्षेत्र के लिए प्रस्ताबित करोड़ों रुपए की योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर प्लान भी तैयार कर लिया है। जानकारी देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन कालिया ने बताया कि नवनिर्मित हैलिपेड



ताल स्टेडियम को जाने वाली सड़क को किया जा रहा दुरुस्त।

बुंबलू का उद्घाटन, बणी में स्वास्थ्य भवन का उद्घाटन, मिनी सचिवालय का मैहरे में उद्घाटन कर मुख्यमंत्री अग्निशमन केन्द्र बिझड़ी का उद्घाटन कर वहीं से क्षेत्र की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे। बिझड़ी के ताल स्टेडियम में भारी जनसभा को संबोधित कर लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह बिझड़ी में लोगों की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही उनका हल करेंगे। मुख्यमंत्री दियोटसिद्ध में बाबा जी का आशीर्वाद लेने के बाद रात को पिछड़ी पंचायत रैली जजरी में रुकेंगे।

### घोषणा के बावजूद सिविल अस्पताल बड़सर को नहीं मिली 100 बेड की सुविधा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र की 49 पंचायतों के वाशिंदों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने वाला एकमात्र सिविल अस्पताल जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दो वर्ष पहले 100 बेड का अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। आज तक नोटिफिकेशन न हो पाने से बड़सर की जनता अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। मुख्यमंत्री के 1 जून को बड़सर के दौरे पर आने से लोगों में आस बंधी है कि मुख्यमंत्री इस बार जरूर जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए बड़सर अस्पताल को सौगात हैं। बड़सर सिविल अस्पताल में रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स की कमी के चलते लोगों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, साथ में कई बार अस्पताल में बेडों की कमी के चलते मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बड़सर विधानसभा क्षेत्र की समस्त पंचायतों के प्रधानों, पंचायत प्रतिनिधियों और लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से पुरजोर मांग की है कि अपने बड़सर दौरे के दौरान लोगों की इस चिरलंबित मांग पर अवश्य गौर करें। बड़सर अस्पताल को 100 बेड का अस्पताल बनाने की नोटिफिकेशन जारी करें ताकि बड़सर क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें और उन्हें निजी अस्पतालों से निजात मिल सके।

## देरी — 8 माह से अधर में क्यों लटका है दोसड़का उठाऊ पेयजल योजना का काम

# मशीनरी इंस्टॉल, बिजली का कनेक्शन कब मिलेगा?

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के दोसड़का इलाके के लिए तैयार की जा रही नई योजना का पानी हमीरपुर कब पहुंचेगी? यह सवाल इसलिए है क्योंकि बरसों पहले शुरू हुए इस योजना के काम को पिछले 8 महीनों से अधर में छोड़ दिया गया है। जब काम ही मकम्मल नहीं होगा, तो फिर योजना चालू कैसे होगी? लोगों की प्यास कैसे बुझेगी?

शहर के हीरा नगर स्थित स्थान पर सालों पहले टैंक का निर्माण हो गया था। उसी में इस योजना का पानी डाला जाना था। योजना की राइजिंग मेन तो डल चुकी है, मगर 700 मी पाइपलाइन डाली जानी है। उसका काम महीनों से अटका पड़ा है।



बाहर जगह-जगह ऐसे ही पाइपें बिखरी पड़ी हैं।

### असली मसला पैसे का

असली मसला पैसे का है, क्योंकि योजना के मकम्मल करने में पैसे की जरूरत है। उसकी कमी लंबे समय से महसूस हो रही है। अधिकारियों ने अभी तक यहां जो कार्य किया है, वह भी इसलिए सवालों के घेरे में है। उम्मीद यही जताई जा रही है कि यदि दिलचस्पी किसी एक भी अधिकारी ने दिखाई, तो फिर योजना शुरू करने में ज्यादा देर नहीं लगेगी, लेकिन जहमत उठाएगा कौन? यही यक्ष प्रश्न है।

### पंपिंग मशीनरी बनी शोपीस



हीरानगर में एक शेड बनाकर उसमें पंपिंग मशीनरी भी इंस्टॉल कर दी गई थी, लेकिन बड़ी विडंबना यह है कि इस मशीनरी को विद्युत के जिस करंट की जरूरत थी, उसके लिए काम नहीं हुआ। इसलिए यह सारी पंपिंग मशीनरी शोपीस बनी हुई है।

### थोड़ा इंतजार करें : एसडीओ

एसडीओ राकेश कुमार का कहना है कि इस पर काम शुरू होने वाला है। जल्दी ही इस योजना का रूप स्वरूप सामने आ जाएगा, थोड़ा इंतजार करो।

# मॉनसून सीजन के लिए हों आवश्यक प्रबंध : डीसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अध्यक्ष अमरजीत सिंह ने सभी प्रशासनिक और विभागीय अधिकारियों को आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर एहतियात के तौर पर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मॉनसून सीजन के दौरान किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों के संबंध में बुधवार को यहां हमीर भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में बाढ़, जलभराव और भूस्खलन की आशंका वाले स्थानों को पहले ही चिह्नित कर लें और संबंधित विभागों की मशीनरी तथा अन्य संसाधनों की मैपिंग करें।

# भारतीय सेना के पराक्रम को किया नमन

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** भारतीय जनता पार्टी नादौन मंडल द्वारा भारतीय सेना के अद्भुत पराक्रम ‘ऑपरेशन सिंदूर’ की सफलता के उपलक्ष्य में बुधवार शाम को नादौन बाजार में पतन बाजार से इंद्रपाल चौक तक भव्य तिरंगा शौर्य एंव सिंदूर यात्रा निकाली गई।

भाजपाइयों ने जहां भारतीय सेना जिंदाबाद और पाकिस्तान मुर्दावाद के नारे लगाए। इस यात्रा में भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे बाजार में ‘भारत माता की जय’ तथा भारतीय सेना जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए गए। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों व उनके ठिकानों को जिस प्रकार से नष्ट किया है, वह



नादौन भाजपा मंडल के कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा निकालते हुए।

भारतीय नेतृत्व और सेनाबल का प्रतीक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह राष्ट्र के लिए गौरव की बात है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र पठानिया ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से देशवासियों में उत्साह और गर्व की भावना जागृत हुई है। भाजपा नादौन मंडल द्वारा आयोजित यह यात्रा न केवल वीर सैनिकों को सम्मान देने का प्रतीक बनी, बल्कि युवाओं में देशभक्ति की भावना भी प्रबल हुई। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री सुरेंद्र शर्मा छिंदा, सुरेश कुमार, अजमेल वर्मा, भाजपा नेता तरुण कपिल, यशपाल धीमान, तरसेम कपिल, नीरज जैन, रजेश रिंकू, अवनीश जंवाल, वीना कटोच, प्रवीण कुमार, नवीन, केश्व गोस्वामी सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

## पांवटा के किशनपुरा में 16 लीटर अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम ने एएसआई दिनेश कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए 16 लीटर अवैध शराब बरामद की है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस टीम ने किशनपुरा गांव, डाकघर जामनीवाला निवासी अच्छर कुमार पुत्र गीता राम के रिहायशी मकान पर दबिश दी। तलाशी के दौरान मौके से 16 लीटर अवैध शराब बरामद की और अच्छर कुमार को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह अवैध शराब कहां से लाता था और किसे बेचता था। मामले से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है। एसपी सिरमौर निश्चल सिंह नेगी ने कहा कि जिले में अवैध शराब के कारोबार को खत्म करने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके।

## आग से 4 कमरों का मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ठियोग।** शिमला के ठियोग उपमंडल में मंगलवार देर रात शॉर्ट सर्किट से लगी आग में घोडना गांव के पांच परिवारों के 14 कमरों का मकान जलकर राख हो गया, जिससे वे बेघर हो गए। पास का एक और दो कमरों का मकान भी आग की चपेट में आ गया। इस घटना में कुल 25 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। हालांकि, कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों की तत्परता और अग्निशमन विभाग की समय पर कार्रवाई से पास के देवी रायरो मूल मंदिर और पूरे गांव को बचाया जा सका। प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को 5-5 हजार रुपए की फौरी राहत दी है।

## कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मैहतपुर कस्बे में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां कार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामपाल उर्फ कालिया पुत्र छोटे लाल निवासी वार्ड नंबर-6 नगर परिषद मैहतपुर बसदेहड़ा अपनी साइकिल पर औद्योगिक क्षेत्र मैहतपुर से बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक राजस्थान नंबर की कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और काफी दूर तक घसीटते हुए ले गई। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर कार चालक रुका। इसके बाद घायल रामपाल को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मैहतपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ऊना क्षेत्रीय अस्पताल भेजा गया। एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू है।

## हाईकोर्ट ने एचआरटीसी को दिया झटका

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने एचआरटीसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए 9 कर्मचारियों को 8 साल की अस्थायी सेवा पूरी होने के बाद नियमित करने का आदेश दिया है। अदालत ने निगम को इन कर्मचारियों को याचिका दायर करने की तिथि से तीन साल पहले तक के वित्तीय लाभ देने का भी निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ ने एक साथ 9 याचिकाओं का निपटारा करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य या उसके उपक्रम नागरिकों के अधिकारों के संरक्षक होने के बावजूद, सार्वजनिक रोजगार में शोषणकारी तरीके अपनाते हैं। जो नियमों के खिलाफ है।

**नौ कर्मियों को नियमित करने का दिया आदेश**




# विमल नेगी मामले में राजभवन पहुंची भाजपा, कहा–नष्ट न हों सबूत

## जयराम ठाकुर की अगुवाई में राज्यपाल से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अगुवाई में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात कर सरकार की कार्यप्रणाली पर कई आरोप लगाए। उनके साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन और समस्त सांसद, विधायक उपस्थित रहे।

भाजपा ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि वह भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है, ईमानदार अधिकारियों को हाशिए पर धकेल रही है और आपराधिक घटनाओं पर ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। जयराम ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया से बात करते हुए 26 मई को मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा उच्च न्यायालय के एक निर्णय पर की गई टिप्पणी को न्यायालय की अवमानना बताया। मुख्यमंत्री ने जांच टीम में हिमाचल कैडर के अधिकारियों को शामिल न करने के उच्च न्यायालय के फैसले पर असहमति जताई थी, जिसे जयराम ने उनकी 'हताशा और अहंकार' का प्रतीक बताया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार सीबीआई जांच को स्वीकार तो करती है, लेकिन तथ्यों से लगता है कि वह इसमें सहयोग नहीं कर रही। उन्होंने कई मामलों में सबूतों से छेड़छाड़ और उन्हें नष्ट करने के प्रयासों का जिक्र किया।



राजभवन में भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मिला हुआ।

भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार ने अतिरिक्त मुख्य सचिव की रिपोर्ट को नजरअंदाज किया, महत्वपूर्ण तथ्यों को दबाने की कोशिश की और आरोपियों को संरक्षण दिया, जिससे उन्हें अग्रिम जमानत लेने का समय मिल गया।

उन्होंने दो वरिष्ठ अधिकारियों से उनके विभाग छीनने का भी आरोप लगाया, जिनकी रिपोर्ट से महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई थी। उन्होंने कहा कि शिमला एसपी की प्रेस वार्ता मुख्यमंत्री की अनुमति से हुई प्रतीत होती है।

### भाजपा ने राज्यपाल से की ये मांगें

- विमल नेगी की मृत्यु से संबंधित सबूतों से छेड़छाड़ न हो और न ही उन्हें नष्ट किया जाए।
- उच्च न्यायालय में पुलिस महानिदेशक और अन्य रिपोर्टों में सबूतों से छेड़छाड़ के साक्ष्य पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।
- पुलिस अधीक्षक शिमला द्वारा उच्च अधिकारियों पर लगाए गए आरोपों की सीबीआई जांच करवाई जाए।
- सीबीआई जांच का दायरा बढ़ाकर हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन में व्याप्त भ्रष्टाचार की भी जांच करवाई जाए, या इसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से करवाई जाए।
- अफसरशाही में अनुशासन लाने के लिए पुलिस अधीक्षक शिमला को बर्खास्त किया जाए।

इंजीनियर विमल नेगी की मौत का मामला

## सीबीआई जांच में पूर्ण सहयोग करेगी सरकार : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने एक पत्रकार वार्ता में स्पष्ट किया कि राज्य सरकार दिवंगत इंजीनियर विमल नेगी के परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीबीआई को इस मामले की जांच में हर स्तर पर पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।



उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू के इस मामले में अधिकारियों के खिलाफ की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति कानून तथा सेवा नियमों से ऊपर नहीं है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उच्च न्यायालय द्वारा सीबीआई को मामले की जांच सौंपने के निर्णय को स्वीकार करती है और जांच एजेंसी को पूरा सहयोग देगी।

### राजनीतिक लाभ लेने के लिए मुद्दों को उछाला जा रहा

विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुआ कहा कि इनकी कार्यशैली में उतावलापन दिखाई देता है और उन्होंने जल्दबाजी में 'आधारहीन तथ्यों' को पेश करते हुए सरकार के खिलाफ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने भाजपा पर केवल राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दों को उछालने का आरोप लगाया।

### कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल करेगी पूरा

**मंत्री** ने दृढ़ता से कहा कि सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी और भाजपा की राजनीतिक चालों से सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भाजपा ने केवल राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दों को उछालने का काम किया है।

## भरेड़ी में रंजिश पर सरिया कारोबारियों में खूनी झड़प

### रॉड और डंडों से दो भाइयों ने पीटे दो भाई

**अनंत ज्ञान, जाहू**

भोरंज थाना के अंतर्गत भरेड़ी बाजार में दो गुटों में खूनी संघर्ष होने पर अफरा-तफरी मच गई। इस मामले में भोरंज थाना में मामला दर्ज कर लिया है।

घटना मंगलवार शाम को हुई जब पुनीत सोनी और सुमित सोनी दोनों भाई अपनी दुकान में बैठे थे कि अचानक यशपाल और घनश्याम ने दुकान में घुसकर दोनों पर रॉड व डंडों से हमला कर दिया, जिसमें सुमित सोनी के सिर व शरीर पर गहरी चोटें आईं। वह हमीरपुर अस्पताल में उपचाराधीन है, जबकि पुनीत सोनी को भी गहरी चोटें आई हैं। यशपाल और घनश्याम दोनों भाई भरेड़ी में ही सरिया और अन्य सामान की दुकान करते हैं और पुनीत सोनी और सुमित सोनी भी भरेड़ी में सरिया सीमेंट का काम करते हैं। जानलेवा हमले का कारण व्यापार को लेकर रंजिश बताई जा रही है।



हमले में घायल सरिया कारोबारी।

पुलिस टीम ने मौके पर जाकर लड़ाई झगड़े की गहनता से जांच की। दोनों गुटों ने क्रॉस एफआईआर दर्ज करवाई है। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि झगड़े में सुमित सोनी को गहरी चोटें आई हैं। पुलिस इस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।

## हिमाचल में 937 पदों पर होगी शिक्षकों की भर्ती : रोहित ठाकुर

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जा रहा जोर, 1800 से अधिक जेबीटी पदों को भी भरा जाएगा

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने रोहड़ू के सीजेड मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 'जेनिथ' कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं, जिसमें शिक्षकों के हजारों पदों को भरने की बात प्रमुख थी।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में टीजीटी आर्ट्स, मेडिकल और नॉन-मेडिकल के 937 पदों को राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरा जाएगा। इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके अतिरिक्त, 1800 से अधिक जेबीटी के पदों को भी आयोग के माध्यम से शीघ्र ही भरा जाएगा। उन्होंने जोर दिया कि पिछले दो वर्षों में शिक्षा विभाग में शिक्षकों के हजारों पद भरे गए हैं, जो सरकार की इस दिशा में गंभीरता को दर्शाता है।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सीजेड मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम 'जेनिथ' में अपने विचार रखते हुए।

उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि जल्द ही आने वाली नेशनल असेसमेंट सर्वे की रिपोर्ट में भी हिमाचल अच्छा प्रदर्शन करेगा।

शिक्षा मंत्री ने रोहड़ू के सीजेड मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित 'जेनिथ' कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने इस गंभीर समस्या को रोकने के लिए सभी वर्गों से एकजुट होकर प्रयास करने की अपील की।

## स्पैम कॉल्स और साइबर फ्रॉड पर ट्राई ने स्टूडेंट्स को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहना अब और भी जरूरी हो गया है। इसी जरूरत को समझते हुए भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने शिमला में एक महत्वपूर्ण उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया।

हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में हुए इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस अनचाही वाणिज्यिक कॉल्स (स्पैम) और साइबर धोखाधड़ी पर था, जिसका उद्देश्य छात्रों को इन खतरों से निपटने के लिए सशक्त करना था।

ट्राई के सलाहकार, विवेक खरे ने दूरसंचार उपभोक्ताओं के अधिकारों और ट्राई द्वारा की गई विभिन्न पहलों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विशेष रूप से अनचाही कॉल्स की शिकायत करने की प्रक्रिया और ट्राई के नियमों की जानकारी दी। खरे ने जोर दिया कि ऐसे कार्यक्रम एक सूचित, जिम्मेदार और सशक्त उपभोक्ता आधार बनाने की कोशिश है।



उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम में जानकारी देते ट्राई के अधिकारी।

कार्यक्रम में पहली प्रस्तुति हिमाचल प्रदेश पुलिस की साइबर सेल से साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ राम शर्मा ने दी, जिसमें उन्होंने साइबर धोखाधड़ी और साइबर अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को समझाया और ऑनलाइन खतरों से बचने के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए। दूसरी प्रस्तुति ट्राई क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली के विशेषज्ञ राजेश त्रिपाठी और हिमांशु गुप्ता ने दी, जिसमें दूरसंचार नीतियों और ट्राई की भूमिका पर प्रकाश डाला गया, जिसमें सेवा की गुणवत्ता, टैरिफ विनियमन और इंटरकनेक्शन समझौतों जैसे विषय शामिल थे।

वहीं, छात्रों को ट्राई के डीएनडी 3.0 ऐप को डाउनलोड करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया, जो स्पैम कॉल्स को रोकने में मदद करता है। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण सीख थी कि कैसे वे डिजिटल युग में खुद को सुरक्षित रख सकते हैं।

### छात्रों ने अपने संदेह और शिकायतें कीं साझा

**कार्यक्रम** के अंत में एक संवाद सत्र भी हुआ, जहां छात्रों ने अपने संदेह, प्रश्न और शिकायतें साझा कीं, जिन पर ट्राई और दूरसंचार कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रभावी ढंग से जवाब दिया।

## भरमौर में 17 जून से पहले स्वास्थ्य विभाग में सभी श्रेणियों के पद भरे विभाग

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, भरमौर।** हाईकोर्ट ने विधानसभा भरमौर में स्वास्थ्य विभाग में रिक्तियों और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सरकार और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी श्रेणियों के स्वीकृत पदों में से कम से 50 प्रतिशत पदों को 17 जून से पहले भरें। जानकारी देते हुए भरमौर के विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि उन्होंने भरमौर में चल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के मद्देनजर हाई कोर्ट में केस दायर किया था। जिस पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई की गई और विभाग को 50 फीसदी पद 17 जून से पहले भरने के आदेश दिए गए हैं।



उन्होंने हाईकोर्ट का आभार जताते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्टाफ के अभाव के चलते स्वास्थ्य व्यवस्था पटरी से पूरी तरह उतर गई है। सरकार के पास बार-बार गुहार लगाने के बाद भी सरकार यहां पर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाने में पूरी तरह से नाकामयाब रही है। गौरव तालाब है नागरिक अस्पताल भरमौर एक नर्स और एक डॉक्टर के सहारे चल रहा है। स्टाफ न होने के चलते यहां पर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए मीलों दूर जाकर मजबूरी में इलाज करवाना पड़ रहा है। विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि भविष्य में स्थानीय लोगों का समझौता नहीं करेंगे और लोगों के लिए लड़ाई आगे भी लड़ते रहेंगे।

## पंजाब ले जाई जा रही चीड़ की लकड़ी से लदा टैम्पो पकड़ा

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** बहुमूल्य वन संपदा की तस्करी कर प्रतिबंधित प्रजाति चीड़ के पेड़ की लकड़ी को पंजाब ले जाते वन विभाग की टीम ने एक टैम्पो को रंगे हाथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। हिमाचल प्रदेश में हरे चीड़ के पेड़ के कटान पर पूर्ण प्रतिबंध है, बावजूद इसके चीड़ के पेड़ों को काटकर इन्हें पंजाब की लकड़ी मंडियों में पहुंचाया जा रहा है। वन विभाग द्वारा इस बावत गगरेट पुलिस थाना में शिकायत पत्र देने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



जब्त किया चीड़ की लड़की से भरा टैम्पो।

वन खंड अधिकारी अशोक कुमार द्वारा गगरेट पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि मंगलवार रात्रि करीब साढ़े नौ बजे वन खंड अधिकारी ने वन रक्षक दिनेश कुमार, विक्रांत कुमार व बलदेव चंद के साथ अंबोटा-आशादेवी मार्ग पर नाका लगा रखा था कि रात करीब पौने दस बजे एक टाटा 407 टैम्पो अंबोटा की तरफ से आया। जब इसे रोककर इसकी पड़ताल की गई तो इसमें चीड़ के पेड़ की लकड़ी के मोच्छे पाए गए। टैम्पो चालक इस बावत कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। काबिले गौर है कि चीड़, आम व शीशम के पेड़ की लकड़ी प्रतिबंधित प्रजाति के पेड़ों की श्रेणी में आती है, जिसके कटान का परमिट भी वन विभाग जारी नहीं करता है। हालांकि कुछ प्रजातियां ऐसी हैं जिसकी लकड़ी का प्रयोग ईंधन की लकड़ी के रूप में किया जा सकता है और इनका कटान वन विभाग से परमिट लेकर किया जा सकता है

## पैट परीक्षा में शिमला की मन्नत व हमीरपुर का अनिकेत प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को बहुतकनीकी प्रवेश परीक्षा (पैट) का परिणाम घोषित कर दिया। परीक्षा का आयोजन 18 मई को करवाया गया था। प्रवेश परीक्षा 600 अंकों की थी, जिसमें प्रत्येक सही उत्तर को 4 अंक दिए गए हैं तथा गलत उत्तर का एक अंक काटा गया है। प्रवेश परीक्षा में 4215 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था, जिसमें हमीरपुर जिले के अनिकेत वर्मा व शिमला की मन्नत ने संयुक्त रूप से 540-540 अंक लेकर प्रथम स्थान हासिल किया है। जिला शिमला के त्रिभुवन नरेश शारता ने 521 अंक लेकर दूसरा व बिलासपुर जिला के अश्मित कुमार ने 515 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है।

तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव अशोक पाठक ने बताया कि अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं और अपना रिजल्ट कार्ड अपने पंजीकरण संख्या व पासवर्ड के साथ लॉगिन करके डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे दाखिले के शेडयूल के लिए बोर्ड की वेबसाइट को चेक करते रहें।

बैठक

### विदित चौधरी बोले–संगठन मजबूत होगा तो सरकार भी मजबूत होगी

## 'जय हिंद सभा' में कांग्रेस करेगी एकजुटता का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि 30 मई को शिमला में होने वाली 'जय हिंद सभा' में सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भाग लें। यह सभा जहां एक ओर वीर जवानों के सम्मान में आयोजित की जा रही है। वहीं, दूसरी ओर इसे कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के रूप में भी देखा जा रहा है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के सचिव और प्रदेश मामलों के सह-प्रभारी विदित चौधरी ने राजीव भवन में आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर संगठन मजबूत होगा तो सरकार भी मजबूत होती है। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने हुए लगभग अढ़ाई साल हो चुके हैं, लेकिन पार्टी के भीतर अभी भी पीसीसी, जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन लंबित है।




लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह बैठक में अपने विचार रखते हुए।

चौधरी ने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि जल्द ही इन कार्यकारिणियों की घोषणा कर दी जाएगी और संगठन के कार्यों को गति मिलेगी।

बैठक में पूर्व विधायक चिरंजीव लाल कश्यप जैसे नेताओं ने भी जल्द से जल्द संगठन के गठन की वकालत की, जो यह दर्शाता है कि पार्टी के भीतर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां मिलने का इंतजार है।

### 'जय हिंद सभा' वीर सैनिकों के सम्मान का प्रतीक : विक्रमादित्य

**लोक** निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी 'जय हिंद सभा' में अधिक से अधिक लोगों को लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार में संगठन सर्वोपरि होता है और सभी को संगठन के दिशा-निर्देश का पालन करना चाहिए।

### हिमाचल कांग्रेस संगठन को पुनर्जीवित करने की तैयारी

**कुल-मिलाकर,** 30 मई की 'जय हिंद सभा' केवल वीर जवानों के सम्मान का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के लिए संगठन को पुनर्जीवित करने, कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और भविष्य की राजनीतिक बिसात बिछाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## सुधीर ने संजीव गांधी पर दुर्भावनापूर्ण इरादे से काम करने के लगाए आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजनीति में चल रहे घमासान के बीच धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने शिमला के पूर्व एसएसपी संजीव गांधी द्वारा लगाए गए 'किंगपिन' के आरोपों पर तीखा पलटवार किया है।



शर्मा ने संजीव गांधी के खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष को विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव सौंपने के साथ-साथ आपराधिक मानहानि का नोटिस देने की भी जानकारी दी। विधायक ने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान गांधी पर दुर्भावनापूर्ण इरादे से काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि एसएसपी के पास उन्हें विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में किंगपिन कहने का कोई आधार था, तो उनके खिलाफ कोई एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई और न ही कोई समन जारी किया गया। इससे यह पता चलता है कि एसएसपी का इरादा दुर्भावनापूर्ण था।

शर्मा ने बताया कि उन्होंने पूर्व एसएसपी शिमला के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को पत्र दिया है। अब यह मामला विशेषाधिकार कमेटी को भेजा जाएगा। कमेटी का जो भी फैसला होगा, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लाइव स्ट्रीमिंग वीडियो को लेकर दिए निर्देश

**हिमाचल** प्रदेश हाईकोर्ट ने विमल नेगी मामले की लाइव स्ट्रीमिंग वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में सुधीर शर्मा के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेकर अवमानना कार्यवाही शुरू करने से इनकार कर दिया है। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने एसपी शिमला की ओर से किरण नेगी द्वारा दायर आवेदन को खारिज करते हुए कहा कि प्रार्थी को कानून के अनुसार स्वतंत्र याचिका दायर करनी चाहिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मुख्य रिट याचिका का निपटारा हो चुका है, इसलिए इस मामले में स्वतः संज्ञान की मांग नहीं की जा सकती।

## न्यूज ब्रीफ

### आंशिका को 2100 रुपए देकर किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** मंदल स्कूल की छात्रा आंशिका भारती सपुत्री अजय कुमार ने प्रदेशभर में झियोल गांव का रोशन किया है। साइंस संकाय में आंशिका ने राज्य में आठवां स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए एकता फाउंडेशन के सदस्य समाजसेवी सतीश चौधरी, कमला नाग, सजीव कुमार, कुलदीप, पंकज, लेखराज और झियोल के उपप्रधान सतीश कुमार ने छात्रा को 2100 रुपए की राशि प्रदान की और घर जाकर बधाई दी।

### माता बाला सुंदरी मेले का होगा शुभारंभ

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के तहत ऐतिहासिक तीन दिवसीय माता बाला सुंदरी मेले का आयोजन 29 से 31 मई तक किया जाएगा। मेला कमेटी के अध्यक्ष अजय चड्ढा तथा मीडिया प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि मेले का मुख्य आकर्षण कुश्ती रहेगी। विजेता पहलवान को 21 हजार और उपविजेता पहलवान को 16 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम को 14 हजार रुपए व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 12 हजार रुपए व ट्रॉफी दी जाएगी। मेले में सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन भी किया जाएगा। 29 मई को जीजा रिन मसरां दी द्वाल फेम गायिका डॉनी राणा व 30 मई को पहाड़ी नाइट आयोजित की जाएगी। 31 मई को पंजाबी नाइट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वॉयस ऑफ पंजाब के विजेता रोमी कुमार अपनी मधुर आवाज से लोगों का मनोरंजन करेंगे। मेले का समापन 31 मई को विधायक विपिन सिंह परमार करेंगे।

### परीक्षाएं करवाकर मानदेय देना भूला शिक्षा बोर्ड

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास ने प्रेस बयान में कहा कि मार्च माह में हुईं बोर्ड परीक्षाओं में तैनात एवं संबंधित विद्यालय के प्रवक्ता बंधुओं ने बड़ी जिम्मेदारी के साथ परीक्षा संपन्न करवाई है। ड्यूटी देने की एवज में संबंधित समन्वयक, सहायक समन्वयक, अधीक्षक उपाधीक्षक, पर्यवेक्षक, लिपिक एवं सेवादार को निर्धारित मानदेय प्रदान किया जाता है, लेकिन बोर्ड मानदेय देना भूल गया। बोर्ड की इस कार्यप्रणाली पर प्रवक्ताओं में रोष पनप रहा है। बोर्ड शिक्षकों के मानदेय के बारे में स्थिति स्पष्ट करे। अतः अविलंब मानदेय जारी करे, अन्यथा भविष्य में प्रवक्ता बोर्ड परीक्षा संचालन का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि बोर्ड मनमाने ढंग से पुनः जांच एवं पुनर्मूल्यांकन फीसदी बढ़ाकर गरीब बच्चों के भविष्य पर कुठाराघात कर रहा है।

### लंज कॉलेज में पहली से शुरू होगी प्रवेश प्रक्रिया

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज ने नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने बताया कि लंज महाविद्यालय में बीए, बीसीओएम बीएससी (मेडिकल एंड नॉन मेडिकल विद कंप्यूटर एप्लीकेशन ) में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय में आकर 1 जून से 19 जून तक सूचीपत्र लेकर भर सकते हैं। इसके पश्चात् प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश लेने वाले विद्यर्थियों की प्रथम मेरिट सूची 20 जून और द्वितीय मेरिट सूची 24 जून, 2025 को महाविद्यालय लंज के सूचना पट व महाविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित होगी। पहली जुलाई से नियमित कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। साथ ही साथ द्वितीय व तृतीय वर्ष में रोल आन आधार पर प्रवेश होगा। इसके लिए भी विद्यर्थियों को महाविद्यालय में आकर 1 जून से 19 जून तक सूचीपत्र लेकर भरना होगा।

## लोकतंत्र का गला घोंट रही सुक्खू सरकार : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** गगरेट में कब्रिस्तान के विरोध में खबरें लिखने वाले पत्रकार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हिंदू विरोधी सरकार काम कर रही है। यदि कोई सरकारी भूमि को बचाने के लिए अपने क्षेत्र की आवाज को उठाता है, ताकि



उस जमीन पर कब्रिस्तान न बने तो सरकार पुलिस से पत्रकार पर एफआईआर करवा देती है। ये इस सरकार की मानसकिता है। इस सरकार में सबसे ज्यादा पत्रकारों पर मामले दर्ज किए हैं, ताकि पत्रकार सच न लिख पाए व दबाव बनाया जा सके। सरकार को बार-बार अदालत में डांट पड़ रही है, लेकिन बावजूद उसके सरकार सुधर नही रही है और ऐसा माहौल बना रही है कि हर आवाज को दबा दिया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने साफ कर दिया है कि सच्चाई उजागर करने वालों की आवाज दबाने में वे संकोच नहीं करते। यह मीडिया की आजादी तथा लोकतंत्र की आवाज दबाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आते ही सभी पत्रकारों पर दर्ज किए गए मामले निरस्त किए जाएंगे, ताकि पत्रकार जनता की आवाज को पूरे जोर-शोर से उठा सके

# स्किल डेवलपमेंट कर युवाओं को रोजगार से जोड़ेगी सेंट्रल यूनिवर्सिटी

## सीयू और एनआईआईटी फाउंडेशन के बीच ऐतिहासिक समझौता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने बुधवार को एनआईआईटी फाउंडेशन दिल्ली के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य छात्रों को निःशुल्क कौशल विकास पाठ्यक्रम प्रदान करना और उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है।

इस अवसर पर प्राध्यापकों के लिए एक फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने इस पहल को छात्रों के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि छात्रों को केवल शिक्षा प्रदान करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार के लिए भी तैयार कर रहा है। इसी कड़ी में एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से छात्रों को



समझौता ज्ञापन के दौरान पदाधिकारी।

विभिन्न कौशल विकास पाठ्यक्रम करवाए जाएंगे। बंसल ने बताया कि छात्रों की आईटी स्किल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एमएस ऑफिस, डिजिटल मार्केटिंग, इंटरव्यू की तैयारी, सॉफ्ट स्किल, एडवांस एक्सेल सहित अन्य समग्र विकास के पाठ्यक्रम शामिल होंगे। ये पाठ्यक्रम 15 दिन से एक माह तक की अवधि के होंगे, जिन्हें छात्र अपनी पढ़ाई के साथ-साथ भी कर सकते हैं। इस साझेदारी का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि एनआईआईटी फाउंडेशन इन कोर्सों को पूरा करने वाले छात्रों के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ संपर्क स्थापित कर प्लेसमेंट की सुविधा भी प्रदान करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुमन शर्मा ने एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ मिलकर छात्रों के करियर के लिए विभिन्न क्षेत्रों में काम करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में एनआईआईटी संस्था से क्षेत्रीय प्रमुख विजय कुसुम्बे, राज्य प्रमुख अमित बक्शी, एवं ईशा आहूजा, प्रियंका शाह उपस्थित रहे। केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से इस कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. श्वेता शर्मा, समाज कार्य विभाग ने महत्वपूणी भूमिका निभाई।

## अवैध खनन माफिया के खिलाफ विधायक भवानी पठानिया एक्शन मोड में

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** अवैध खनन माफिया को कुचलने के लिए विधानसभा फतेहपुर के विधायक भवानी सिंह पठानिया एक्शन मोड में आ गए हैं। भवानी ने साफ कर दिया कि अब खनन माफिया वालों की खैर नहीं है। इसकी जानकारी उन्होंने अपने सोशल प्लेटफॉर्म पर दी। भवानी ने लिखा कि पंजाब के खनन माफिया से जंग की अगली कड़ी है। रे पत्तन ( रेहतपुर ) में हो रहे अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। विधायक की इस पोस्ट से साफ है कि अब पंजाब के खनन माफियों पर नकेल कसने वाली है। पिछले कुछ लंबे समय से रेहतपुर-रे-रियाली क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध खनन होने की खबरें सामने आई हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। राज्य में हमेशा सुर्खियों में रहे अवैध खनन को उन्होंने गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट कर दिया है कि वर्तमान सरकार में खनन माफिया की दादागिरी नहीं चलेगी। प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियां हमेशा ही विपक्षी दलों के लिए राजनीतिक मुद्दा रही हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के जिन जिलों से अवैध खनन की शिकायतें मिल रही हैं, उन जिले के अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाने को कहा है।

## सनौर गांव में मिला मोर्टार, बम निरोधक दस्ते ने किया डिफ्यूज



इंदौरा में मिले मोर्टार को खुले खेतों में डिफ्यूज करती बम निरोधक टीम।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**पुलिस** थाना इंदौरा के तहत इलाके में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक राहगीर को सनौर गांव के पास रास्ते के किनारे एक संदिग्ध वस्तु दिखाई दी, जो जिंदा मोर्टार निकला। इसकी सूचना पुलिस थाना इंदौरा व डीएसपी संजीव कुमार यादव को दी।

पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेर लिया। पुलिस ने सेना को सूचना दी। बम निरोधक दस्ते और सेना की टीम मौके पर पहुंची तथा उन्होंने आधुनिक उपकरणों की मदद से रॉकेट लांचर को वहां से उठाकर साथ ही में खुले खेतों में इसे डिफ्यूज कर दिया। इसकी आवाज करीब 2 किलोमीटर दो किलोमीटर आसपास के इलाके में सुनाई दी। पुलिस डीएसपी संजीव कुमार यादव का कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, कुछ भी निश्चित तौर पर नहीं कहा जा सकता। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाह न फैलाएं और प्रशासन का सहयोग करें।

## जवाली उपमंडल के स्कूलों को ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के शेड्यूल से बाहर रखा जाए

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला**

ग्रीष्मकालीन छुट्टियों को लेकर उपायुक्त कांगड़ा की ओर से उपमंडल जवाली के सभी स्कूलों को चरम गर्मी वाला क्षेत्र घोषित करते हुए पहली जून से 30 जून तक बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं। अभिभावकों का कहना है कि जवाली उपमंडल का अधिकतम क्षेत्र भारी बरसात में भूस्खलन की चपेट आना आम बात है। पिछले दो वर्षों से लगातार भारी बरसात के कारण भू-स्खलन की चपेट में आने से स्कूली बच्चों को प्रभावित होना पड़ा है और इस बार तो फोरलेन सड़क के निर्माण कार्य के चलते यह समस्या और भी बढ़ेगी।

उन्होंने उपायुक्त से मांग की है कि जवाली विधानसभा के सभी स्कूलों को चरम गर्मी शेड्यूल से बाहर रखते हुए सामान्य ग्रीष्मकालीन अवकाश शेड्यूल की क्षेणी में रखा जाए, ताकि जवाली क्षेत्र के स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों को भारी बरसात में किसी भी प्रकार की भू-स्खलन जैसे आपदा से न जूझना पड़े।

## श्री साई ग्रुप के 35 स्टूडेंट्स का कैडिला फार्मास्युटिकल्स में चयन



श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी में कैडिला फार्मास्युटिकल्स कंपनी ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी में अंतरराष्ट्रीय कंपनी कैडिला फार्मास्युटिकल्स ने ज्वॉइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन ग्रुप के सीमडी कंवर तुषार पुंज की अध्यक्षता में किया गया।

इस ड्राइव में श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीटूट्स के डी फार्मेसी, बी फार्मेसी, एमएससी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ. राजेश गुप्ता व डायरेक्टर प्लेसमेंट सुलक्ष्य कुमार मुरगई की ओर से कंपनी ऑफिशल्स में मैनेजर एचआर रोमेश चंद्र व उनकी टीम का स्वागत किया गया। कंपनी प्रेजेंटेशन, ग्रुप डिस्कशन व पर्सनल इंटरव्यू के बाद 35 छात्रों का चयन किया गया। सुलक्ष्य मुरगई ने बताया कि कैडिला फार्मास्यूटिकल्स अहमदाबाद स्थित एक भारतीय बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी है। तुषार पुंज ने कहा कि श्री साई ग्रुप ऑफर इंस्टीटूट्स बधानी, पठानकोट फार्मास्युटिकल क्षेत्र में नए आयाम प्लेसमेंट रिकॉर्ड के लिए स्थापित कर रहा है। डायरेक्टर प्लेसमेंट सुलक्ष्य कुमार ने बताया कि इन चयनित विद्यार्थियों को परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के बाद उनकी ज्वॉइनिंग की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity — अनंत ज्ञान

### आरबीआई में मेडिकल कंसल्टेंट की भर्ती

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन**
एमबीबीएस, एमडी की डिग्री
चयनित उम्मीदवारों को प्रति घंटे 1000 रुपए सैलरी मिलेगी।

**भर्ती**
कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर

**आवेदन**
की लास्ट तिथि
6 जून

वेबसाइट : rbi.org.in पर



जाकर ऑफलाइन आवेदन करें।

### इसरो में साइंटिस्ट के 320 पदों की भर्ती

- साइंटिफिक इंजीनियर एससी (इलेक्ट्रॉनिक्स) : 113 पद
- साइंटिफिक इंजीनियर एससी (मैकेनिकल) : 160 पद
- साइंटिफिक इंजीनियर एससी (कंप्यूटर साइंस) : 44 पद
- साइंटिफिक इंजीनियर एससी (इलेक्ट्रॉनिक्स)-पीआरएल : 2 पद
- साइंटिफिक इंजीनियर एससी (कंप्यूटर साइंस)-पीआरएल : 1 पद

**एजुकेशन**
- बीई, बीटेक की डिग्री

**वेबसाइट**
www.isro.gov.in
रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को उम्र में छूट

**अंतिम तिथि**
16 जून

### एम्स में फैकल्टी के पदों पर भर्ती



- एम्स नागपुर
  - आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून
  - प्रोफेसर : 11 पद
  - एडिशनल प्रोफेसर : 11 पद
  - एसोसिएट प्रोफेसर : 18 पद
  - असिस्टेंट प्रोफेसर : 18 पद

aiimsnagpur.edu.in

### टेरिटोरियल आर्मी में भर्ती का मौका

टेरिटोरियम आर्मी ऑफिसर
- कुल 19 पद
  - आवेदन करने की अंतिम तिथिः 10 जून, 2025
  - आयु सीमाः न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 42 वर्ष निर्धारित

आवेदन करें :


indianarmy.nic.in



**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

## सृजनात्मक मानसिकता सफलता की आधारशिला

**सृजनात्मकता** इस सृष्टि के कण कण में व्याप्त है। वास्तव में यदि देखा जाए तो सृष्टि स्वयं में सृजनात्मकता की ही अभिव्यक्ति है, जो कि अद्वितीय और रचनात्मक है। सृजनशील व्यक्ति नित्य नवीन विचारों, नवीन अवधारणों और नवाचारों का सृजन करता है। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल कठिन परिश्रम ही नहीं, बल्कि सृजनात्मक सोच या क्रिएटिव माइंडसेट भी सफलता का प्रमुख आधार बन चुका है। सृजनात्मक मानसिकता वह शक्ति है, जो व्यक्ति को परंपरागत तरीकों से हटकर नए विचारों, समाधान और नवाचार की ओर प्रेरित करती है। यह मानसिकता समस्याओं को एक नए दृष्टिकोण से देखने और उन्हें अद्भुत तरीके से हल करने में सहायक होती है। आज संसार में प्रत्येक प्रकार का तकनीकी और वैज्ञानिक विकास सृजनशीलता का ही परिणाम है। नवीन साहित्य सृजन और काव्य सृजन भी सृजनात्मकता की ही



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
शिक्षा खंड गैहरा, जिला चंबा।

अभिव्यक्ति है। यह सृजनात्मक मानसिकता व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में चार चांद लगा देती है। सृजनात्मक मानसिकता का अर्थ है खुले दिमाग से सोचना, समस्याओं के समाधान के लिए नई-नई परिकल्पनाओं का सृजन करना, कल्पनाशीलता का उपयोग करना, प्रयोग करना, जोखिम लेने की इच्छा रखना और असफलता से सीखते हुए लगातार नए विचारों की रचना करना, यह मानसिकता केवल कलाकारों या लेखकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि हर क्षेत्र में चाहे वह करियर निर्माण, लक्ष्य प्राप्ति शिक्षा, विज्ञान या तकनीक सृजनात्मकता मानसिकता अत्यंत महत्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका निभाती है। कल्पनाशीलता हरअसंभव को संभव मानने की सोच उत्पन्न करती है। नवोन्मेषपुरानी चीजों को नए ढंग से देखने और करने की कला। लचीलापन बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को समायोजित करने की कला और क्षमता को विकसित करती है। सृजनशीलता से व्यक्ति में मौलिक विचारों का निर्माण होता है। अंतर्दृष्टि का विकास होता है और घटनाओं और तथ्यों को नवीन दृष्टिकोण से अभिव्यक्ति की कला विकसित होती है। करियर निर्माण के क्षेत्र में प्रयासरत युवा पीढ़ी को सृजनात्मकता को अधिक महत्व देना चाहिए। नवाचारों और समस्या समाधान की नवीन तकनीकों को विकसित करना करियर निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**सृजनात्मक** व्यक्ति एक ही समस्या के कई समाधान सोच सकता है, जिससे वह कठिन परिस्थितियों में भी नयापन लाकर समाधान पा लेता है। जब दुनिया पुरानी राहों पर चल रही होती है, तब एक सृजनात्मक सोच रखने वाला व्यक्ति नया रास्ता बना देता है। सृजनात्मक लोग दूसरों को भी प्रेरित करते हैं, जिससे एक सकारात्मक और नवोन्मेषी वातावरण बनता है। शैक्षिक भ्रमण, चिंतन मनन नई पुस्तकें नई भाषाएं, नए लोगों से बातचीत विभिन्न परिस्थितयों में समस्याओं को चुनौती के रूप में स्वीकार करना और उनके समाधान के लिए नवीन विचारों का सृजन करना अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

**मस्तिष्क** को खुला रखना आलोचना को स्वीकार करना दूसरों की राय को गंभीरता से लेना और हर तरह के विचारों को सुनने और सम्मान करने की उदारवादी सोच से सृजनात्मकता में सहायता मिलती है। लेखन, चित्रकला, संगीत जैसे रचनात्मक कार्यों में हिस्सा लेकर मस्तिष्क को नई दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करती है। सृजनात्मक मानसिकता वास्तव में सफलता की एक सशक्त आधारशिला है। यह व्यक्ति को भीड़ में अलग पहचान दिलाने की क्षमता रखती है। आज का युग नवाचार का युग है, जहां सोचने का ढंग ही सफलता को तय करता है, जो जितना सृजनात्मक है, वह उतना ही आगे है। अतः यदि हम अपना करियर निर्माण के क्षेत्र में हमारे भीतर मौजूद रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को जागृत करें, तो सफलता हमारे कदम चूमेगी। हमारा प्रयास होना चाहिए कि जीवन के हर क्षेत्र में सृजनात्मक मानसिकता को समुचित महत्व दें और सफलता में सहयोग प्राप्त करें।

## करियर निर्धारण में प्रारंभिक योजना की भूमिका

**करियर** निर्धारण में प्रारंभिक योजना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह न केवल व्यक्ति को सही दिशा में मार्गदर्शन देती है, बल्कि उसे आत्म जागरूकता, समय का प्रबंधन और सही निर्णय लेने में भी सहायता करती है। जब कोई व्यक्ति प्रारंभिक अवस्था में ही अपने



सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर

रुचि, क्षमताओं और मूल्यों को पहचान लेता है, तो वह अपने लिए उपयुक्त करियर विकल्पों की पहचान कर सकता है। प्रारंभिक योजना से स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए जा सकते हैं। इससे व्यक्ति को यह समझने में मदद मिलती है कि उसे किन विषयों में पढ़ाई करनी चाहिए, किन कौशलों का विकास करना है और कौन-से अनुभव (जैसे इंटर्नशिप, वर्कशॉप या कोर्स) उसके लक्ष्य के लिए फायदेमंद होंगे। यह प्रक्रिया अनावश्यक भटकाव से बचाती है और समय तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग संभव बनाती है। इसके अलावा करियर की योजना पहले से बनाने से प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिलती है। एक सुविचारित योजना वाले व्यक्ति को अवसरों की तलाश और उनका उपयोग करने में आसानी होती है। वह आत्मविश्वासी होता है और बदलती परिस्थितियों में भी जल्दी अनुकूलन कर सकता है। सही समय पर योजना बनाकर छात्र अपने लक्ष्य तक अधिक प्रभावी और संगठित तरीके से पहुंच सकते हैं। यह न केवल पेशेवर सफलता में सहायक होती है, बल्कि एक संतुलित और संतुष्ट जीवन की ओर भी ले जाती है।

**निष्कर्ष**
प्रारंभिक करियर योजना व्यक्ति को उचित मार्गदर्शन, बेहतर विकल्प और समय पर तैयारी का लाभ प्रदान करती है, जिससे वह अपने सपनों का कैरियर सुनिश्चित कर सकता है।

## ज्ञान की बात

- विमल नेगी मौत मामले की जांच किस केंद्रीय एजेंसी को सौंपी
  –सीबीआई
- आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में कौन-कौन सी टीमें पहुंची
  –पंजाब, बेंगुलरु, गुजरात, मुंबई
- दुनिया को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देने के लिए कितने प्रतिनिधिमंडल गए।
  –सात
- हिमाचल में मई माह में किसको कार्यवाहक डीजीपी बनाया।
  –अशोक तिवारी
- ग्लोबल स्टेटस ऑफ सॉल्ट-अफेक्टेड सॉयल्स रिपोर्ट किस संगठन ने जारी की ?
  –खाद्य और कृषि संगठन
- 2025 में आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप की मेजबानी कौन सा देश करेगा ?
  –भारत

## गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल

### कटोहड़ कलां अंब ने बनाई अलग पहचान

**गुरुकुल** इंटरनेशनल स्कूल कटोहड़ कलां जिले में ऐसा बेहतरीन शिक्षण संस्थान है, जिसने कुछ सालों में ही शिक्षा के क्षेत्र में अपना एक अलग नाम बनाया है। गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल अंब के बारे में ऐसी धारणा है, जिसमें छात्रों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान की जाती है। स्कूल बिलकुल शांत वातावरण में स्थित है और इसमें हर सुविधा छात्रों के लिए उपलब्ध है। गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल कटोहड़ कलां अंब की स्थापना करीब डेढ़ दशक पहले हुई थी और इसका प्रबंधन गुरुकुल एजुकेशन सोसायटी की ओर से किया जा रहा है। यह ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। यह हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के अंब ब्लॉक में स्थित स्कूल में 1 से 12वीं तक की कक्षाएं हैं। इसमें एक संलग्न प्री-प्राइमरी सेक्शन है। स्कूल भवन का उपयोग शिफ्ट स्कूल के रूप में नहीं कर रहा है। इस स्कूल में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। यह स्कूल सभी मौसमों में सड़क से पहुंचा जा सकता है। इस स्कूल में शैक्षणिक सत्र अप्रैल में शुरू होता है।



राजेश गौतम
मैनेजिंग डायरेक्टर
गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल

स्कूल का भवन किराए का है। इसमें शिक्षण उद्देश्यों के लिए 30 से अधिक कक्षा-कक्ष हैं। सभी कक्षा-कक्ष अच्छी स्थिति में हैं। इसमें गैर शिक्षण गतिविधियों के लिए 2 अन्य कमरे हैं। स्कूल में प्रधानाध्यापक/शिक्षक के लिए अलग कमरा है। स्कूल में पक्की चारदीवारी है। स्कूल में पीने के पानी का स्रोत कुआं है और यह काम कर रहा है। स्कूल में लड़कों के लिए कई शौचालय हैं और यह काम कर रहे हैं और लड़कियों के लिए अलग शौचालय हैं। स्कूल में खूबसूरत खेल का मैदान है। स्कूल में एक पुस्तकालय है और इसके पुस्तकालय में दो हजार के लगभग पुस्तकें हैं। स्कूल को विकलांग बच्चों के लिए कक्षाओं तक पहुंचने के लिए रैंप की आवश्यकता नहीं है। स्कूल में शिक्षण और सीखने के उद्देश्यों के लिए कंप्यूटर कक्ष स्मार्ट क्लास रूम हैं और सभी काम कर रहे हैं। स्कूल में कंप्यूटर सहायता प्राप्त शिक्षण प्रयोगशाला नहीं है। स्कूल मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए लागू नहीं है।



## न्यूज ब्रीफ

### छात्राओं को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा की ओर से विश्व स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य पर धर्मशाला क्षेत्र के राजकीय उत्कर्ष वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टंग नरवाणा में छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं देखभाल के बारे में जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य भानू कटोच ने कहा कि स्वच्छता से ही स्वस्थ जीवन की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। छात्र जीवन से स्वच्छता के प्रति प्रत्येक विद्यार्थी को जागरूक होना जरूरी है। रीता कार्की, आजीवन सदस्य ने छात्राओं तथा व्यक्तियों को अपने घरों के आस-पास स्वच्छता अपनाने के लिए शपथ भी दिलाई गई । इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने छात्राओं को स्वच्छता सामग्री का वितरण किया गया।

### हैंडबाल में जेएनवी ऊना ने पपरोला को हराया



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान बैजनाथ।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला में तीन दिवसीय क्षेत्रीय स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षक राकेश कुमार की देखरेख में सभी मैच कराए जा रहे हैं। अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 लड़के व लड़कियां हिस्सा ले रही हैं। पहला मैच अंडर-19 जीएनबी ऊना एवं जेएनवी पपरोला के बीच हुआ। इसमें जेएनवी ऊना विजेता घोषित किया गया। साईं कोच दिनेश कुमार भी मौजूद रहे। स्कूल के कार्यवाहक प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ने सभी बच्चों का धन्यवाद किया।

### कचहरी मंदिर में राधा-कृष्ण व शनिदेव विराजमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला के कचहरी में स्थित हनुमान मंदिर में बुधवार को नया अध्याय जुड़ गया। मंदिर में तीन मंदिरों का निर्माण पूरा कर लिया है और इसके साथ ही मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी गई। इसमें राधा-कृष्ण, दुर्गा माता और शनि देव मंदिर की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिमाएं राजस्थान के किशनगढ़ से विशेष रूप से मंगवाई गई है। ऐतिहासिक मंदिर को भव्य स्वरूप देने के लिए ओडिशा से विशेष कारीगर बुलाए गए हैं, जिन्होंने मंदिर को बेहतरीन प्राचीन शैली में तैयार किया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### ट्रक की ब्रेक फेल होने से बड़ा हादसा टला



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** जालंधर-पठानकोट हाईवे पर हिलटॉप मंदिर के पास एक ट्रक की ब्रेक फेल होने से बड़ा हादसा टल गया। ट्रक जालंधर से जम्मू की तरफ जा रहा था कि अचानक ट्रक की ब्रेक फेल हो गई और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर खराब हो गया। इससे दोनों तरफ से जाम लग गया। सूचना मिलते ही डीएसपी संजीव कुमार मौके पर पहुंचे तथा जाम को खुलवाया। गनीमत यह रही कि कोई भी जानी मानी नुकसान नहीं हुआ है।

### सरकारी योजनाओं से जुड़ेंगे पात्र लोग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा जिले में धरती आबा उत्कर्ष जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र लोगों को जोड़ा जाएगा। इसके लिए 15 जून को नरवाणा खास के कस्बा गांव में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डीसी ने बताया कि कांगड़ा जिले में उत्कर्ष अभियान के लिए ऐसी पंचायतों का चयन किया गया है, जहां पचास प्रतिशत के करीब जनजातीय वर्ग की जनसंख्या है। इन पंचायतों में सरकार के माध्यम से जनजातीय वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी मुहैया करवाई जाएगी। इसके साथ ही पात्र लोगों को योजनाओं के साथ भी जोड़ा जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। इस अभियान के तहत आधार कार्ड, जनधन खाते, कम्युनिटी प्रमाण पत्र, एफआरए मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, पोषण योजनाओं के बारे में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे।

# चामुंडा से वृंदावन के लिए चली हिमधारा

## आरएस बाली ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, यात्रियों के साथ किया सफर

**अनंत ज्ञान टीम, नगरोटा/चामुंडा**



नगरोटा बगवां में चामुंडा से वृंदावन के लिए एचआरटीसी बस हिमधारा को हरी झंड दिखाकर रवाना करते आरएस बाली।

**प्रदेश** में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम से वृंदावन धाम के लिए हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की बस हिमधारा को पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने श्री चामुंडा नंदिकेश्वर धाम में विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद नगरोटा बगवां से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बाली ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। इस मौके पर हिमाचल पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। वहीं, बाली ने बस में बैठकर यात्रियों के साथ सफर भी किया। बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेशभर में एक समान विकास कर रहे हैं। कांगड़ा जिले को पर्यटन राजधानी बनाने की दिशा में निरंतर नए निर्णय ले रहे हैं। इस बस के वृंदावन तक चलने से वृंदावन धाम जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं को लाभ होगा। वहीं, वृंदावन से आने वाले अन्य राज्यों के श्रद्धालु भी कांगड़ा जिले के मंदिरों के दर्शन आसानी कर पाएंगे। उन्होंने इस बस को चलाने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बस वाया बगलामुखी, ज्वालाजी, देहरा, चंडीगढ़, दिल्ली से होकर वृंदावन पहुंचेगी। बस चामुंडा से रोजाना दिन में 3 बजकर 20 मिनट पर चलेगी और अगले दिन सुबह 8:45 बजे वृंदावन धाम पहुंचेगी। बस रोजाना सायं 4 बजे वृंदावन से चलकर अगले दिन सुबह 9:50 बजे चामुंडा पहुंचेगी। एचआरटीसी के पोर्टल से ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है।

**बस किराया**

चामुंडा से 1216 रुपए
नगरोटा से 1195 रुपए
कांगड़ा से 1147 रुपए

### अजय वर्मा ने कांगड़ा बस स्टैंड में किया स्वागत

**पथ** परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने कांगड़ा बस स्टैंड में बस का स्वागत किया। उन्होंने बस में यात्रा करने वाले सभी यात्रियों से मुलाकात की और उन्हें यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मोके पर डीएम पंकज चड्ढा, एसडीएम मुनीश शर्मा, आरएम राजिंदर पठानिया, अड्डा इंचार्ज संजीव ठाकुर, मुख्य निरीक्षक तिलक राज, अधीक्षक अजय कुमार, रोशन लाल, खन्ना, कृष्ण कानूनगो, अरुण कटोच, प्रताप रियाड आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा बोर्ड पहली को लेगा टीजीटी टेट की परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से पहली जून को टीजीटी आर्ट्स और टीजीटी मेडिकल की टेट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि एक जून को टीजीटी की टेट परीक्षा एक जून को सुबह दस बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 12519 अभ्यर्थी भाग लेंगे। इस परीक्षा के लिए 79 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

एक जून को ही टीजीटी मेडिकल की टेट परीक्षा दोपहर 2 बजे से साढ़े चार बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए बनाए गए 54 केंद्रों में 4510 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। बोर्ड सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी अपने एडमिट कार्ड वेबसाइट पर दर्शाए लिंक टेट पर आकर एप्लीकेशन नंबर व डेट ऑफ बर्थ डालकर प्राप्त कर सकते हैं।

### हैप्पी बर्थडे



मतोह पिपलू (बंगाणा) की दिवांशी बन्याल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डाडासीबा के अनमोल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास, 25,000 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पत्नी** की हत्या के दोषी पति को न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के अंतर्गत आजीवन कारावास व 25 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर एक माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

**जुर्माना न भरने पर भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा**

अतिरिक्त सत्र न्यायालय पालमपुर ने दोषी विजय लामा जो मूलतः पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग के दक्षिण बाग डोगरा एयरपोर्ट रोड का रहने वाला है, उसको पत्नी की हत्या के आरोप में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। इस मामले की पैरवी पब्लिक प्रॉसिक्यूटर पंकज दीवान ने की। विजय लामा लंबागांव क्षेत्र के बरडाम में किराए के मकान में अपनी पत्नी इंद्रा देवी के साथ रह रहा था। 27 जनवरी, 2022 को मकान मालिक को वीर बहादुर नामक व्यक्ति ने सूचित किया कि विजय लामा की पत्नी इंद्रा देवी की मौत हो गई है। कुछ देर बाद पंचायत सदस्य ने भी इंद्रा देवी की मौत की जानकारी मकान मालिक को दी। इस पर वार्ड सदस्य सहित मकान मालिक ने विजय लामा जिस किराए के भवन में रह रहा था, वहां पहुंच कर देखा तो उन्हें कुछ खून के धब्बे दिखाई दिए। ऐसे में शक होने पर पंचायत में सूचना देकर घटनास्थल पर बुलाया गया। पंचायत ने मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचित किया। ऐसे में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच आरंभ की। पूछताछ में विजय लामा ने माना कि रात्रि 11 बजे उसने किसी बात को लेकर अपनी पत्नी इंद्रा देवी के सिर पर घण से बार किया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया। ऐसे में पुलिस ने नियमानुसार कोर्ट में चालान पेश किया। विजय लामा को हत्या का दोषी पाया गया। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर पंकज दीवान ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर विजय लामा को न्यायालय ने आजीवन कारावास तथा 25000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# गर्ल्स स्कूल घरोह बना फुटबाल विजेता

## ब्वॉयज वर्ग में रोज पब्लिक स्कूल विनर, पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक ने किए सम्मानित

**बोले, युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलों की अहम भूमिका**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



फुटबाल टूर्नामेंट के दौरान मुख्यातिथि के साथ विजेता टीम।

**धर्मशाला** के पुलिस ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय अंडर-15 फुटबाल टूर्नामेंट के ब्वॉयज वर्ग में रोज पब्लिक स्कूल ने नूरपुर एमटीपी स्कूल को हराकर अपना दबदबा कायम रखा।

गर्ल्स वर्ग में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल घरोह ने स्टैनफोर्ड वर्ल्ड स्कूल को हराकर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में पुलिस महानिरीक्षक नॉर्दर्न रेंज अभिषेक दुल्लर ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं, एडीएम शिल्पी बेक्टा व एसी-टू-डीसी सुभाष गौतम बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। अभिषेक दुल्लर ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलों की अहम भूमिका है। खेलों के माध्यम से ही युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा देश की ताकत हैं। स्वस्थ युवा ही समाज निर्माण में बेहतर भूमिका का निर्वहन सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने फुटबाल एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सफल खेल आयोजन के लिए बधाई दी। इससे पहले फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि तीन दिवसीय टूर्नामेंट में 16 स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें 16 ब्वॉयज वर्ग में तथा आठ गर्ल्स वर्ग में टीमों ने अपना प्रदर्शन किया।

# कोहाला गांव में हैंडपंप का किया उद्घाटन



कोहाला में हैंडपंप का उद्घाटन करते जिप अध्यक्ष रमेश बराड़ व सदस्य कुलभाष।

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** कांगड़ा के साथ लगते कोहाला गांव के शिव बाड़ी मंदिर में जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़ व जिला परिषद खोली वार्ड के सदस्य कुलभाष चौधरी ने विद्युत चलित हैंडपंप का उद्घाटन किया गया। शिव बाड़ी मंदिर कमेटी के प्रधान अमित चंद ने कमेटी की तरफ से उनका आभार प्रकट किया। कुलभाष चौधरी ने बताया कि जिला परिषद की तरफ से गांव में पुलियों, रास्ते व अन्य निर्माण कार्यों के लिए गांव को 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत गई है, ताकि गांव का चहुंमुखी विकास हो सके। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास रहेंगे कि उनके वार्ड में आने वाले किसी भी क्षेत्र में विकास की कोई कमी न रहे।

# धर्मशाला में तेज हवाओं के साथ बारिश, ओलावृष्टि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला में बुधवार शाम चार बजे आसमान में काले बादलों ने डेरा जमा लिया और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं, यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को हेड लाइट जलाकर गाड़ी को चलना पड़ा। बारिश के साथ ओले भी गिरे, जिसके कारण मौसम ठंडा हो गया और लोगों ने गर्मी से राहत पाई।

बता दें कि पिछले कुछ दिनों से धर्मशाला व इसके आसपास के क्षेत्रों में काफी तेज गर्मी पड़ रही थी और दिन के समय मे भी तापमान काफी ज्यादा दर्ज किया जा रहा था, लेकिन अब बारिश होने कारण जिले के लोगों को तपती गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विभाग के अनुसार, अभी 30 मई तक मौसम इसी तरह खराब बना रहेगा और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात होने और मैदानी इलाकों में तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। इस मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि होने से किसानों के चेहरों पर मायूसी देखने को मिली है, क्योंकि यह समय पेड़ों पर फ्लावरिंग आने का होता है और इस ओलावृष्टि से सभी पेड़ों की फ्लावरिंग पर भी असर पड़ा है।

**डीसी ने की नदी-नालों से दूर रहने की अपील**

**कांगड़ा** के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जिले के लोगों से अपील करते हुए कहा कि नदी-नालों से दूर रहें और पालतू जानवरों को लेकर नदी नालों के करीब न जाएं, क्योंकि पहाड़ों पर जब बारिश होती है तो नदी-नालों का जलस्तर अचानक बढ़ जाता है, जिससे कई बार लोग अपनी जान को खतरे में डाल देते हैं।

# एंबुलेंस कर्मचारियों ने किया सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

## कहा- यूनियन की मांगों को नहीं माना तो आंदोलन होगा तेज

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**




मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते एंबुलेंस कर्मचारी।

**धर्मशाला।** प्रदेश में 102 और 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारी मंगलवार रात से हड़ताल पर चले गए हैं। बुधवार को कर्मचारियों ने सीटू व जिला स्तरीय कमेटी के बैनर तले धर्मशाला में रैली निकाली और प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। रैली की शुरुआत जोनल अस्पताल धर्मशाला से हुई, जिसमें जिलेभर के यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने भाग लिया और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।

सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि राज्यभर में एंबुलेंस कर्मचारी श्रम कानूनों की अनदेखी और शोषण के खिलाफ आंदोलनरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एंबुलेंस कंपनी कर्मचारियों से 8 की बजाए 12 घंटे काम ले रही है, लेकिन वेतन सिर्फ 8 घंटे का दिया जा रहा है। ओवरटाइम की मांग करने पर कर्मचारियों का तबादला कर दिया या उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया।

कर्मचारी 12 वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो ग्रेजुएटी दी गई है और न ही अन्य कोई लाभ। बिना छुट्टी और कैजुअल लीव के ये कर्मचारी लगातार सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते दिन हिमाचल प्रदेश नेशनल हेल्थ मिशन के साथ हुई बातचीत में कोई हल नहीं निकला है। उन्होंने चेताया कि अगर यूनियन की मांगों को नहीं माना गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, साथ ही अगर हड़ताल के दौरान एंबुलेंस सेवा न मिलने से किसी मरीज की मौत हो जाती है तो उसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार व स्वास्थ्य विभाग की होगी।

### झूठी एफआईआर को वापस नहीं लिया तो होगा आंदोलन : एबीवीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एबीवीपी के प्रदेश सहमंत्री अभिनव चौधरी ने बताया कि परिषद की ओर से स्कूल शिक्षा बोर्ड में किए गए शांतिपूर्वक प्रदर्शन पर झूठी एफआईआर करवाकर विद्यार्थियों के भविष्य पर तलवार लटकाने का काम किया जा रहा है। धर्मशाला में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि बोर्ड की लापरवाही,तानाशाही और छात्रविरोधी फैसलों के खिलाफ एबीवीपी ने आवाज बुलंद की। उस समय टेट से संबंधित पेपरों की तरफ हमारा कोई ध्यान नहीं था, जबकि प्रदर्शन के दौरान टेबल थपथपाना अपराध नहीं बल्कि प्रदर्शन का एक हिस्सा माना जाता रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बोर्ड की ओर से रिवेलिवेशन व रिचेकिंग की फीस दुगनी कर ट्रेजरी भरने को विद्यार्थियों पर प्रहार किया जा रहा है। उन्होंने चेताया कि 24 घंटे में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर की गई झूठी एफआईआर को वापिस नहीं लिया गया, तो शिक्षा बोर्ड के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

### महाराणा प्रताप जयंती समारोह के लिए देहरा से चलाई जाएगी विशेष बस

**अनंत ज्ञान, देहरा**

**राजपूत** कल्याण सभा देहरा की बैठक महाराणा प्रताप भवन में प्रधान ठाकुर महेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई। 29 मई को कांगड़ा में होने वाले महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। प्रधान महेंद्र ने बताया कि यह समारोह महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिसर, गांव धर्मगिरि पठियार, तहसील नगरोटा बगवां में आयोजित किया जाएगा।

**राजपूत कल्याण सभा देहरा की बैठक में बनी रणनीति**

समारोह में भाग लेने के लिए देहरा से सदस्यों के आवागमन के लिए बस सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। राणा बस सर्विस की विशेष बस 29 मई को सुबह 7:30 बजे ढलियारा से चलेगी, जो देहरा, बनखंडी और रानीताल होते हुए समारोह स्थल पर सुबह 10 बजे पहुंचेगी। सभा ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि वे समय से पहले निर्धारित स्थानों पर पहुंच जाएं, ताकि यात्रा सुचारु रूप से पूरी हो सके। समारोह में भाग लेने वाले सभी सदस्यों के लिए भोजन व अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। बैठक में ठाकुर जोगिंद्र सिंह, शंकर सिंह परमार, ईश्वर सिंह, अशोक कुमार, सुभाष गुलेरिया, जैसी आजाद और सतीश ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**बैठक** नगर निगम पालमपुर की बैठक में मानसून से पूर्व तैयारियों व जनहित के मुद्दों पर चर्चा

# आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए रहें तैयार




नगर निगम पालमपुर की बैठक में उपस्थित महापौर गोपाल नाग, विधायक आशीष बुटेल व अन्य।

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर की बैठक निगम के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुई। इसकी अध्यक्षता महापौर गोपाल नाग ने की, जिसमें पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महापौर गोपाल नाग ने पिछली गोष्ठी से अब तक हुई प्रगति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और निगम के प्रयासों की सराहना की। बैठक में मानसून पूर्व तैयारियों पर विशेष बल दिया गया।

सभी जल निकासी प्रणालियों की समुचित सफाई सुनिश्चित करने और किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जेसीबी मशीनों को तत्पर रखने के निर्देश जारी किए गए। वहीं, सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए संचालित कोचिंग कार्यक्रम की सफलता की प्रशंसा की गई। इस पहल को और अधिक विस्तृत करने का निर्णय लिया, जिसके तहत जुलाई 2025 से एनडीए और सैनिक स्कूल के लिए नवीन बैच प्रारंभ किए जाएंगे। यह कदम युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**बिजली सब्सिडी के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने को दें प्राथमिकता : आशीष**

**शहर** में खराब सौर लाइटों का विषय उठाया गया। महापौर ने मरम्मत कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। विधायक आशीष बुटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बिजली सब्सिडी के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने संबंधी जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विधायक आशीष और महापौर गोपाल नाग ने निगम के समस्त कर्मचारियों को जनसेवा के प्रति समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा ने सदन को आश्वस्त किया कि बैठक में लिए गए सभी संकल्पों और निर्देशों का प्रभावी ढंग से अनुपालन किया जाएगा।

# दुर्लभ रोगों की चुनौती व जागरूकता पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**भारत** में जन्मजात मेटाबॉलिज्म की त्रुटियां (आईईएम) और दुर्लभ बीमारियां एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है, जिनमें विशेष रूप से नवजात शिशुओं के लिए सीमित निदान और उपचार के विकल्प उपलब्ध हैं। दुर्लभ विकारों में लगभग 7500 विभिन्न स्थितियां शामिल हैं, जो कई प्रणालियों को प्रभावित करती हैं। देश में विभिन्न आबादी में दुर्लभ बीमारियों के प्रचलन के बारे में बहुत कम डाटा है।

एमईआरडी इंडिया एसोसिएशन का गठन जयपुर के संजय भाटिया और पूनम भाटिया ने किया है, जो इस नेक काम के लिए काम कर रहे हैं। इस एसोसिएशन का उद्देश्य दुर्लभ बीमारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उनके निदान और उपचार के लिए काम करना है। टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा में आयोजित जागरूकता अभियान में लगभग 100 डॉक्टरों ने भाग लिया। इस अभियान में हिमाचल प्रदेश के माता-पिता भी शामिल हुए जिन्हें, दुर्लभ बीमारियों का पता चला था और उन्होंने निदान और उपचार के दौरान सामना की गई समस्याओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन टांडा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मिलाप शर्मा ने किया और इन विकारों के शीघ्र निदान और उपचार पर जोर दिया। डॉ. सीमा शर्मा, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, बाल रोग विभाग ने नवजात जांच के महत्व को संबोधित किया। डॉ. अतुल गुप्ता, बाल चिकित्सा एंडोक्रिनोलॉजिस्ट ने नवजात शिशुओं में थायराइड विकारों की नवजात जांच पर व्याख्यान दिया गया। एम्स दिल्ली के प्रोफेसर ने अनुवांशिकी और दुर्लभ बीमारियों की रोकथाम पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि दुर्लभ बीमारियों के निदान और उपचार के लिए आनुवांशिकी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**टांडा में जागरूकता अभियान में 100 डॉक्टरों ने लिया भाग**

## न्यूज ब्रीफ

### बच्चों में मोबाइल की बढ़ती लत चिंताजनक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में बुधवार को आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों (एसएमसी ), शिक्षकों और भारी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य संदीप कुमार शर्मा ने गत वर्ष के आय- व्यय का ब्यौरा अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक में स्कूल में नए भवन निर्माण के लिए धनराशि के लिए मामला सरकार के समक्ष उठाने व पढ़ाई को और बेहतर बनाने के लिए सभी कक्षाओं में स्मार्ट क्लास के रूप में करने बारे गहनता से चर्चा की गई । प्रधानाचार्य ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वह अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। उन्होंने बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बच्चों को मोबाइल की लत लग चुकी है जोकि बच्चों के भविष्य अंधकारमय बनता जा रहा है ।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, रामपुर शहर।** विकास परियोजना के तहत रामपुर आंगनबाड़ी केंद्र में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत बेटी जन्मोत्सव एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों के जन्म को सम्मान के साथ उत्सव के रूप में मनाना और नागरिकों को महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। बाल विकास परियोजना अधिकारी रामपुर शशि ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की विस्तृत जानकारी दी और बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा व सशक्तिकरण पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद सदस्य प्रीति कश्यप रामपुर कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने बेटियों के सम्मान और अधिकारों को प्राथमिकता देने का संदेश दिया।

### वन अधिकार अधिनियम पर लगी कार्यशाला

**सपना सूद, अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** खंड विकास भवन चौपाल के सभागार में वन अधिकार अधिनियम 2006 को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम चौपाल हेम चंद वर्मा ने की। एसडीएम हेम चंद वर्मा ने कहा कि वन अधिकार कानून लोगों की वन भूमि पर आधिकारिक आजीविका को सुरक्षा देने के साथ-साथ ग्राम सभा को सामुदायिक व वन संसाधनों की सुरक्षा संरक्षण एवं प्रबंधन का अधिकार एवं जिम्मेदारी भी देता है। एसडीएम ने कहा कि वन अधिकार समिति के गठन के लिए ग्राम सभा में संबंधित ग्राम के वयस्क लोगों का 50 प्रतिशत कोरम होना अनिवार्य है। इस समिति में कम से कम 10 सदस्य और अधिकतम 15 सदस्य होने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद ही इसे सब डिविजनल लेबल कमेटी को देना होगा। सब डिविजनल कमेटी का कार्य इसे जांच करने के बाद जिला स्तरीय कमेटी को भेजना होता है। यदि इसमें कोई कमी हो तो इसे पूर्ण करने के लिए वापस वन अधिकार कमेटी को भेजता है। एफआरए मामलों की स्वीकृति या अस्वीकृत करने का अधिकार केवल जिला स्तरीय कमेटी के पास ही होता है।

### केवाईसी करवाने पर ही मिलेगा गैस सिलेंडर

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** गैस एजेंसी प्रभारी चौपाल गौरव पंवार ने कहा कि सभी गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी और मोबाइल नंबर अपडेट करवाना अनिवार्य हो गया है। आने वाले समय में पूरी कार्यप्रणाली डिजिटल होने वाली है। इसलिए सभी उपभोक्ता अपनी ईकेवाईसी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से गैस बुकिंग के लिए 84549-55555 नंबर पर मिस्ड कॉल करें, लेकिन ये मिस्ड कॉल उस दिन ही करें जब गैस की गाड़ी आपके क्षेत्र में आ रही हो। उन्होंने कहा कि मैसेज बॉक्स में चार अंकों का डिजिटल कोड आएगा। उसे डिलीवरी ब्वॉय को नोट करवा कर गैस सिलिंडर प्राप्त कर सकेंगे और डिजिटल माध्यम से ऑनलाइन बिल का भुगतान अपनी सुविधानुसार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में पूरी कार्य प्रणाली डिजिटल हो जाएगी। इसलिए सभी गैस उपभोक्ताओं को ईकेवाईसी करवाना अनिवार्य है। ऐसा नहीं होने पर गैस कनेक्शन स्वतः कट जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से यह भी आग्रह किया है कि यदि हॉज-पाइप दो साल से पुरानी हो चुकी है, या अनाधिकृत विक्रेता से ली गई है, तो अतिशीघ्र बदल दें क्योंकि ये आपकी व परिवार की सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक है। इसके अलावा अगर कोई भी उपभोक्ता किसी भी प्रकार की जानकारी लेना चाहता है तो 01783-260069 पर फोन कर सकता है।

# मांगों को लेकर गरजे 102 व 108 एंबुलेंस कर्मी

## कर्मचारियों ने न्यायिक आदेशों को लागू करने, न्यूनतम वेतन सहित कई मांगों को लेकर की हड़ताल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**


शिमला में 102 और 108 एंबुलेंस के कर्मचारी मांगों को लेकर हड़ताल करते हुए।

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली 102 और 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों की एक दिवसीय हड़ताल ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। श्रम कानूनों और न्यायिक आदेशों की धज्जियां उड़ाकर हो रहे शोषण के खिलाफ 'जीवनदायिनी' की भूमिका निभाने वाले इन कर्मचारियों ने जब अपनी ही जान बचाने के लिए चक्का जाम करना पड़ा, तो इसका सीधा असर हजारों मरीजों और उनके परिवारों पर पड़ा।

इसी कड़ी में प्रदेश 102 एवं 108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन संबंधित सीटू ने श्रम कानूनों व न्यायिक आदेशों को लागू करने, न्यूनतम वेतन व कर्मचारियों की प्रताड़ना बंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेशभर में एक दिन की हड़ताल का आयोजन किया। हड़ताल के दौरान हिमाचल प्रदेश के सभी 102 एवं 108 एंबुलेंस वाहनों का चक्का जाम रहा। इस दौरान किसी भी ड्राइवर व ईएमटी कार्य नहीं किया। हड़ताल के तहत सभी जिला मुख्यालयों, नेशनल हेल्थ मिशन प्रबंध निदेशक कार्यालय शिमला एवं मेडस्वान फाउंडेशन मुख्य कार्यालय धर्मपुर सोलन पर जोरदार प्रदर्शन हुए।

प्रदेश 102 एवं 108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन, संबद्ध सीटू, ने अपनी हड़ताल के माध्यम से यूनियन के नेता विजेंद्र मेहरा ने आरोप लगाया कि मुख्य नियोक्ता नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत मेडस्वान फाउंडेशन के अधीन काम कर रहे सैकड़ों पायलट, कैप्टन और ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल तकनीशियन) भयंकर शोषण का शिकार हैं। इन कर्मचारियों को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन तक नहीं मिलता। यह अपने आप में एक बड़ा उल्लंघन है।

### आवाज दबाने का हो रहा प्रयास

**कर्मचारियों** का कहना है कि जब वे अपनी यूनियन के माध्यम से आवाज उठाते हैं, तो उन्हें मानसिक और अन्य माध्यमों से प्रताड़ित किया जाता है। यूनियन के नेतृत्वकारी कर्मचारियों का या तो तबादला कर दिया जाता है या फिर उन्हें मानसिक तौर पर इतना परेशान किया जाता है कि वे नौकरी से त्यागपत्र देने को मजबूर हो जाते हैं।

### बेसिक सैलरी बहुत कम

**कर्मचारियों** के ईपीएफ (कर्मचारी भविष्य निधि) और ईएसआई (कर्मचारी राज्य बीमा) के क्रियान्वयन में भी भारी त्रुटियां बताई जा रही हैं। यह वित्तीय अनियमितताओं की ओर भी इशारा करता है, जिससे कर्मचारियों का भविष्य भी अधर में लटक रहा है।

### डीजीपी अतुल वर्मा ही सारे विवाद की जड़ : कर्म भाटिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस में डीजीपी अतुल वर्मा और एसपी संजीव गांधी के बीच चल रहा विवाद अब गहराता जा रहा है। संत श्री रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने इस पूरे प्रकरण के लिए सीधे तौर पर डीजीपी अतुल वर्मा को जिम्मेदार ठहराया है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। भाटिया ने आरोप लगाया कि डीजीपी वर्मा को तत्काल उनके पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए, क्योंकि वही इस पूरे विवाद की मूल जड़ में हैं। कर्म चंद भाटिया ने विमल नेगी मामले में डीजीपी अतुल वर्मा द्वारा उच्च न्यायालय में दायर शपथ पत्र पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि उस शपथ पत्र में ऐसा क्या 'गलत' लिखा गया था, जिसे उच्च न्यायालय और जनता से छुपाया गया?



## शिमला में पैरापिट पर बैठा दिखा तेंदुआ, गाड़ियों से भी नहीं डरा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**शिमला** के उप नगर टुटू में सोमवार रात को सड़क किनारे एक तेंदुआ देखा गया। तेंदुआ पैरापिट पर होकर बैठा था। गाड़ियों के आने-जाने पर तेंदुआ वहां से नहीं हिला। गाड़ी में जा रहे किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाया है। यह वीडियो शिमला जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट सड़क का बताया जा रहा है। शिमला के उप नगर टुटू में बार-बार तेंदुआ रिहायशी इलाकों में देखा जा रहा है। कई बार मॉर्निंग वॉक के दौरान भी लोगों को तेंदुआ नजर आ चुका है। कई बार शाम ढलते ही सड़क पर टहलते हुए लोगों को मिल जाता है।

करीब एक माह पहले टुटू चौक के साथ एक घर की बालकनी तक तेंदुआ पहुंच गया था। इससे क्षेत्र के लोग सहम गए थे। अभी भी महिलाएं और बच्चे सुबह-शाम अकेले घर से निकलने से कतरा रहे हैं। टुटू में तवी मोड़, बड़ेरी, टुटू



**लोगों ने पिंजरा लगाने और फॉरेस्ट एरिया में फेंसिंग की उठाई मांग**

चौक और पावर हाउस के आसपास कई बार तेंदुआ देखा जा चुका है।

स्थानीय निवासी तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और टुटू के साथ लगते जंगल की फेंसिंग करने की मांग कर रहे हैं, ताकि तेंदुआ जंगल से निकलकर रिहायशी इलाकों में न पहुंच सके। टुटू निवासी राजेश ने बताया कि क्षेत्र में मादा तेंदुआ कई बार देखी जा चुकी है। इसके साथ दो बच्चे भी घूमते रहे हैं।

## आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के तेजी से निकट आने को देखते हुए उपमंडल अधिकारी कार्यालय रामपुर द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत एक विशेष नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष उप-मण्डल अधिकारी, रामपुर के कार्यालय में स्थापित किया गया है । नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 01782-233002 है। उपमंडल अधिकारी रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि यह नियंत्रण कक्ष किसी भी प्रकार की आपदा या नुकसान की स्थिति में आम जनता को जानकारी उपलब्ध करवाने तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित किया गया है। जिसकी जिम्मेवारी अंकित चौहान, क्लर्क (मो. 9418062049), मधु, एसडीके (मो. 9459967380), शिव कुमार, एओके (मो. 7018696996) व प्रवीण कुमार, पीटीडब्लू (मो. 7590006969) को सौंपी गई है। उन्होंने जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की आपदा या असामान्य स्थिति की तत्काल सूचना नियंत्रण कक्ष को दें।

# मशोबरा में मक्की की बुआई का कार्य शुरू

## कृषि विभाग ने किसानों को उपलब्ध करवाया 113 क्विंटल बीज

**बाबू राम चौहान, अनंत ज्ञान**



**जुन्गा।** मई माह में काफी बारिश होने पर मशोबरा ब्लॉक के निचले क्षेत्रों में किसानों ने मक्की की बुआई का कार्य आरंभ कर दिया गया है। किसानों का रूझान नकदी फसलों के उत्पादन की ओर काफी बढ़ गया है। इसके बावजूद भी किसान अपने गुजारे योग्य पारंपरिक फसलों का उत्पादन करते हैं। इस बार कृषि विभाग मशोबरा ने किसानों को मक्का का उत्तम किस्म का बीज अनुदान पर उपलब्ध करवाया गया है। जिसमें मुख्यत: सिंगल क्रॉस किस्म बी 52 गोल्ड, मक्का के सुपर, हाईब्रिड कॉर्न 9784 और मक्का पीजी 2442 किस्म के बीज शामिल हैं।

प्रगतिशील किसान प्रीतम ठाकुर, अतर सिंह ठाकुर सहित अनेक किसानों ने बताया कि बैंलों के द्वारा अच्छी बुआई की जाती है जिसमें बीज को लाईन में डाला जाता है जबकि टिल्लर के माध्यम से छटटे से बिजाई होती है जोकि इनकी लाभदायक नहीं पाई जाती है। इनका कहना है कि नकदी फसलों के कारण पारंपरिक फसलों का प्रचलन कम हो गया है जबकि अतीत में किसान पूरे वर्ष भर के लिए खाद्यान्न उगाते थे।

उपनिदेशक कृषि विभाग शिमला डॉ. अजब नेगी ने बताया कि जिला के केवल मशोबरा, बसंतपुर और टूटू ब्लॉक में मक्का का उत्पादन किया जाता है जबकि अन्य ब्लॉक में लोग केवल भुटटे के लिए थोड़ी बहुत मक्की की बीजाई करते हैं। उन्होंने बताया कि इस साल किसानों को विभिन्न किस्म का मक्का बीज 113 क्विंटल उपलब्ध करवाया गया जिस पर 20 प्रति किलोग्राम अनुदान दिया गया।

डॉ. नेगी ने बताया कि शिमला जिला में 8 हजार हैक्टेयर भूमि पर 20 हजार मिट्रिक टन खरीफ फसलों का उत्पादन होता है। इसके अतिरिक्त किसानों को चरी और बाजरा के 378 क्विंटल बीज अनुदान पर पशुओं के चारा के लिए उपलब्ध करवाए गए।

# नशे से निपटने के लिए करना होगा साझा प्रयास : उपायुक्त

## बोले, जिलेभर में चलाया जाएगा जनजागरूकता अभियान

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समन्वय की बैठक**

**बिलासपुर।** पुलिस विभाग की ओर से बुधवार को नशे के उन्मूलन और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र (एनकॉर्ड) की बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता डीसी राहुल कुमार ने की। बैठक में पुलिस अधीक्षक संदीप धवल, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले में ड्रग तस्करी और नशीले पदार्थों के बढ़ते प्रभाव से संबंधित विषयों पर गहन चर्चा की गई। अधिकारियों ने नशा उन्मूलन को लेकर अपने सुझाव साझा किए और आपसी समन्वय के साथ निरंतर कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। डीसी ने नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ चल रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस गंभीर चुनौती से निपटने के लिए हर विभाग को मिशन मोड में, समन्वय और सहयोग की भावना से कार्य करना होगा। जिले में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में विशेषकर शैक्षणिक संस्थानों से लेकर पंचायत स्तर तक, व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान आरंभ किए जाएंगे, ताकि समाज को नशे के दुष्परिणामों के प्रति संवेदनशील और सतर्क बनाया जा सके। डीसी ने ड्रग फ्री हिमाचल मोबाइल ऐप का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि यह ऐप आम नागरिकों को नशे के खिलाफ इस लड़ाई में सक्रिय भागीदार बनाता है। यदि किसी व्यक्ति को अपने क्षेत्र में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार की जानकारी है, तो वह इस ऐप के माध्यम से गोपनीय रूप से सूचना साझा कर सकता है। बैठक में पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश भर में नशे के विरुद्ध व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में एनडीपीएस एक्ट के तहत जिले में कुल 196 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि वर्ष 2025 में अब तक 84 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। वर्ष 2024 में चिट्टे के ओवरडोज से पांच लोगों की मृत्यु हुई, जिनमें चार बिलासपुर जिले से और एक अन्य राज्य से था। वहीं 2025 में अब तक दो बाहरी व्यक्तियों की ओवरडोज से मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वर्ष 2024 में 27 मई तक कुल 83 मामले दर्ज किए गए थे, जबकि वर्ष 2025 में इसी अवधि तक यह संख्या बढ़कर 84 हो गई है।

## बिलासपुर में थमे 102 व 108 एंबुलेंस के पहिए, मांगों को लेकर निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

102 एवं 108 एंबुलेंस सेवा में कार्यरत कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर 24 घंटे की सांकेतिक हड़ताल पर चले गए हैं। सीटू के बैनर तले 102 एवं 108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन के सदस्यों ने 12 सूत्री मांगों को लेकर रोष रैली निकाली और जिला मुख्यालयों पर उपायुक्तों को ज्ञापन सौंपा है। बिलासपुर जिले के सीएचसी, पीएचसी, सिविल अस्पताल व जोनल अस्पताल में तैनात 108 व 102 एंबुलेंस में कार्यरत कर्मचारियों ने एकजुट होकर सीटू कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जिला अस्पताल से उपायुक्त कार्यालय परिसर तक रोष रैली निकाली गई और उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारी यूनियन के सदस्य संजीव कुमार व जिला कन्वेनर सीटू विजय शर्मा ने कहा कि मंगलवार रात 8 बजे से बुधवार रात 8 बजे तक 24 घंटे तक 108 व 102 एंबुलेंस के पहिये थमे रहे और मरीजों को आपातकालीन एंबुलेंस सेवा सुविधा नहीं मिल पाई।

108 व 102 एंबुलेंस सेवा कर्मचारियों की मांग है कि सरकारी नियमानुसार उन्हें न्यूनतम वेतन दिया जाए। बारह घंटे काम करने पर उन्हें डबल ओवरटाइम दिया जाए। नियमानुसार सभी छुट्टियां, गाड़ियों की मेंटेनेंस, इंश्योरेंश व बीमारी के दौरान पूर्ण वेतन देने व लेबर कोर्ट व सीजेएम कोर्ट शिमला की ओर से न्यूनतम वेतन को लेकर जारी आदेशों को लागू करने, वेतन में हर वर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि करना सहित अन्य कई मांगे शामिल हैं। संजीव का कहना है कि वर्ष 2010 में शुरू हुई एंबुलेंस सेवा को आज 15 साल पूरे हो गए हैं, मगर आजतक कर्मचारियों को 11,700 रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा है, जबकि वर्ष 2018 में कर्मचारियों ने हड़ताल की थी और उस समय उच्च न्यायालय, लेबर कोर्ट व सीजेएम कोर्ट शिमला की ओर से 8 घंटे का न्यूनतम वेतन 17,200 रुपए दिया जाना चाहिए। बावजूद इसके कंपनी कर्मचारियों से 12 घंटे काम करवाकर भी तय वेतन नहीं दे रही है।

## विमल मौत मामले में तथ्य छुपाती रही सरकार : गर्ग

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि विमल नेगी मौत मामले में सीबीआई जांच की मांग भाजपा ने पहले दिन से की थी।



उन्होंने कहा कि जब नेगी का शव संदिग्ध हालत में मिला था, तब भाजपा ने मामले को सीबीआई को सौंपने की मांग उठाई थी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित भाजपा नेताओं ने यह मुद्दा विधानसभा में भी उठाया था। नेगी के परिजन भी लगातार सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार मामले में तथ्य छिपाती रही और सवाल उठता है कि वह आखिर किसे बचाने की कोशिश कर रही थी।

गर्ग ने कहा कि अब माननीय अदालत के आदेश पर मामला सीबीआई को सौंपा गया है। इस पूरे मामले में प्रदेश सरकार की भारी किरकिरी हुई है। गर्ग ने कहा कि विमल नेगी का शव जब बरामद हुआ, तो उनकी जेब से एक पेन ड्राइव मिला, लेकिन उस पैन ड्राइव को भी छुपाया गया। इस पैन ड्राइव से डाटा मिटा दिया गया। उन्होंने कहा कि आखिरकार प्रदेश सरकार क्या छिपाने की कोशिश कर रही है।

## बिलासपुर में चिट्टा सप्लायर दीपक दबोचा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही जिला बिलासपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। स्पेशल डिटेक्शन टीम बिलासपुर ने लखनपुर स्थित बीडीओ ब्लॉक के पास नाका लगाकर चिट्टे की भारी खेप के साथ एक सप्लायर को दबोचा है। आरोपी की पहचान दीपक चंदेल उर्फ शानू के रूप में हुई है, जो झंडूत्ता व दयारा सेक्टर में नशे की सप्लाई का मुख्य सरगना माना जाता है। टीम ने दीपक चंदेल के कब्जे से 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया है।

## पट्टा में बेकाबू ट्रक ने 3 गाड़ियों को मारी टक्कर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राष्ट्रीय राजमार्ग शिमला-मटौर 103 पर घुमारवीं शहर के साथ लगते पट्टा गांव के समीप बुधवार सुबह करीब 6 बजे एक बेकाबू ट्रक ने सड़क किनारे खड़े तीन वाहनों को टक्कर मार दी। इस टक्कर में दो कारें और एक जीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस हादसे में एक कार के परखचे उड़ गए। हालांकि, इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। यह ट्रक घुमारवीं से कांगड़ा की ओर जा रहा था। पट्टा गांव के समीप चालक ने अचानक ट्रक से नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क किनारे खड़े वाहनों से जा टकराया। हादसे के वक्त कई लोग सुबह की सैर के लिए निकले थे। उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। सभी पक्षों के बीच आपसी समझौता हो जाने के चलते मामला दर्ज नहीं किया गया है। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने लोगों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन खड़ा करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतें। भारी वाहनों के चालकों से भी आग्रह किया कि वे निर्धारित गति सीमा का पालन करें।

## ड्रग इंस्पेक्टर दिनेश गौतम ने संभाला कार्यभार



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं में बुधवार को ड्रग इंस्पेक्टर दिनेश गौतम ने पदभार संभाला। इससे पहले वह हमीरपुर सहित अन्य जगहों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार संभालने के मौके पर उन्होंने सरकार की योजनाओं को ईमानदारी से लागू करने और ड्रग के महत्व को ध्यान में रखते हुए लोगों को जागरूक करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर ड्रग इंस्पेक्टर ने सभी दवा विक्रेताओं को बिल पर दवा लेने और बिल पर ही दवा बेचने का आग्रह किया। उन्होंने केमिस्टों को सभी कागजात भी मेंटेन रखने को कहा। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# झंडूता में 200 साल पुराने ऐतिहासिक नौण की सफाई

## लोगों को पीने के पानी की समस्या से मिलेगी निजात

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**


ठाकुरद्वारा मंदिर के समीप नौण की सफाई करते युवक।

**झंडूता।** झंडूता पंचायत में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर के समीप लगभग 200 वर्ष पुराने नौण की युवाओं ने एकजुट होकर साफ-सफाई की। यह नौण राजाओं के समय से क्षेत्र की जल आपूर्ति का महत्वपूर्ण स्रोत रहा है, लंबे समय से उपेक्षा का शिकार था।

सफाई न होने के कारण इसका पानी दूषित हो चुका था। गर्मियों में लोगों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ता था। नौण की स्थिति तब और बिगड़ गई थी, जब मंदिर के निकट होने के कारण लोग मछलियों को चारा डालते थे। इससे पानी में जैविक कचरा जमा हो गया और यह पूरी तरह से प्रदूषित हो गया। इस गंभीर समस्या को देखते हुए पंचायत झंडूता और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं ने सामुदायिक सहयोग से नौण की सफाई का फैसला लिया। युवाओं ने दिनभर कड़ी मेहनत कर नौण को स्वच्छ बनाया। इस पहल ने न केवल जल स्रोत को पुनर्जनन दिया, बल्कि सामुदायिक एकता की मिसाल भी पेश की। यह नौण राजाओं के समय से क्षेत्र की जल आपूर्ति का प्रमुख स्रोत रहा है। इसका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व इसे स्थानीय समुदाय के लिए विशेष बनाता है। मंदिर के पास होने के कारण यह धार्मिक गतिविधियों का भी हिस्सा रहा है। इस मौके पर उपप्रधान राकेश चंदेल, समाजसेवी रमेश, यशपाल, बीना देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

## चौथे शूटर को पकड़ने में पुलिस नाकाम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने डीसी को सौंपा ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए जानलेवा हमले को दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक चौथे शूटर को पकड़ने में नाकाम रही है। इस मामले में कार्रवाई में हो रही देरी को लेकर बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने उपायुक्त बिलासपुर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में मांग की गई कि फरार शूटर को जल्द गिरफ्तार किया जाए और पूरे प्रकरण में शामिल अपराधियों, साजिशकर्ताओं और दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देशराज ठाकुर, पूर्व शहरी कांग्रेस अध्यख हुसैन अली, मस्तराम वर्मा, अईम मोहम्मद ने इस मामले को लेकर की जांच के लिए पुलिस के अधिकारी भी अच्छे से काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चौथा शूटर पुलिस की पकड़ से बाहर है, क्योंकि उसे डीजीपी का संरक्षण प्राप्त है। बिलासपुर में नशा माफिया को खुला संरक्षण मिल रहा है, जिस तरह से पुलिस अधिकारियों की आपसी खींचतान सामने आई है, उससे स्पष्ट है कि डीजीपी कार्यालय में बैठे लोग तस्करों को संरक्षण दे रहे हैं। इस पूरे मामले ने एक बार फिर पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और राजनीतिक गलियारों में भी हलचल मचा दी है।

# सचिन ने हरियाणा के रोहित को हराकर जीता कसोल दंगल


समाजसेवी राजेश ठाकुर ने विजेता पहलवान को गुर्ज और 21 हजार रुपए देकर सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**कोलबांध** परियोजना के कसोल गांव में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दंगल कमेटी प्रधान पंकज ठाकुर ने बताया कि छिंज का शुभारंभ बीडीसी सदस्य अशोक ठाकुर और हरनोड़ा पंचायत के उपप्रधान राजीव ठाकुर ने किया, जबकि समापन पर समाजसेवी राजेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने विजेता व उपविजेता पहलवानों को पुरस्कार बांटकर सम्मानित किया। बड़ी माली का खिताब पहलवान सचिन मिर्जापुर ने हरियाणा के रोहित को हराकर जीता। विजेता को गुर्ज और 21 हजार व उपविजेता पहलवान को 15 हजार की राशि भेंट की गई । छोटी माली में मंडी जिले के पहलवान नवीन ने रोहतक के सागर को पटकनी दी और खिताब अपने नाम किया। उन्होंने 11 हजार रुपए नकद और गुर्ज जीता, जबकि तीसरी सबसे छोटी माली में चांदपुर अखाड़े के अभिनव ने ध्वाल अखाड़े के हिमांशु को हराकर खिताब जीता। विजेता को 51 सौ और उपविजेता पहलवान को 31 सौ रुपए की राशि इनाम के तौर पर दी गई। मुख्यातिथि राजेश ने छिंज आयोजकों को बधाई दी और 15 हजार रुपए की राशि भेंट की। दंगल कमेटी के प्रधान पंकज ठाकुर ने पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। दंगल को सफल बनाने में कुलवीर ठाकुर, राजपाल ठाकुर, ब्रजेश ठाकुर, मनोज ठाकुर, ज्ञान चंद, ज्ञान सिंह, नरेश शर्मा, विक्रम, अजय, पवन कुमार, नीरज कुमार, बलवंत सिंह, चंद्रशेखर और रजनीश आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## हरित्तलयांगर में डंगे से गिरने से बुजुर्ग की मौत

**जगदीश सेठी, अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** घुमारवीं उपमंडल की डंगार पंचायत के तहत आने वाले हरित्तलयांगर गांव के रिहडू क्षेत्र में मंगलवार को 95 वर्षीय वृद्ध की डंगे से गिरने से मौत हो गई। हरशु राम (पुत्र छांगू राम) दोपहर के समय अपने घर से कहीं बाहर गए थे। जब वह शाम तक घर वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। काफी देर तलाश करने के बाद डंगे के नीचे बेसुध अवस्था में मिले, जब तक उनकी मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए घुमारवीं अस्पताल भेजा। मामले की पुष्टि डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने की है। मृतक हरशु राम गरीब परिवार से संबंध रखता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शोकग्रस्त परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। वहीं, डंगार पंचायत की प्रधान अनीता धीमान और उपप्रधान दीप सिंह पटियाल भी मौके पर पहुंचे और परिवार को ढांढस बंधाया।

## न्यूज ब्रीफ

### डलहौजी कैंट में आज होगा नगर कीर्तन

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** शहीदों के सरताज श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहीदी गुरुपूर्व पर हर साल की तरह श्री गुरु सिंह सभा डलहौजी कैंट में की तरफ से बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। श्री गुरु सिंह सभा डलहौजी कैंट सभी संगतों से विनती करते हैं कि वीरवार को गुरुद्वारा से नगर कीर्तन प्रारंभ होकर टैगोर चौक पर भाई अरविंदर सिंह नानकसर कलेरा वाले व भाई गुरु इकबाल सिंह अपने कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल करेंगे । 30 मई को सुबह 6:00 बजे से 10:30 तक कीर्तन सुखमणि साहिब सेवा समिति श्री दरबार साहिब अमृतसर भाई श्याम सिंह का जत्था संगतों को कीर्तन द्वारा निहाल करेगा । उसके बाद 12:00 से 1:30 बजे तक दोपहर भाई अरविंदर सिंह नानकसर कलेरा वाले शब्द कीर्तन द्वारा संगतो को निहाल करेंगे। सिंह सभा द्वारा सभी संगतों को हाथ जोड़कर विनती है की गुरुद्वारा हाल में पहुंचकर शब्द कीर्तन द्वारा गुरु महाराज की खुशियां प्राप्त करें । अतः गुरु का अटूट लंगर भी बरताया जाएगा । इसलिए सब संगत से विनती है की ज्यादा से ज्यादा संगत इकट्ठा होकर गुरुद्वारा साहिब हाल पहुंचे ।

### माहवारी एक वरदान है न कि अभिशापः कमल



**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, भरमौर।** विश्व माहवारी स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षक कमल मनकोटिया ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि माहवारी आना एक वरदान है न कि अभिशाप है। उन्होंने कहा कि नियमित माहवारी ना आने से स्त्री को मातृत्व का वरदान नहीं मिल सकता है। महीने के इन 4 या 5 दिनो में लड़कियों एवं महिलाओं को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। जिससे संक्रमण इत्यादि से बचा जा सके। लड़कियों को बेझिझक इस बारे खुल कर बात करनी चाहिए। इससे पहले स्वास्थ्य शिक्षक कमल मनकोटिया ने विद्यालय में धूम्रपान मुक्त संस्थान का निरीक्षण किया। स्थानीय स्कूल के हेल्थ नोडल अधिकारी विजय कुमार शर्मा ने बताया कि संस्थान में किसी भी प्रकार की नशीली दवाओं, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटका, कुलीप आदि नशों से बच्चों को दूर रखा जाता है। ना ही आस पास की दुकानों में मादक पदार्थों के बेचने पर भी पूरा प्रतिबंध है। प्रधानाचार्य अरुणा ने बताया कि अगर इसका कोई उल्लंघन करता पाया गया तो उनकी शिकायत एडीएम भरमौर व थाना प्रभारी भरमौर को की जाएगी।

### स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी शंकरी का निधन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** जिला मंडी के सरकाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत सधोट के वार्ड दो मोरतन से संबंध रखने वाली स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय हरीदास की धर्मपत्नी शंकरी देवी का निधन उनकी वेटे के घर जमसाई में हो गया, वे 98 वर्ष की थीं। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनकी अंतिम यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, पंचायत उप प्रधान कुलदीप ठाकुर, सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भाग लिया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मौसम की बेरुखी से किसान निराश

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान, महादेव।** ऊंचाई वाले इलाकों रोहांडा वैली खासकर बरोकड़ी, पंडार, चौकी, घीड़ी आदि में बारिश होने से मौसम और अधिक कूल-कूल हो गया, जबकि निचले मैदानी इलाकों में पांचवीं बार काले घने बादल छाए तो जरुर मगर तेज हवाएं चलने से बादल छंटने चले गए और एक बार फिर बारिश आते-आते चली गई। मौसम की इस तरह की बेरुखी से तपते मौसम में एक बार फिर अबकी बार खासकर खरीफ की फसल बिजाई की तैयारी किए बैठे किसानों को निराशा ही हाथ लगी।

# 102 व 108 एंबुलेंस कर्मियों का प्रदर्शन

## चौगान में नारेबाजी कर प्रदेश सरकार की कर्मचारी-विरोधी नीतियों के खिलाफ जताया रोष

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



**चंबा।** प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन (सीटू से संबद्ध) द्वारा राज्य सरकार और मेडस्वान फाउंडेशन के खिलाफ किए गए 24 घंटे के हड़ताल आंदोलन ने बुधवार को चंबा में बड़ा रूप ले लिया। चौगान नंबर-1 में जोरदार नारेबाजी के साथ प्रदर्शन की शुरुआत हुई। नारों के माध्यम से प्रदेश सरकार की कर्मचारी-विरोधी नीतियों के खिलाफ रोष प्रकट किया गया।

इसके बाद प्रदर्शनकारी रैली के रूप में चंबा बाजार से होते हुए उपायुक्त कार्यालय (डीसी कार्यालय) के बाहर धरने पर बैठ गए। अनंत ज्ञान चैनल से बातचीत में सुनील कुमार ने कहा कि हम एंबुलेंस कर्मचारी दिन-रात लोगों की जान बचाने के लिए काम करते हैं, लेकिन हमारे साथ भारी शोषण किया जा रहा है। न न्यूनतम वेतन मिलता है, न ओवरटाइम का भुगतान। सरकार व प्रबंधन हमें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। हमारी मांगें जायज़ हैं और जब तक इन्हें नहीं माना जाता, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। यूनियन ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें नहीं मानी गईं, तो राज्यभर में आंदोलन को और तेज़ किया जाएगा। यह प्रदर्शन कर्मचारियों के हक और सम्मान की लड़ाई है, जो अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है।

**ये हैं मांगें**

1. सरकारी नियमानुसार न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाए।
2. 12 घंटे कार्य के लिए डबल ओवरटाइम वेतन प्रदान किया जाए।
3. नियमानुसार सभी प्रकार की छुट्टियों का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए।
4. वाहनों की उचित मेंटेनेंस, इंश्योरेंस और बीमार कर्मचारियों को पूर्ण वेतन मिले।
5. प्रदेश उच्च न्यायालय, लेबर कोर्ट, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट और श्रम विभाग के आदेशों को तत्काल लागू किया जाए।
6. यूनियन नेताओं का तबादला, मानसिक उत्पीड़न और सेवा से हटाना बंद किया जाए; संविधान के अनुच्छेद 19 और 21 के तहत उनके अधिकारों की रक्षा की जाए।
7. ईपीएफ और ईएसआई में हो रही गड़बड़ियों को तुरंत ठीक किया जाए।
8. बेसिक सैलरी को बढ़ाया जाए।
9. जीवीके ईएमआरआई द्वारा हटाए गए कर्मचारियों को सेवा की निरंतरता या सभी बकाया लाभ दिए जाएं।
10. जीवीके ईएमआरआई के कार्यकाल में जो वेतन कम दिया गया, उसका एरियर तुरंत दिया जाए।
11. हर वर्ष वेतन में कम से कम 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाए।
12. सभी श्रम कानूनों को पूर्णतः लागू किया जाए।

## खुशी ठाकुर ने लिखी देशभक्ति कविता, शिक्षक से मिली प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, चंबा**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लड्डा (चंबा) की आठवीं कक्षा की छात्रा खुशी ठाकुर ने अपने हिंदी अध्यापक सुभाष चंद से प्रेरित होकर एक देशभक्ति कविता की रचना की है। यह कविता प्रदेश के वीर सपूत सूबेदार मेजर पवन कुमार शहादत को समर्पित है, जो ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए थे। खुशी ने बताया कि उनके गुरुजी सुभाष चंद अब तक 300 से अधिक कविताएं लिख चुके हैं और उनका काव्य संग्रह उम्मीदों तक प्रयास प्रकाशित हो चुका है। उनकी रचनाओं से प्रेरित होकर ही खुशी ने यह कविता लिखी है और भविष्य में भी लेखन जारी रखने की इच्छा जताई।

**कविता की पंक्तियां**

ऐसे वीरों को मेरा सदा ही
प्रणाम, जो देश रक्षा में गंवा
चुके हो जान।
खून से लथपथ थी
जब काया, फिर
भी बने वे देश
का साया।
था देशसेवा में
समर्पित काम, तभी
देशवासी करें
मिलकर प्रणाम।
वीरभूमि में दुश्मनों
के छक्के छुड़वाए,
लगे गंभीर घाव न वे सह वे पाए।
था बलिदान का जज्बा तो
सैनिक बने, खतरनाक बंदूकें धरे
वे कंधे तने।
युद्ध कौशल की रणभेरी का ये
रखते ज्ञान, अदम्य सहास स्वामी
यह सैनिक तिरंगे की शान।
आपेरेशन सिंदूर के हीरो सूबेदार
मेजर पवन कुमार,याद उन्हें हम
रखकर करते रहेंगे ताउम्र प्रणाम।

# शिक्षा है बदलाव की चाबी : ठाकुर

## विधायक का विद्यालय निरीक्षण बना प्रेरणा का संदेश

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



**डलहौजी** के विधायक डीएस ठाकुर ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक बेहद प्रेरणादायक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने कहा कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसे आप दुनिया को बदलने के लिए उपयोग कर सकते हैं। यह विचार महान नेता नेल्सन मंडेला के शब्दों को उद्धृत करता है, जिसे डीएस ठाकुर ने अपने विद्यालय निरीक्षण के संदर्भ में साझा किया।

इस दौरान विधायक ठाकुर ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का दौरा किया और शिक्षण व्यवस्था का नजदीक से जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों से संवाद करते हुए न सिर्फ उनकी समस्याएं सुनीं, बल्कि उनकी बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन भी दिया। शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और जमीनी स्तर पर सक्रिय भागीदारी ने स्थानीय लोगों के बीच एक नई ऊर्जा का संचार किया है। इस पहल की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है, और लोग इसे एक सकारात्मक बदलाव की शुरुआत मान रहे हैं। डीएस ठाकुर का यह कदम सिर्फ एक औपचारिक निरीक्षण नहीं, बल्कि शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने की सशक्त पहल है।

**निरीक्षण के मुख्य बिंदु**

- -स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा
- -छात्रों की उपस्थिति व शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन
- -शिक्षकों के साथ खुली चर्चा
- -डिजिटल शिक्षा के संसाधनों पर विशेष ध्यान

## चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी दी

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान, चुराह।** जिला बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रान के बच्चों व अध्यापकों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों व अध्यापकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस उपलक्ष्य पर स्थानीय निवासी तथा जिला परिषद सदस्य व समाजसेवी मनोज कुमार मनु भी मौजूद रहे। स्कूल के बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन की काउंसलर नीता देवी व केस वर्कर चैन सिंह ने चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी दी व मुफ्त चाइल्ड हेल्पलाइन फोन सेवा 1098 के माध्यम से अनाथ अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल विवाह से ग्रसित, बाल-मजदूरी से ग्रसित, छेड़छाड़ से पीड़ित, घरेलू हिंसा से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर साच में गूंजा राष्ट्रभक्ति का जयघोष



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**भारतीय** सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किए जाने की सफलता को समर्पित एक ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत साच में किया गया। यह कार्यक्रम जिला परिषद वार्ड बख्तपुर के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसमें देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत जनसमूह ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. नीलम कुमारी ने कहा कि भारतीय सेना ने जिस पराक्रम और साहस का परिचय 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत दिया है, वह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर जवानों के सम्मान में एक सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने महिला शक्ति का भी विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी असली नारी शक्ति की पहचान हैं जैसे विंग कमांडर व्योमिका सिंहऔर कर्नल सोफिया कुरैशी, जिन्होंने सैन्य क्षेत्र में अद्भुत योगदान दिया है। आज समाज को चाहिए कि वह अपने सच्चे हीरो को पहचाने और उन्हें सम्मान दे। डॉ. नीलम ने यह भी साझा किया कि वह स्वयं एनसीसी कैडेट रह चुकी हैं और उन्हें रिज़र्व फौज में सेवा देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि जब भी देश को मेरी आवश्यकता होगी।

**नीलम कुमारी के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा**

## सनातन धर्म की रक्षा करना प्रथम कर्तव्यः राम शरण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** श्री रामकृष्ण आश्रम अन्नपूर्णा माता मंदिर लदरूहीं में साकेत वासी श्री 1008 महंत गोविंद दास वैष्णव महाराज की पुण्यस्मृति में आयोजित संत सम्मेलन का समापन भक्ति और श्रद्धा के साथ हुआ। देश व प्रदेश से पधारे अनेक साधु-संतों ने सम्मेलन के अंतिम दिन महंत गोविंद दास जी की समाधि पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके तप, त्याग और धर्म सेवा को स्मरण किया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में श्री 1008 महामंडलेश्वर राम शरण महाराज ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा करना हम सभी का प्रथम कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्म ही जीवन का आधार है और इसके बिना मनुष्य की गति नहीं हो सकती। उन्होंने सेना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो सैनिक सीमाओं पर डटा होता है, वही असली रक्षक होता है। यदि वह हार जाए तो समझो पूरा देश हार गया। महामंडलेश्वर ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए नागा बाबा, साधु-संतों ने इतिहास में महान योगदान दिया है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान आज होगा शुरू

## किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों व उन्नत बीजों की दी जाएगी जानकारी

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** किसानों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) चंबा के तत्वावधान में 29 मई से 12 जून तक 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से जिलेभर के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और उन्नत बीजों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

केंद्र के प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य किसानों को खरीफ फसल सीजन के लिए तैयार करना और उन्हें उन्नत कृषि पद्धतियों से जोड़ना है। अभियान के तहत कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन विभागों सहित आत्मा परियोजना और अन्य संबद्ध विभागों के विशेषज्ञ अधिकारी भी भाग लेंगे।

डॉ. कुमार ने बताया कि पहले चरण में जनजातीय विकासखंड पांगी को छोड़कर लगभग 200 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए कृषि विज्ञान केंद्र चंबा ने तीन विशेष टीमों का गठन किया है। इन टीमों का नेतृत्व क्रमशः डॉ. धर्मेंद्र कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. केहर सिंह ठाकुर, और वैज्ञानिक डॉ. सुशील धीमान करेंगे, जो गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे।

अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए पंजुंगला (कीड़ी), वन वंधु (मैहला), होली वैली (होली) जैसे किसान उत्पादक संगठनऔर सेवा, पहाड़, सुविधा जैसे स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों को भी अभियान में जोड़ा गया है। डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे स्थानीय स्तर पर आयोजित इन कार्यक्रमों में भाग लेकर नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी लें और अपने खेतों की उत्पादकता में वृद्धि करें।

**कृषि विज्ञान केंद्र चंबा ने तीन विशेष टीमों का किया गठन : डॉ. धर्मेंद्र कुमार**

# रागी जत्थे ने कीर्तन से संगत को कराया शांति का अनुभव



**गुलशन गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**रिवालसर।** इतिहासक गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज, गुरुकोठा साहिब में तीन दिवसीय सालाना जोड़ मेले का आयोजन श्रद्धा और धूमधाम से किया गया। यह धार्मिक समागम श्री गुरु सिंह सभा गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी रिवालसर साहिब, गुरुकोठा साहिब तथा गुरुद्वारा साहिब नेरचौक द्वारा संत बाबा अजैब सिंह जी फक्कर व स्थानीय संगत के सहयोग से संपन्न हुआ।

मेले की शुरुआत 26 मई को श्री अखंड पाठ साहिब के प्रारंभ से हुई, जिसका पूर्ण भोग आज प्रातः डाला गया। इस शुभ अवसर पर कीर्तन दरबार सजाया गया, जिसमें प्रमुख रूप से जत्थेदार बाबा बलविंदर सिंह जी द्वारा कथा-विचार प्रस्तुत किए गए। भाई जसपाल सिंह खालसा जी के रागी जत्थे ने मधुर शब्द कीर्तन से संगत को आत्मिक शांति का अनुभव कराया। समापन अवसर पर विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर बरताया गया। संत बाबा अजैब सिंह जी फक्कर व उनके सेवकों द्वारा विशेष रूप से मिठाई और पकौड़े का लंगर भी वितरित किया गया।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव मनप्रीत सिंह ने जानकारी दी कि इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र भर से हज़ारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु चरणों में श्रद्धा अर्पित की। इस अवसर पर प्रधान सरदार सरदारा सिंह जी ने सभी आई हुई संगत, संत बाबा अजैब सिंह जी फक्कर व उनके समूचे जत्थे का धन्यवाद किया।

**गुरुकोठा साहिब में श्रद्धा से मनाया जोड़ मेला**

**कार्यालय ग्राम पंचायत उलांसा**
**विकास खंड भरमौर, जिला चंबा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में प्रस्ताव पेश किया गया कि ग्राम पंचायत उलांसा में वर्ष 2025-26 में करवाए जाने वाले विकास कार्यो के लिए सामग्री जैसे रेता, बजरी, ईंटें सरिया, इंटर लॉक टाइल्स, शटरिंग, CGI Sheets, व अन्य सामाग्री जो विकास कार्यो से सम्बंधित हो, के समाग्री क्रय हेतू कुटेशने आमंत्रित की जानी है। अतः पंचायत विचार करे । विचार-विमर्श उपरांत प्रस्ताव सर्व-सहमति से पास व पारित किया गया । दिनांक 24-05-2025 को पंचायत बैठक तक दोपहर 12 बजे तक कुटेशनें ली जाएंगी तथा उसी दिन दिनांक 24-05-2025 को ही 1 बजे पंचायत बैठक में खोली जाएंगी । तथा सम्पूर्ण प्रक्रिया उपरांत कम दर बाली कुटेशन को पास कर एजेंसी को सप्लाई आर्डर दे दिए जाएंगी। सभी कुटेशन दाता को सूचित किया जाता है । कि कुटेशन के साथ सभी संबंधित दास्तावेज जैसे फोटो कॉपी GST नंबर, बैंक पासबुक, आधार कार्ड पैन कार्ड, एम फार्म व (2.50000/-) ढाई लाख रुपए का चेअ सिक्योरिटी के रूप में जमा करना होगा । तभी कुटेशन मान्य होगी ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत उलांसा**
**विकास खंड भरमौर, जिला चंबा (हि.प्र.)**

**अनंत Classifieds**

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, अनिल कुमार** निवासी गांव व डाकघर नबाही व तहसील सरकाघाट, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि पंचायत रिकॉर्ड में मेरे दिवंगत पिता का नाम गलत तरीके से जगरनाथ के रूप में दर्ज किया गया है। उनका वास्तविक नाम जगन नाथ (Jagan Nath) है। संबंधित नोट करें।

**नाम दुरूस्ती**

**मैं, स्नेहलता** पत्नी श्री सगन लाल गुप्ता गांव व डाकघर वनघ्यार, मारंडा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176102, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम सनेह लता (SANEH LATA) से बदलकर स्नेहलता (SNEHLATA) रख लिया है। सभी संबंधितों नोट करें।

### सूडोकु नवताल- 7444 (कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7443 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का पंचांग

**वीरवार, 29 मई 2025**

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** तृतीया (11:21): **नक्षत्र** आर्द्रा (10:40), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** शूल (03:46), अभीजित (10:50-12:44)। **राहुकाल** (02:02-03:45)।

**विशेष दिन**

- 29 मई 2025: महाराणा प्रताप जयंती आज।
- 29 मई 2025: महाराजा छत्रसाल जयंती आज।

## आज का राशिफल

**बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम**

**मेषः** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृषः** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मिथुनः** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधनों में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**कर्क**ः समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंहः** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**कन्याः** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**तुलाः** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि व अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृश्चिकः** समाज में मान-सम्मान मिलेगा। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**धनुः** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें।

**मकरः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कुंभः** सुख-आनंददायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए समय अच्छा रहेगा।

**मीनः** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढाकगाँव**
**विकास खंड छौहारा, जिला शिमला (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ढाकगाँव विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 28-05-2025 से 05-06-2025 को सांय 5 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें, पंचायत द्वारा दिनांक 09-06-2025 को समय 11 बजे निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित समिति के सामने खोला जाएगा।

**सामग्री का विवरणः-** 1 रेता क्रेशर/खान, रेता, बजरी 10,20,40 एमएम, 4 पत्थर, 5 पक्की ईंट, एमएम बीबीसी, 6 सामग्री ढुलान चड़गांव व रोहडू से ट्रैक्टर, कैंपर, पिकअप, आदि द्वारा, 7 चादरें/ सरिया 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम, 16 एमएम हर प्रकार का, 7 एंगल हर प्रकार के, 8 लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखट, कुंडे व कब्जे आदि , 9 पेंट व पुटी, 10 कंप्यूटर / लैप टॉप खरीद व मुरम्मत, 11 पीबीसी पाइप /पानी की पाइप आदि, 12 बिजली की फिटिंग सामग्री, फर्नीचर टेबल कुर्सी आदि।

**निविदाओं की अन्य शर्ते निम्न प्रकार से हैं:-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2. दरें 1 साल तक मान्य होगी। 3. प्रत्येक सामग्री को सूचिबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। 4. निविदा पत्र साफ-साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पड़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी निविदा में त्रुटी या समझ नहीं आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। 5. निविदाकर्त्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक है जो सरकार/ विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6.अन्य नियम व शर्तें दिनांक 09-06-2025 को बताई जाएगी। 7.पंचायत के सभी वार्डो को एक ही मूल्य मान्य होगा। 8. समस्त प्रकार की अदायगी का नकद भुगतान नही होगा सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। 9. ढुलान के अलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए जीएसटी नम्बर अनिवार्य होगा।

**हस्ता/- प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत ढाकगाँव,**
**विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हि.प्र**

**Municipal Corporation Palampur (H.P.)**

No-2 MCorp/Palmp/2025-2137-2141 Dated-28/05/2025

**TENDER NOTICE**

Sealed Item rate tenders are here by invited on behalf of Municipal Corporation Palampur for the Execution of following works from the approved and eligible contractor/supplier, so as to reach in this office on or before 09-06-2025 up to 3.00 P. M. and will be opened on the same day at 3.30 P.M. in the presence of interesting Contractor/supplier or their authorized representatives. Tender form can be issued from this office against Cash Payment from shown against the work on any working day 06-06-2025 from 11.00 A.M. to 4.00 P.M. No Tender form will be issued to any contractor after 4:00 PM

| S. N. | Name of Work | Estimated Cost Rs. | Earnest Money Rs. | Tender form Cost | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of kitchen to Bharmchari temple in ward No 08 Municipal Corporation Palampur | 305830.00 | 6500.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 2. | C/o P/wall near House of Vijay Mistri along nallah in ward No 10 Municipal Corporation Palampur | 480420.00 | 10000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 3 | Channelization of nallah near Ambika House in Ward No 09 Chowki Municipal Corporation Palampur | 488970.00 | 10000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 4 | P/l Cc Paver from H/o Anu Devi to Knta Devi House in Ward No. 05 Sughar Municipal Corporation Palampur | 404250.00 | 8000.00 | 300+18% GST | 3 Month |
| 5 | Steel Grating over in drain Friends Colony in Wqard No 14 Municipal Corporation Palampur | 484250.00 | 10000.00 | 300+18%GST | 3 Month |
| 6 | P/f Granite Near Statue of Martyard Major Som Nath Sharma in MC Palampur | 294150.00 | 6000.00 | 300+18%GST | 3 Month |

The Tender should accompany earnest money shown against each work which should be in the shape of Cash/National saving certificate/saving bank account of any post office In (H.P) duly pledged in favor of Commissioner, Municipal Corporation Palampur (HP). The conditional tenders and the tenders without earnest money shall be subject to summary rejection. The Under-signed reserve the right to reject any/all the tenders without assigning any reason. The offer of the tender will remain valid for 90 days from the opening of tender.

Sd/-
Commissioner
Municipal Corporation Palampur (HP)

**जब** तक शत्रु की दुर्बलता का पता न चल जाए, तब तक उसे मित्रता की दृष्टि से रखना चाहिए। - **चाणक्य**

## संपादकीय

# मरीज-तीमारदार बेहाल

हिमाचल प्रदेश में 102 और 108 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े 1400 से अधिक कर्मचारियों के 24 घंटे की हड़ताल पर रहने से स्वास्थ्य सेवाओं को गहरा झटका लगा है। इससे मरीजों और तीमारदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इमरजेंसी की स्थिति में भी लोगों को समय पर एंबुलेंस नहीं मिल पाई। उन्हें मजबूरी में निजी टैक्सियों का सहारा लेना पड़ा, जिससे उनके इलाज में देरी तो हुई ही, साथ ही आर्थिक रूप से भी नुकसान उठाना पड़ा। एक ओर जहां सरकार 'स्वास्थ्य सबके लिए' जैसे नारे देती है, वहीं एंबुलेंस सेवाओं के रुकने से आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा पर गहरा असर पड़ा है। एंबुलेंस जैसे जीवनरक्षक संसाधन की अनुपलब्धता ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी सच्चाई को उजागर कर दिया।

दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए यह संकट और भी विकराल बन गया। खासकर बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और नवजात से जुड़े केसों में समय पर सहायता नहीं मिलने से हालात चिंताजनक बने रहे। मरीजों को निजी वाहनों या ऑटो-रिक्शा से अस्पतालों तक पहुंचना पड़ा, जिसके चलते कई मरीज तो समय से इलाज नहीं ले सके। इस हड़ताल के पीछे कर्मचारियों की तीन मुख्य मांगें हैं। नौकरी से निकाले गए 14 कर्मचारियों की बहाली होनी चाहिए। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें बिना किसी वैध कारण के नौकरी से निकाला गया है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। ट्रांसफर किए गए कर्मियों को पहले के स्टेशन पर बहाल किया जाए तथा न्यूनतम मानदेय का पालन हो। प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक, न्यूनतम मानदेय दिया जाए। 10-15 वर्षों की सेवा के बावजूद महज उन्हें महज 11,300 मासिक मिल रहा है, जो मौजूदा महंगाई में बहुत ही कम है। कर्मचारियों ने सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) के नेतृत्व में एक यूनियन का गठन किया है, जिससे अब यह आंदोलन और संगठित रूप ले चुका है।

कर्मचारियों का कहना है कि जबसे उन्होंने यूनियन बनाई है, सेवा प्रदाता कंपनी ने प्रतिशोध की भावना से काम लेते हुए कुछ कर्मियों को नौकरी से निकाला और कुछ को मनमाने तरीके से ट्रांसफर कर दिया। कर्मचारियों ने साफ कहा है कि वे अब शोषण के खिलाफ आवाज उठाएंगे और लंबी लड़ाई के लिए तैयार हैं। इस मामले में सेवा प्रदाता कंपनी की मनमानी और प्रशासन की चुप्पी बेहद गंभीर है। कंपनी पर हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना का गंभीर आरोप है। बावजूद इसके, राज्य सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। यह चुप्पी न सिर्फ कर्मचारियों को हतोत्साहित करती है, बल्कि मरीजों की समस्याओं को भी और बढ़ाती है। कंपनी की मनमानी और प्रशासन की उदासीनता ने कर्मचारियों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया है। इस समय पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर चल रहा है।

ऐसे में जब लोगों को घर से बाहर निकलना ही भारी लगता है, उस समय इमरजेंसी सेवाओं का ठप हो जाना बेहद चिंताजनक है। बुजुर्ग, दिल और सांस के मरीज, गर्भवती महिलाएं और नवजात शिशु विशेष रूप से इस सेवा के अभाव में प्रभावित हुए हैं। कई मामलों में एंबुलेंस समय पर पहुंची होती तो मरीज की जान बच सकती थी। अब तक सरकार की ओर से इस मुद्दे पर कोई ठोस बयान सामने नहीं आया है। राज्य सरकार को चाहिए कि वह एंबुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी के साथ एक संयुक्त बैठक कर इस मसले का समाधान निकाले। आमजन की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े किसी भी आंदोलन को टालने के लिए संवाद ही सबसे बेहतर तरीका होता है। जब मामला जनता की जान और स्वास्थ्य से जुड़ा हो, तब कोई भी लापरवाही अक्षम्य मानी जाती है। सरकार, सेवा प्रदाता कंपनी और कर्मचारी यूनियन के बीच पारदर्शी और ईमानदार बातचीत होनी चाहिए। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम और हाईकोर्ट के आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

कर्मचारियों की ट्रांसफर से पहले उनकी सहमति ली जानी चाहिए और पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। निष्कासन की प्रक्रिया का पुनः मूल्यांकन हो ताकि बिना कारण निकाले गए कर्मचारियों को न्याय मिल सके। एंबुलेंस सेवाएं जीवनरक्षक प्रणाली का हिस्सा हैं। ऐसे में कर्मचारियों की जायज मांगों को अनदेखा करना न सिर्फ प्रशासनिक असफलता है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के प्रति भी उदासीनता को दर्शाता है। सरकार और कंपनी को चाहिए कि वे संवाद के माध्यम से इस संकट का समाधान निकालें ताकि आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ बाधित न हो। यह सिर्फ कर्मचारियों की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के हर नागरिक के स्वास्थ्य अधिकार से जुड़ा एक अहम मसला है। उम्मीद है कि यह गतिरोध जल्द ही खत्म होगा और एंबुलेंस सेवाएं एक बार फिर पूर्ववत सुचारू रूप से संचालित होंगी। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### मेवाड़ के 54वें शासक

**प्रताप** सिंह प्रथम जिन्हें महाराणा प्रताप के नाम से जाना जाता है, 1572 से 1597 में अपनी मृत्यु तक उत्तर-पश्चिमी भारत के वर्तमान राजस्थान मेवाड़ साम्राज्य हल्दीघाटी और दिवेर के युद्ध सहित मुगल सम्राट अकबर की विस्तारवादी नीति के खिलाफ राजपूत। महाराणा प्रताप का जन्म मेवाड़ के उदय सिंह द्वितीय और जयवंता बाई के घर में हुआ था, जिस वर्ष उदय सिंह वनवीर सिंह को हराने के बाद सिंहासन पर बैठे थे। उनके छोटे भाई शक्ति सिंह, विक्रम सिंह और जगमाल सिंह थे। प्रताप की दो सौतेली बहनें भी थीं-चांद कंवर और मान कंवर। उनकी मुख्य पत्नी



महाराणा प्रताप सिंह
जन्म : 29 मई, 1540
मृत्यु : 19 जनवरी 1597

बिजोलिया की अजबदे बाई पुंवर थीं। 1572 में उदय सिंह की मृत्यु के बाद, रानी धीर बाई भटियानी चाहती थीं कि उनके बेटे जगमाल उनके उत्तराधिकारी बनें, लेकिन वरिष्ठ दरबारियों ने प्रताप को, उनके सबसे बड़े बेटे के रूप में, अपना राजा बनाना पसंद किया। रईसों की इच्छा प्रबल हुई और प्रताप सिसोदिया राजपूतों की पंक्ति में मेवाड़ के 54वें शासक महाराणा प्रताप के रूप में सिंहासन पर बैठे। होली के शुभ दिन गोगुंदा में उनका राज्याभिषेक हुआ। जगमाल ने बदला लेने की कसम खाई और सम्राट अकबर की सेना में शामिल होने के लिए अजमेर के लिए रवाना हो गया, जिसने बाद में उसे सिरोही का एक हिस्सा दिया। ■



गीत

## मजा चखाएं पाक को

*शिव सान्याल मकड़ाहन, जवाली कांगड़ा*

*आतंकवाद ध्वस्त हो, करें राष्ट्र निर्माण।*
*सुख समृद्धि का देश हो, हो जन का कल्याण।।*

*आतंकवाद अति बुरा, करें देश कमजोर।*
*अमन चैन को लूट ले, त्राहि मचे चहुंओर।।*

*आतंकवाद की यही, होती भीतर मार।*
*भाई-भाई लड़ मरे, बढ़े बीच तकरार।।*

*करता अस्थिर देश को, अफरा तफरी डाल।*
*दहशत में सब जन रहें, जीना हो बेहाल।।*

*आतंकवाद के सदा, बंधे होते तार।*
*आका खेलें खेल को, सरहद के उस पार।।*

*मजा चखाएं पाक को, कर के पर्दाफाश।*
*भारत से आतंक का, होगा सदा विनाश।।*

*अब होना यह अंत है, मिट जाएगा पाक।*
*देवभूमि है हिंद की, कर देगी सब खाक।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# विकसित भारत बनाने के लिए नारे नहीं, विकसित कृषि जरूरी

देश में नई सरकार में नारो की नई फेहरिस्त सुनने को बहुत मिली, हर छह माह या साल में देश अपना नारा ही बदलता आ रहा, पर जो भी नारा नए नारे से पहले दिया होता है, उस पर दोबारा कभी सरकार बात नहीं करती। न ही उन नारों पर कभी मीडिया चरण चुंबक मीडिया डिबेट करती है। न ही कोई अखबार उस पर व्यापक अध्ययन करके समाचार छापता है कि जो पहले विकास के मंत्र के रूप में नारा दिया गया था, उस नारे का जनमानस पर क्या प्रभाव पड़ा? विकास में उस नारे का योग दान क्या रहा है।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक

कभी ऐसी रिपोर्टिंग देखने पढ़ने को नहीं मिलती है। पहले के पत्रकार सरकार द्वारा घोषित नारे की सालभर बाद व्यापक रूप से पड़ताल करके सरकार को उसके नारे की सच्चाई बताते थे, दिखाते थे कि यह जो सरकार ने कहा जमीन पर बहुत सार्थक नहीं हुआ है। कांग्रेस के समय में दोपहर का भोजन दो बूंद जिंदगी के लिए नारा था। उसका परिणाम सबके सामने भारत पोलियो मुक्त हो गया, सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ गई। चलो स्कूल का नारा था ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड था। इसी तरह अन्य बहुत से नारे चले, जिसका कुछ न कुछ परिणाम तो आया पर उतना नहीं जितना आना चाहिए।

अब यहां यह भी सोचना होगा, पहले के सरकारों के नारे और आज के सरकार के नारों में बुनियादी फर्क क्या है। आज का नारा लोक लुभावन है उससे जनता को कुछ हासिल नहीं हो रहा है। वह बस एक वोट तक एक चुनाव तक ही रहता है। या यूं कहें एक विधानसभा के चुनाव तक। फिर दूसरे प्रदेश के चुनाव में वह नारा नहीं, बल्कि नया नारा चलने लगता है। सबसे मशहूर नारा देश का 'अच्छे दिन आने वाले हैं'। पर कोई यह जनता में जाकर समाज वैज्ञानिक या पत्रकार ने नहीं पूछा कि अच्छे-अच्छे दिन आने वाले नारे पर वोट किया था, तो क्या आपके अच्छे दिन आए, कहीं किसी तरह का लेख या शोध नहीं मिलेगा कि अच्छे दिन



आए। अगर आए मान ही ले तो फिर किन क्षेत्रों में आया है। रोजगार, कृषि, समाजीकरण या उद्योगों में। पर नारा बहुत चला, अब इस नारे की कही गूंज नहीं सुनाई पड़ती है।

पंद्रह लाख के बाद दो करोड़ नौकरियां हर साल का नारा अब नहीं कही अखबारों में विज्ञापन में। नया नारा था किसानों का सम्मान किसानों की आय 2022 तक दोगुनी हो जाएगी किसान भी इस नारे में फंस गया, न सम्मान मिला न आय दोगुनी हुई। हां सम्मान मिला एक साल तक काले कृषि कानून के विरोध में सड़क पर किसान था। रामलीला मैदान या दिल्ली में प्रवेश नहीं कर पाया, सड़कों पर कीलें थी सात सौ किसान शहीद पर सरकार ने यह नहीं माना आज तक कि किसान आंदोलन में किसान शहीद हुआ। बस सरकार झुकी कानून वापस हुआ। किसानों को अपनी फसल का समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी आज तक नहीं मिली, यही किसान सम्मान का है। इसी से जुड़ा किसान सम्मान निधि है क्या सरकार के पास आंकड़ा है कि छह हजार सालाना किसानों को जो सम्मान राशि दी जा रही है। उससे किसानों के जीवन स्तर पर क्या बदलाव आया पता नहीं कही कुछ। इसी तरह श्रमिक सम्मान का नारा है श्रमिकों की क्या मजदूरी बढ़ी महंगाई के सापेक्ष में क्या श्रमिकों को मुफ्त चिकित्सा उपलब्ध है तो सवाल उठेगा किस तरह की चिकित्सा, कैसी चिकित्सा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए छह पारिवारिक सदस्य चाहिए पर अधिकांश के पास छह नहीं तो कैसा आयुष्मान योजना बस नारा है। बहुत चिर परिचित नारों में आज भी सबसे सार्थक नारा सबका साथ सबका विकास है। यह हर जगह हर सभा में गांव से लेकर दिल्ली तक के नेता बोलते पर कितना धोखा है। सबका साथ में एक विशेष समाज अलग है। बस वोट है नारा सबका साथ सबका विकास चल रहा है। मॉब लिचिंग किस समाज का। बलात्कार किस समाज का सबसे ज्यादा है एक वर्ग ऐसा है जो सरकार के साथ है उसी का विकास और वही साथ है तभी नारा सार्थक हो रहा है। बहुत कुछ विज्ञापनों में इस्तिहारों में भारत में सबका साथ सबका विकास हो रहा है।

सुरक्षित भारत मजबूत हाथों में नारा है। पहलगाम उदाहरण है एक और नारा चल रहा है जो नया बाजार में लाया गया है। समृद्ध भारत जब भारत दुनिया में भुखमरी और खुशी के इन्डेक्स में पड़ोसी मुल्क से भी पीछे हैं तो कैसे समृद्ध भारत कहे हम हमारी जीडीपी छह प्रतिशत से कम की दर से बढ़ रही, फिर समृद्ध भारत बनने में तो पचास साल लग सकते हैं। अभी इस दौर में समृद्ध भारत की कल्पना एक दीवा स्वप्नदोष की तरह है। अगर भारत में अस्सी करोड़ लोग सरकारी अनाज पर जिंदा है तो भारत समृद्ध सुरक्षित कहीं से नहीं है, बस नारों से समृद्ध और सुरक्षित हैं।

नए दौर के नए बजट में नया नारा फिर आया एक तो सबके मुख में अमृत भारत हर बात में यह शब्द निकलेगा अमृत काल चल रहा पर यह नहीं बताया जा रहा है। अमृत काल किसका बड़े उद्योगपतियों के लिए मझोले या छोटे उद्योगों के लिए अमृत काल है। बेरोजगार युवाओं के लिए बेटियों के लिए आखिर इस अमृत काल से लाभ किसको हो रहा है। कुछ बड़े उद्योग पतियों का सच में अमृत काल ही है। किसानों को हजार रुपए बैंक का कर्ज नहीं चुकाने पर जेल का अमृत काल जरूर चल रहा है। मध्यम श्रेणी के उद्योगों को कारोबार शुरू करने को समय से लोन नहीं मिलने का अमृत काल है। भारत को मानव संसाधन जैवविविधता और प्राकृतिक संसाधनों का सही और समग्र उपयोग करके विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# कोटा एक प्रवेश द्वार या दबाव का गलियारा ?

राजस्थान का कोटा शहर आज देशभर में इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों के लिए एक most sought after (बहुप्रतीक्षित) गंतव्य बन गया है। जैसे ही आप इस शहर में प्रवेश करते हैं, आपकी दृष्टि कोचिंग संस्थानों की श्रृंखलाओं और छात्र-छात्राओं के रेला से टकराने लगती है। यहां हर गली, हर चौराहा एक नई कोचिंग, एक नई उम्मीद और एक नई प्रतियोगिता की कहानी कहता है। यहां लाखों छात्र हर वर्ष देश के कोने-कोने से इस उद्देश्य से आते हैं कि वे प्रतिष्ठित मेडिकल या इंजीनियरिंग कॉलेजों में अपना स्थान सुनिश्चित कर सकें।



लेखक : मनीष वर्मा 'मनु'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वे दिन-रात की कड़ी मेहनत, परीक्षा के दबाव और घर से दूर रहने की चुनौतियों को झेलते हैं। इन सबके बीच कुछ छात्र अपने लिए एक मजबूत रास्ता बना लेते हैं, तो कुछ मानसिक और भावनात्मक दबाव के सामने टूट जाते हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है कि कोटा में हर वर्ष दर्जनों छात्र आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा लेते हैं। आंकड़ों की बात करें, तो वर्ष 2024 में कोटा में 26 छात्रों की आत्महत्या की पुष्टि हुई, और 2025 की शुरुआत के कुछ महीनों में ही यह संख्या 14 तक पहुंच गई है।

ये आंकड़े सिर्फ संख्या नहीं, उन अधूरी कहानियों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो कभी लिखी ही नहीं जा सकीं। यहां का हर कोना सफलता सफलता पर शोर मचाता दिखता है। बड़े-बड़े होर्डिंग्स पर चमकते चेहरे, जो बताते हैं कि फलां ने NEE में ऑल इंडिया टॉप किया, तो फलां ने JEE में परचम लहराया, लेकिन इन्हीं होर्डिंग्स के पीछे अनकही कहानियां भी छिपी होती हैं—उन बच्चों की कहानियां जो इस दौड़ में थक गए, चूक गए और अंततः बुरी तरह टूट गए। कुछ छात्र यहां अपनी स्वेच्छा से आते हैं, पर कई ऐसे भी होते हैं जो माता-पिता की महत्वाकांक्षाओं



को पूरा करने की जिम्मेदारी लेकर यहां आते हैं। जबकि उनकी रुचि कहीं अन्यत्र होती है।

अभिभावकों की यह धारणा कि उनका बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर बनेगा, अक्सर बच्चों की अपनी रुचियों और क्षमताओं की अनदेखी कर देती है। यह द्वंद्व कई बार इतना तीव्र हो जाता है कि किशोर मन इसे सह नहीं पाता। आखिर उनकी उम्र ही क्या होती है ? 17-18 साल के ये किशोर उस दौर में होते हैं, जहां भावनाएं उफान पर होती हैं और जरा-सी असफलता भी आत्म-विश्वास को गहरे धक्का पहुंचा सकती है। अगर सही मार्गदर्शन, भावनात्मक सहारा और अभिव्यक्ति की आजादी न मिले, तो ये दबाव आत्मघाती कदम उठाने पर उन्हें मजबूर कर देते हैं।

आज ही मैंने समाचार पत्र में पढ़ा—कोटा में छात्र आत्महत्या क्यों कर रहे हैं? यह सवाल कोई और नहीं, देश का सर्वोच्च न्यायालय पूछ रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कोटा में छात्रों की आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाओं को गंभीर चिंता का विषय बताया है और राजस्थान सरकार को फटकार लगाते हुए पूछा है 'आप एक राज्य के रूप में क्या कर रहे हैं? आपने कभी सोचा कि कोटा में ही क्यों आत्महत्या के इतने मामले हो रहे हैं?' कोर्ट की यह टिप्पणी केवल एक संवैधानिक चेतावनी नहीं, बल्कि समाज के हर हिस्से के लिए एक कठोर आईना है—सरकार के लिए, कोचिंग संस्थानों के लिए और सबसे बढ़कर अभिभावकों के लिए। आज कोटा एक कोचिंग हब नहीं, बल्कि एक बड़ा शॉपिंग मॉल बन गया है—जहां ज्ञान, अभिलाषा, सफलता और दबाव खुलेआम बिक रहे हैं।

यह कहना शायद अतिश्योक्ति नहीं होगी कि कोटा की अर्थव्यवस्था में यहां आकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों का बहुमूल्य योगदान है। यहां सफलता की एक तय परिभाषा है- डॉक्टर बनना या इंजीनियर बनना। कोई यह पूछने को तैयार नहीं कि बच्चे की रुचि क्या है? उसकी प्रतिभा किस दिशा में है यह समय है आत्ममंथन का। एक ऐसे समवेत प्रयास का, जिसमें सरकार, शिक्षण संस्थान, माता-पिता और समाज मिलकर यह सुनिश्चित करें कि शिक्षा एक सौदा नहीं, एक सहज, स्वाभाविक और समग्र प्रक्रिया हो। कोचिंग हब की बजाय कोटा को एक ऐसा स्थान बनाना होगा जहां बच्चों के सपनों को दबाया नहीं, बल्कि समझा और संजोया जाए। वैसे सिर्फ कोटा ही क्यों?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**कुछ** दिन पहले बैठक में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसलिंग की बैठक में यह विचार किया गया है कि देश के संपूर्ण विकास के लिए दोनों यानी केंद्र और राज्यों का सहयोग बहुत जरूरी है, यह विचार बहुत ही अच्छा और जरूरी भी है, क्योंकि सभी राज्यों के विकास से ही संसार के सामने देश के विकसित विकास की तस्वीर सामने आती है। कुछ राज्य विकास के मामले में नंबर वन बनने की रेस में आगे हैं, पर कुछ पिट जाते हैं। यानी पिछे रह जाते हैं। केंद्र की सरकार देश के हर राज्य के लिए एक समान योजनाओं को अमल में लाती है, लेकिन अक्सर यह भी देखा जाता है कि केंद्र और राज्य में अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों के सत्ता में होने के कारण कुछ राज्य केंद्र की नीतियों को अपने यहां उचित रूप से लागू नहीं कर पाते हैं। जब केंद्र-राज्य एक साथ चलेंगे, तभी विकास संभव है। केंद्र की सरकार को किसी भी प्रकार का भेदभाव छोड़कर सभी राज्यों का एक साथ और एक समान विकास कराना चाहिए ,तभी देश अगे बढ़ेगा।

**राज कुमार शाहपुर**

# भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की चूलें हिला दीं

आज भारतीय जवानों को हर तरफ से बधाइयां मिल रही हैं। उनके शौर्य व साहस की ही चर्चा हो रही है, क्योंकि उन्होंने काम ही ऐसा किया है। जिस पाकिस्तान ने नाक में दम कर रखा था वह आतंकियों के दम पर फूला न समाता था, रहम की भीख मांगने पर मजबूर कर दिया। यही भारतभर की विजय है जिसे पूरे विश्व में विश्व ने देखा है व इसे सही ठहराकर इसकी प्रशंसा की है। पड़ोसी देश की सारी हेकड़ी निकल गई, तो वह गिड़गिड़ाने लग लगा कि बस करो करो बंद करो ये ये कार्रवाई अब तो दम ही निकला जा रहा है। भारत ने भी समझदारी दिखाई। सांप का फन भी कुचल दिया व लाठी भी सलामत रही।



लेखक : मुकेश विग
ठोडो ग्राउंड मोड़, सोलन

इससे ज्यादा व बड़ी सजा और नहीं हो सकती। दूध के जले की तरह पाकिस्तान छाछु को भी फूंक-फूंक कर पिएगा, किसी भी गलत हरकत से पहले ऑपरेशन सिंदूर को याद करेगा। ये जख्म वह जल्दी नहीं भर पाएगा, क्योंकि दुनियां उसका पूरा सच जान गई है। जो भी लोग जोश में कह रहे हैं कि सीजफायर नहीं होना चाहिए था, वे आराम से यह सोचें कि जो हश्र पाकिस्तान का हमारी सेना ने किया है क्या वह कम है। सारे आतंकी ठिकाने तो तबाह कर दिए जिनके दम पर वह नाचता था, अब उसकी रीढ़ ही तोड़ दी है। तुर्की, अजरबैजान ने तो अपनी औकात दिखाई वहीं हमारे देश में भी कुछ नमक हराम बैठे हैं जो पाकिस्तान के पक्ष वाली पोस्ट डाल रहे थे। खाते व रहते भारत में है गुण पाकिस्तान के गाते हैं। ऐसे गद्दारों को भी सबक सिखाना चाहिए। भारत में रहकर ऐसे कृत्य करना शर्मनाक है जो देश द्रोह कहलाता है व जुर्म माना जाता है।

हमारे जवान भी तो मातृभूमि के लिए ही सीमाओं पर डटे हैं इनका कर्ज हम सभी चुका नहीं सकते। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भी विपक्ष को आईना दिखाया है कि केवल राजनीतिक लाभ के लिए केंद्र सरकार को संघर्ष विराम के लिए दोष न दें। यह अच्छा प्रयास है। एयर कंडीशनर कमरे से बाहर निकले तथा परिवार के साथ सीमा पर जाएं, फिर बयानबाजी करें। उमर अब्दुल्ला ने भी सीजफायर को सही कदम बताया है कि यह शांति अब बनी रहनी चाहिए।



सीमा क्षेत्र के लोग आज भी डेरे रहते हैं, क्योंकि उन्होंने कोई रात चैन से नहीं गुजारी। अब हमारी सरकार भी सोने वाली नहीं। सीजफायर तो हो गया, लेकिन आई एमपी द्वारा पाक को दिए जाने वाले पैसे पर फिर से विचार करने तथा आतंकवाद व ऑपरेशन सिंदूर का पूरा सच दुनिया को बताने के लिए कई टीमों का गठन किया जाना सराहनीय कार्य है। यह टीमें कई देशों में जाकर इस आतंकवाद को पालने पोसने वाले पाकिस्तान की पोल खोलेंगी, ताकि दुनिया को पता चले कि भारत तभी ऐसे कदम उठाता पानी गर्दन तक पहुंच जाता है। बेवजह युद्ध करना भारत की नीति में शामिल नहीं।

भारत तो शांति का पक्षधर है। भारतीय सेना के पराक्रम से पाक गया तो गलत हरकते पाकिस्तान बौखला लगा इसका मुंहतोड़ जवाब भी उसे मिला, तो वह डर गया व युद्ध विराम की भी मांग रख दी भारत भी युद्ध नतीजे जानता है कई नुकसान झेलने पड़ते हैं, हालांकि भारतीय सेना से आधी संख्या पाकिस्तानी सेना की है। हथियारों के मामले में भी वह पीछे ही है। इसीलिए अपने दम पर वह जीत नहीं सकता। भारत ने कुछ शर्तों पर संघर्ष विराम किया है, लेकिन पाकिस्तान को सख्त चेतावनी भी दी है कई आतंकियों को मारकर उनके ठिकाने पूरी तरह बर्बाद कर अपने इरादे दिखा दिए है कि आतंकवाद अब सहन नहीं होगा। पाकिस्तान पर कोई भी विश्वास नहीं करता, लेकिन युद्ध भी कोई नहीं चाहता, इसलिए संघर्ष विराम पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए।

ऑपरेशन सिंदूर जारी रहेगा यदि पाकिस्तान कोई शरारत करता है तो उसे अंजाम भी भुगतना ही पड़ेगा। भारतीय जवानों ने जो साहस दिखाया है उससे हर देशवासी भी खुश व पूरे जोश में है। पाकिस्तान आतंकियों को पनाह न दे उसकी इसी में भलाई है। भारत अकारण हमला नहीं करता। न ही निर्दोषों की हत्या करता है। पाकिस्तान भी यही नीति अपनाए। हिंसा का मार्ग छोड़ दे। निर्दोषों का खून बहाने वाला जल्दी ही तबाह हो जाता है। उसकी रक्षा फिर कोई भी नहीं करता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# घातक है 'जहरीली' हरियाली, 'कॉनोकार्पस' के खतरे हजार

मानसून ने देश में दस्तक दे दी है और पूरे भारत में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के नाम पर पौधरोपण का दौर भी शुरू हो गया है। हर वर्ष की तरह इसमें सैकड़ों करोड़ रुपए भी खर्च होंगे।



लेखक : हरीश शिवनानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

देश में महत्वपूर्ण समस्या यह है कि पहले लापरवाही से पर्यावरण का अंधाधुंध दोहन करने और बाद में अति उत्साह में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर ऐसी योजनाएं बना दी जाती हैं जो कुछ समय बाद घातक साबित होने लगती हैं। देश में वानिकी के नाम पर ऐसे विदेशी पेड़-पौधे रोपे दिए गए हैं जो भारत की जलवायु और यहां के पर्यावरण के बिलकुल अनुकूल नहीं हैं। भारत में अब विदेशी पेड़-पौधे घातक साबित होने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अनेक राज्यों में अनियोजित तरीके से कॉनोकार्पस के हजारों पेड़-पौधे लगा दिए गए हैं, जो हर तरह से जल, जमीन, जीव-जंतुओं के अलावा मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर हो गए हैं। राजधानी दिल्ली के अलावा अहमदाबाद में साबरमती रिवरफ्रंट, राजकोट में राम वन और में वडोदरा में 'मिशन मिलियन ट्रीज' के तहत पौधरोपण अभियान में 24,000 कोनोकार्पस पेड़ लगाए गए।

भोपाल की खूबसूरत श्यामला हिल्स पर बने स्मार्ट सिटी पार्क के अलावा राजस्थान के डूंगरपुर और राजसमंद, जोधपुर, तमिलनाडु के चैनेई, कोयंबटूर, आंध्र प्रदेश के काकीनाडा सहित अनेक शहरों में करोड़ों रुपए खर्च करके दक्षिण अफ्रीका की इस प्रजाति के पेड़ लगाए गए। कॉनोकार्पस एक मैंग्रोव झाड़ी है जो उपोष्णकटिबंधीय और ऊष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में तटरेखाओं और नदी तलहटी में पाई जाती है। कॉनोकार्पस के पेड़ गहरे हरे रंग की चमकदार पत्तियों वाली एक सदाबहार वनस्पति प्रजाति है।



दरअसल कुछ वर्षों से इस पौधे को सरकारों के साथ-साथ निजी कंपनियां भी पसंद कर रही हैं, क्योंकि यह तेजी से बढ़ता है। उच्च तापमान को सहन कर सकता है। यह एक ऐसा पौधा है जो भारत की शुष्क और तेज गर्मी को भी आसानी से झेल सकता है। इसे बढ़ने के लिए ताजे पानी की भी आवश्यकता नहीं होती है और यह फूल भी देता है। इसकी चमकदार हरे रंग की पत्तियां इसकी खूबसूरती है। इससे अच्छी छांव भी मिलती है।

कॉनोकार्पस को चुने जाने का एक अन्य कारण यह भी रहा कि यह वृक्ष नालियों और सीवरेज के पानी का उपयोग करके विकसित हो सकता है। इसकी देखभाल करना और छांटना आसान है। यह कुछ ही महीनों में 20 मीटर की ऊंचाई तक बढ़ जाता है और कई तनों के माध्यम से फैल जाता है। रखरखाव भी आसान है तो इसकी लागत भी काफी कम है, जिससे यह बागवानी करने वालों और शहरी डिजाइनरों का पसंदीदा बन गया है। बावजूद इतनी विशेषताओं के, भारत के अनेक राज्यों में इस पर प्रतिबंध लगाने का तैयारी की जा रही है।

हजारों कॉनोकार्पस पेड़ लगाने के बाद गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में अब उन्हें काटा जा रहा है, क्योंकि ये पेड़ पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर हानिकारक साबित हुए हैं। यह पानी की बहुत अधिक खपत करने वाली आक्रामक प्रजाति है। यह पौधा बहुत अधिक पानी सोखता है और भू-जल स्तर को प्रभावित कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप भू-जल भंडार की कमी हो जाती है। इसकी जड़ें मिट्टी के नीचे गहराई तक जाती हैं जिससे जल निकासी नेटवर्क और मीठे पानी की प्रणालियों को नुकसान पहुंचता है। इसकी जड़ें जल निकासी पाइपों को भी अवरुद्ध कर देती हैं। यह पौधा सर्दियों में खूब फलता है और वर्ष में दो बार परागण करता है। इसलिए विदेशी प्रजातियों के साथ कुछ अंतर्निहित जोखिम जुड़े हुए हैं। समय रहते भारत में इन पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में पर्यावरण से जुड़ीं अनेक समस्याएं आ सकती हैं। आज यह कॉनोकार्पस है, कल यह ल्यूकेना हो सकता है और परसों मैंगियम हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जल शक्ति विभाग ने सुबह–सुबह ही कर दी मटमैले पानी की सप्लाई

## बालीचौकी में पेयजल टंकियों में भरा पानी, लोगों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान




**बालीचौकी।** उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी में बुधवार सुबह जब लोगों ने पानी भरने के लिए अपने नल खोले तो मटमैले और गंदे पानी की आपूर्ति से लोगों को परेशान होना पड़ा। इस दौरान लोगों ने पेयजल को लेकर अपनी छतों पर जो भंडारण टंकियां लगा रखी तो उनमे भी स्टोर किया पानी गंदा हो गया था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिला स्तरीय बालीचौकी मेले के चलते कस्बे में भारी संख्या में लोगों का जमावड़ा हो गया है और ऐसे में लोगों को जहां पानी के लिए जुझना पड़ रहा है वहीं गंदे पानी की सप्लाई ने विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है को कस्बे में पेयजल आपूर्ति का प्रबंधन में भी जबर्दस्त खामियां है। कुछ लोगों के घरों में चौथी मंजिल पर भी पानी पंहुचता है और कई घरों में पहली मंजिल पर भी पानी गायब रहता है।

> **बारिश** होने के कारण मटमैला पानी आया है। इस दौरान कस्बे में उपोभोग से ज्यादा पानी दिया जा रहा है।
> **-विजय गुप्ता, सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग, बालीचौकी।**

बालीचौकी कस्बे में इन दिनों मात्र 3 हैंडपंप चालू हालत में है, जिनमें मात्र 2 में ही स्थानीय लोग पेयजल लाइनों की ख़राबी के उपरांत पानी भरते हैं और इन दिनों स्कूल मैदान के साथ वाले हैंडपंप के समीप भी गंदगी पसरी है। कस्बे में पेयजल की अनियमित आपूर्ति के चलते जहां उपभोक्ता परेशान हैं वहीं अधिकारी व्यस्तता का रोना रोते हैं।

## सफाई कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक आयुक्त कुलदीप पटियाल ने सूचित किया है कि उपायुक्त कार्यालय परिसर में सफाई सेवाएं प्रदान करने के लिए इच्छुक सेवा प्रदाताओं/फर्मों से मासिक दर पर वार्षिक सविंदा के लिए मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि यह निविदाएं मोहरबंद लिफाफे में 17 जून, 2025 दोपहर 1.00 बजे तक उपायुक्त कार्यालय मंडी के जिला नाजिर कक्ष में पहुंच जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि यह निविदाएं उसी दिन दोपहर बाद 3.00 बजे निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी। इच्छुक प्रदाता उपायुक्त कार्यालय के नाजिर शाखा से किसी भी कार्यदिवस में संपर्क कर सकते हैं।

# मंडी शहर के हर मेले, त्योहार के आयोजन के लिए नगर निगम कर रहा सहयोग : वीरेंद्र भट्ट

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान




**मंडी।** मंडी नगर की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने व यहां की ऐतिहासिक मेले, त्योहार आदि के संरक्षण के उपलक्ष्य में एक सांस्कृतिक समिति का गठन के लिए नगर की गैर सरकारी संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को एक बैठक का आयोजन किया गया।

इसकी अध्यक्षता करते हुए नगर निगम के महपौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में निगम द्वारा शहर के हर एक छोटे से छोटे और बडे से बडे मेले, त्योहार के आयोजन के लिए नगर निगम अपना हर संभव सहयोग प्रदान कर रहा है। इसी के साथ साथ कुछ खास मेलों और धार्मिक कार्यों जैसे की मांडव उत्सव, पतंग उत्सव, टारना मेला का आयोजन स्वंय निगम के द्वारा किया जा रहा है। जिसके लिए धनराशि भी इस उद्देश्य में निगम द्वारा खर्च की जा रही है कि इन मेलों का संरक्षण हो सके, लेकिन अनेकों बार देखने में आता है कि इन कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों की उपस्थिति अपेक्षा से कम रहती है जिससे ना केवल संसाधनों का भी नुकसान होता है।

▶ **नगर निगम सांस्कृतिक समिति का करेगी गठन**

वहीं दूसरी ओर भाग लेने वाले कलाकार भी हतोउत्साहित होते हैं। इसके साथ इन आयोजनों के दौरान प्रबंध व्यवस्था में कमी की शिकायतें भी निगम के पास आती है। इसलिए निगम द्वारा निर्णय लिया गया कि निगम स्तर पर एक सांस्कृतिक समिति का गठन किया जाएगा जोकि मेला/त्योहारों से संबधित आयोजनों के साथ प्रबंध व्यवस्था, प्रचास व प्रसार आदि का कार्य भी करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### नौकरी चाहिए तो 4 को आएं सरकाघाट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ओरो टेक्सटाइल (प्रिंटिंग डिवीजन, वर्धमान टेक्सटाइल लिमिटेड) बद्दी द्वारा अप्रेंटिस के 50 पद भरे जाने हैं। सरकाघाट रोजगार कार्यालय प्रभारी सुमित शर्मा ने बताया कि कंपनी द्वारा दिए मांग पत्र के अनुसार उक्त पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता जमा दो व आईटीआई में डिप्लोमा होना आवश्यक है। आयु सीमा 18 से 27 वर्ष होनी चाहिए तथा आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में दर्ज होना चाहिए। नियोक्ता के द्वारा चयनित आवेदकों को 12,750 रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार 4 जून को सुबह 10 बजे उप-रोजगार कार्यालय सरकाघाट में अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीकरण पत्र सहित पहुंचें।

### नेरचौक में साहित्यिक कार्यक्रम 11 जून को

**भीम बरोहु, अनंत ज्ञान, महादेव।** प्रदेश की जानी-मानी साहित्यिक संस्था हिम साहित्य परिषद कबीर जयंती पर 11 जून को नेरचौक खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक साहित्यिक कार्यक्रम एवं बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन प्रातः 11 बजे किया जाएगा, जिसमें जिला के अनेक जाने -माने कवि एवं कवियित्रियां भाग लेंगे। परिषद अध्यक्ष डॉ पीसी कौंडल ने बताया कि इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। उन्होंन कहा कि इस अवसर पर कबीर के जीवन और उनके साहित्य पर कुछ विद्वान लेखकों द्वारा चर्चा करने के पश्चात बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### मेला कमेटी को दी 11 हजार की प्रोत्साहन राशि

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शारदा माता मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव डॉ. राकेश धरवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर डॉ. धरवाल ने कहा कि मेलों का आयोजन हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा है, जो लोगों को आपस में जोड़ने का कार्य करता है। उन्होंने मेला कमेटी को अपनी ओर से 11,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। अंतिम सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत आयोजित स्टार नाइट में कलाकार रुचि धीमान, दावे राम कुलवी व स्थानीय कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। डॉ. राकेश ने सभी कलाकारों को सम्मानित भी किया।

### छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेन ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड के प्रशिक्षकों जिनमें दिनेश कुमार द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काजा के छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। समग्र शिक्षा अभियान के तहत 'रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम' के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक की 00 छात्राओं ने इस विशेष प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल ने छात्राओं को जीवन में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए। हिमाचल प्रदेश में सेन ओवरसीज द्वारा निरंतर दी जा रही इस प्रकार की सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग को एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है

### चारों सदनों के कप्तानों को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल में छात्र नेतृत्व को प्रोत्साहित करने के लिए छात्र सदन गठन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक विशाल अवस्थी रहे। समारोह में विद्यालय के चारों सदनों ग्लोरी, हार्मनी, ग्लैंट्री और लिबर्टी ने पूरे जोश व अनुशासन के साथ भाग लिया। स्कूल कैप्टन योगेश और पल्लवी के नेतृत्व में प्रभावशाली मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद सदनों के चयनित कप्तानों की घोषणा की और उन्हें बैज लगाकर सम्मानित किया गया। ग्लोरी सदन से श्वेता शर्मा और अभिनव, हार्मनी सदन से रिद्धिमा और योगेंद्र, ग्लैंट्री सदन से अनामिका और पीयूष तथा लिबर्टी सदन से अपेक्षा और हर्षित को नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बाद प्रधानाचार्य द्वारा स्कूल कैप्टन योगेश को पद और निष्ठा की शपथ दिलवाई गई, जिसके बाद योगेश ने चारों सदनों के कप्तानों को शपथ ग्रहण करवाई। इसके बाद कक्षा अध्यापकों द्वारा विभिन्न कक्षाओं के मॉनिटरों को भी बैज लगाकर सम्मानित किया गया। मॉनिटरों में कक्षा प्रथम से रूहानी, द्वितीय से बानिक, तृतीय से आर्शिया, चतुर्थ से आव्या, पंचम से वेनिशा, छठी से तन्मय, सातवीं से गुनिधि, आठवीं से अक्षत, नवमी से तपस्या, दसवीं से अर्णव, ग्यारहवीं से यथार्थ तथा बारहवीं से योगेश शामिल रहे।

### सरकाघाट में बास्केटबाल स्पर्धा 5 जून से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट बास्केटबाल क्लब के तत्वावधान में ऑल इंडिया वुमेन अंडर-19 बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री स्कूल सरकाघाट के बास्केटबाल मैदान में आयोजन 5 से 7 जून तक किया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न राज्यों जैसे छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राज्यस्थान, चंडीगढ़, हिमाचल, जम्मू और कश्मीर तथा स्पोर्ट्स हॉस्टल सरकाघाट के खिलाड़ी भाग लेंगे। सरकाघाट बास्केटबाल क्लब के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी और पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी राकेश ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था भी सरकाघाट बास्केटबाल क्लब की ओर से आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31000, द्वितीय पुरस्कार 21000 व तृतीय पुरष्कार 11000 रुपए होगा। सभी मैच दिन और रात के दौरान आयोजित किए जाएंगे।

## ई-केवाईसी न करने पर नहीं मिलेंगी सुविधाएं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** ई. राज सिंह पराशर, सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल सरकाघाट ने बताया कि विद्युत उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले छह प्रतिशत बिजली उपभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है। जिन उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है, उनसे अपील की जाती है कि वे विद्युत उपमंडल सरकाघाट में अपने दस्तावेज जैसे आधार कार्ड और उपभोक्ता संख्या के साथ आकर इस प्रक्रिया को 10 जून से पहले पूर्ण कर लें। यदि कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है, तो भविष्य में विद्युत बिल से संबंधित सुविधाओं से वंचित रह सकता है, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं उपभोक्ता की होगी। अतः सभी विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

# वन अधिकार समितियों के लिए आयोजित शिविर को बीच में छोड़कर निकली अधिकारी

अनंत ज्ञान, बालीचौकी

**बालीचौकी** में बुधवार को वन अधिकार कानून 2006 के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित जागरूकता शिविर विवादों के घेरे में रहा। जानकारी के अनुसार शिविर में वन अधिकार समितियों के सदस्यों को जानकारी पूरी दिए बिना ही कार्यवाहक उपमंडल अधिकारी बालीचौकी शिविर छोड़ कर समिति हॉल से बाहर निकल गई।

जागरूकता शिविर में भाग ले रहे ग्राम पंचायत सुधराणी के उपप्रधान एवं पूर्व डीएलसी सदस्य संत राम ने बताया कि परिचर्चा के दौरान जब उन्हें लगा अधिकारी कानून सम्मत जानकारी नहीं दे पा रही है तो उन्होंने उनके वक्तव्य को रिकार्ड करने की बात की जिस पर कार्यवाहक एसडीएम निधि सकलानी ने आपत्ति जताई और समिति हॉल छोड़कर चली गई। संतराम ने कहा कि इस जागरूकता शिविर का समय 11 बजे प्रातः निर्धारित किया था, लेकिन महिला अधिकारी लगभग 11:50 के आसपास समिति हॉल में पंहुची, जबकि दूरदराज से आए वन अधिकार समितियों के सदस्य 11 बजे से पूर्व ही शिविर के लिए पंहुच गए थे।

उन्होंने कहा कि शिविर में भाग ले रहे कुछ लोग 30 से 40 किलोमीटर दूर से आये थे और अधिकारी की लेटलतीफी और मनमर्जी के चलते उक्त जागरूकता शिविर अधूरा ही समाप्त हो गया। संत राम ने कहा कि इस विषय पर वे शीघ्र ही प्रदेश के वन मंत्री एवं मुख्यमंत्री को शिकायत पत्र लिखेंगे, ताकि कोई भी अधिकारी वन अधिकार कानून को लेकर लापरवाही एवं मनमर्जी की व्याख्या न कर सकें। संत राम ने उक्त अधिकारी को वन अधिकार कानून 2006 के प्रति गम्भीरता को लेकर भी चिंता जताई। इस शिविर में भाग ले रहे कुछ और लोगों ने भी अधिकारी के इस रवैए पे रोष जाहिर किया है।

### शिविर में की अभद्रता करने की कोशिश : एसडीएम

**इस** विषय पर कार्यवाहक एसडीएम निधि सकलानी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति ने शिविर में अभद्रता करने की कोशिश की और मेरे वक्तव्य को रिकॉर्ड करने की धमकी दी, जिस पर मुझे मजबूरन शिविर छोड़कर जाना पड़ा।

# कन्या स्कूल भंगरोटू में मासिक धर्म के बारे में किया जागरूक

आदर्श, अनंत ज्ञान

▶ **भाषण प्रतियोगिता में रिया ने मारी बाजी**

**नेरचौक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंगरोटू में प्रिंसिपल किशन मुशैहरी की अध्यक्षता में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस दिवस पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक सुरेश चंदेल ने स्कूल की किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बताया कि यह प्राकृतिक प्रोसेस है जो होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि किशोरियों और महिलाओं को मासिक धर्म के समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि यौन रोगों से भी बचा जा सके। सुरेश चंदेल ने बताया कि जो मासिकधर्म के बारे में अभी भी लोगो की गलत भ्रांतियां है हमे उनके बारे में महिलाओं और किशोरियों को जागरूक करना चाहिए। इस दिवस पर स्कूल की छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता करवाई गई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रिया, द्वितीय स्थान पर छाया और तृतीय स्थान पर गूंजन रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर हर्षिता, द्वितीय स्थान पर अंकिता, तृतीय स्थान पर आयुषी रही। भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ईनाम दिए गए। प्रिंसिपल किशन मुशैहरी ने किशोरियों को मासिकधर्म स्वच्छता के बारे में अन्य महिलाओं और किशोरियों को जागरूक करने की सलाह दी।

# माइंड ऑपरेशन अकादमी के छात्रों ने सैनिक स्कूल परीक्षा में लहराया परचम



अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** माइंड ऑपरेशन अकादमी के लिए यह वर्ष 2025 उपलब्धियों से भरा रहा, जब इसके 12 छात्रों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा पास कर अपनी मेहनत और अकादमी की उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रणाली का परिचय दिया। अकादमी के निदेशक राम प्रकाश ठाकुर ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों की समर्पित मार्गदर्शन को दिया।

परीक्षा में सफल छात्रों में मृणालिनी ने सबसे अधिक 270, श्रेया गोस्वामी 182, ईशान ठाकुर 182, दीक्षा 190, अभिराज 180, रिद्धिमा 184, मानसी गोस्वामी 178, सार्वी 177, अर्शिया 148, प्रणव 129, पलक 110 और पीयूष 102 अंक प्राप्त किए।

## धनोटू के राम–हनुमान मंदिर पर 25 साल बाद लगा अंतिम गुंबद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के धनोटू बग्गी मार्ग पर निर्माणधीन मंदिर के राम–हनुमान मंदिर पर 25 साल बाद अंतिम गुंबद लगने से इसकी छत पूर्ण हो गई। प्राचीन शंकराचार्य शैली में निर्मित इस पत्थर के मंदिर को बनाने में 25 साल लग गए। मंदिर कमेटी के प्रधान पद्म सिंह ठाकुर, खूब राम ने बताया कि जन सहयोग के जरिए इस मंदिर का निर्माण पिछले 25 सालों से चला हुआ था। उन्होंने कहा कि इस मंदिर की हर दीवार के पथर पर राम नाम उकेरा गया था। इस मंदिर के शिल्प निर्माण का काम मिस्त्री बिहारी लाल ने पिछले 25 सालों में किया। इसी दौरान उनके बेटे ललित ने भी इस शिल्प निर्माण में अपने पिता की मदद की। बुधवार को मंदिर कमेटी ने इस मंदिर के अंतिम गुमद को लगाकर इस कार्य को सम्पन्न किया। इस मंदिर में 30 हजार से ज्यादा राम नाम को उकेरा गया है।यह मंदिर पूरी तरह से राम और हनुमान को समर्पित है। इस मौके पर मंदिर के युवा सचिव चमन ठाकुर, अमर सिंह, राजू, देवेंद्र, अंकुश, रमेश, संजू, निकू, जीत युवाओं ने इस गुमद को स्थापित करने में मिस्त्रियों की मदद की।



# खो-खो मुकाबले में कांगड़ा ने हमीरपुर की टीम को दी मात

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

**औद्योगिक** प्रशिक्षण संस्थान जिला हमीरपुर और जिला कांगड़ा के मध्य हुए खो–खो लीग मुकाबले में जिला कांगड़ा की टीम ने बाजी मारी। दूसरा मुकाबला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला बिलासपुर और लाहुल–स्पीति के मध्य हुआ, जिसे जिला बिलासपुर की टीम ने जीता। तीसरा लीग मुकाबला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला मंडी और कुल्लू की टीमों के मध्य हुआ, जिसमे जिला मंडी विजय रहा।

वॉलीबाल प्रतियोगिता का लीग मुकाबला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला चंबा और किन्नौर की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला चंबा की टीम ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला कांगड़ा और ऊना की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला ऊना की टीम ने जीत हासिल की।

कबड्डी प्रतियोगिता के लीग मुकाबले में पहला लीग मुकाबला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला सिरमौर और कांगड़ा के मध्य खेला गया, जिसमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला कांगड़ा की टीम विजय रही। दूसरे लीग मुकाबला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला मंडी और हमीरपुर की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला हमीरपुर की टीम विजय रही। बैडमिंटन लीग मुकाबला में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला चंबा और जिला सोलन के मध्य खेले गए बैडमिंटन के लीग मुकाबले में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला चंबा की टीम ने जीत हासिल की।

# भाषण प्रतियोगिता में नितिका ने मारी बाजी

## गर्ल्स स्कूल में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का जिला स्तरीय आयोजन

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान




**सरकाघाट।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का जिला स्तरीय आयोजन सरकाघाट जिला मंडी के राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य अविनाश ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य विभाग जिला मंडी से डॉ. दिनेश ठाकुर जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ अजय वर्मा वरिष्ठ चिकित्सा धिकारी सरकाघाट, लोक सिंह नेगी जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, गोवर्धन सिंह स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के अतिरिक्त शिक्षा विभाग के अध्यापकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मासिक धर्म स्वच्छता के उपर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रथम स्थान पर नितिका, दूसरे स्थान पर आयशा शर्मा व तीसरे स्थान पर जसमीना रही। इन्हें स्वास्थ्य अधिकारी व प्रधानाचार्य के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में डॉ दिनेश ठाकुर जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। डॉ ठाकुर ने बताया कि यह एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है जो शरीर में कुछ हार्मोन्स बनने शुरू होते है जिससे यह प्रक्रिया आरम्भ होती है। किशोरावस्था में कई प्रकार के मानसिक व शारीरिक बदलाव आते हैं जिसमे किशोरियों में मासिक धर्म की शुरुआत होती है इस दौरान किशोरियों में शारीरिक सफाई, प्रतिदिन स्नान, साफ कपड़ों का प्रयोग, दांतों की सफाई, खानपान, पोषण व हाथों की सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## हमला करने वाले हो गिरफ्तार : नवनीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय शिमला में कार्यरत डॉ. विकास शर्मा प्रदेश कार्यक्रम अधिकारी पर हुए जानलेवा हमले को बताया दुर्भाग्यपूर्ण और कड़े शब्दों में निंदा की। राज्य स्वास्थ्य समिति अनुबंध कर्मचारी संघ हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष नवनीत गुलेरिया ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय शिमला में कार्यरत डॉक्टर विकास शर्मा, प्रदेश कार्यक्रम अधिकारी पर सोमवार सुबह हुए जानलेवा हमले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कड़े शब्दों में निंदा की, उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जो भी हमलावर है उन्हें जल्द से जल्द पकड़ा जाए और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना किसी भी अधिकारी और कर्मचारियों के साथ ना हो।

# पंडोह डैम परिसर में रोपी हरियाली



बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड बीबीएमबी व डैम सुरक्षा में जुटी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पंडोह डैम साईट व वर्कशॉप एरिया परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य 'पेड़ लगाओ, दुनिया बचाओ है।

इस अवसर पर बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी व उनकी पत्नी दीप्ती त्रिपाठी एवं सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट विशाल बंसल विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने पौधरोपण करते हुए पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। इसके बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिलकर पौधारोपण किया। इस पहल से पंडोह डैम क्षेत्र को और अधिक हरित एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास किया गया।

पौधारोपण के बाद चेयरमैन मनोज त्रिपाठी व अन्य अधिकारियों ने पंडोह डैम परियोजना से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं सुरक्षा पहलुओं की जानकारी के साथ विकासात्मक गतिविधियों का का भी निरिक्षण किया। उन्होंने डैम की संरचना, जल प्रवाह नियंत्रण, विद्युत उत्पादन एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी अवलोकन किया।

# एसपीयू के सुंदरनगर कैंपस को चलाने के लिए वैकल्पिक बिल्डिंग की व्यवस्था करे सरकार

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

▶ **एनएसयूआई ने पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर को ज्ञापन सौंपा**

**भारतीय** राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई जिला मंडी इकाई के कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल की अध्यक्षता में सुंदरनगर के पूर्व विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एनएसयूआई ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के सुंदरनगर को सुंदरनगर से शिफ्ट न करने की। मांग उठाई और कैंपस को चलाने के लिए वैकल्पिक बिल्डिंग की व्यवस्था करने की भी मांग की।

पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय का कैंपस सुंदरनगर से शिफ्ट किया जाता है तो ये छात्र समुदाय के लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना है क्योंकि इससे छात्र वर्ग सस्ती शिक्षा से वंचित होगा। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार इस कैंपस को यहां से शिफ्ट करने की बजाय इसके लिए बिल्डिंग की वैकल्पिक व्यवस्था करे। उन्होंने कहा कि सुंदरनगर एक शिक्षा का केंद्र होने के उपरांत भी यहां पर किसी भी संस्थान में एमए, एमबीए या एमसीए की कक्षाएं नहीं चल रही है।

उन्होंने कहा कि यदि यह कैंपस यहां शुरू हो जाता है तो इसमें एमए, एमबीए और एमसीए की कक्षाएं शुरू की जा सकती है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सुंदरनगर क्षेत्र के सभी बुद्धिजीवी वर्ग व छात्र शक्ति से भी इस कैंपस को बचाने के लिए मुहिम से जुड़ने व समर्थन करने की अपील की। पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर ने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि जल्द ही विश्वविद्यालय के कैंपस के लिए बिल्डिंग की व्यवस्था की जाएगी ताकि यह कैंपस सुंदरनगर से शिफ्ट न हो।

इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनित जसवाल, पूर्व कैंपस महासचिव कर्ण सिंह, मोहित कुमार, जुबेर अख्तर, हर्ष कुमार, साहिल व अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मंथन** सुंदरनगर में संपन्न हुए राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेले की समीक्षा बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न

# देवी–देवताओं के मार्ग को सुनिश्चित करने पर दिया ध्यान

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** हाल ही में संपन्न हुए राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेले के आयोजन की समीक्षा के लिए खंड विकास अधिकारी कार्यालय सुंदरनगर के सभागार में एक विशेष बैठक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने की। बैठक में तहसीलदार अंकित शर्मा सहित सुकेत सर्व देवता कमेटी के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में मेले में शिरकत करने वाले विभिन्न देवी–देवताओं की कमेटियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने सुझाव दिए। एसडीएम एवं अध्यक्ष राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला अमर नेगी ने कहा कि बैठक में मेले के संचालन को और अधिक सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। विशेष रूप से शोभायात्रा के दौरान शुकदेव वाटिका में देवी–देवताओं के आगमन, पूजन और विश्राम की व्यवस्था को लेकर विस्तृत विचार–विमर्श हुआ। साथ ही मेला मैदान में देवी–देवताओं के प्रतिदिन आगमन के मार्ग को सुनिश्चित करने पर भी ध्यान दिया गया।



### सभी के लिए समान व्यवस्था, नजराना राशि पर भी विचार

अमर नेगी ने कहा कि मेले में विशेष या अलग व्यवस्था किसी भी देवी-देवता के लिए नहीं की जाएगी। मेला कमेटी और सुकेत सर्व देवता कमेटी द्वारा दी गई व्यवस्था को सभी प्रतिनिधियों को स्वीकार करना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, मेला कमेटी द्वारा अर्जित धनराशि के आधार पर देव महासू व करसोग क्षेत्र से आने वाले देवी-देवताओं के लिए नजराना राशि निर्धारित करने पर भी विचार किया गया।

### उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई मनमानी पर रद्द होगा पंजीकरण

**बैठक** में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि यदि किसी देवी-देवता के प्रतिनिधि द्वारा अनुशासनहीनता या रुष्टता व्यक्त की जाती है, तो उन्हें मनाने का प्रयास नहीं किया जाएगा। उनकी समस्या का समाधान सुकेत सर्व देवता कमेटी द्वारा किया जाएगा। लेकिन यदि फिर भी प्रतिनिधि न मानें, तो उन्हें अगले वर्ष मेले में आमंत्रित नहीं किया जाएगा और उनका पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा। शोभायात्रा या मेले के दौरान अव्यवस्था या भगदड़ की स्थिति उत्पन्न करने वाले प्रतिनिधियों का भी पंजीकरण रद्द करने का निर्णय लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पंडोगा में घर-द्वार पर रोगियों का किया निरीक्षण



**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान, हरोली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान सांसद अनुराग सिंह ठाकुर तथा प्रयास सोसायटी द्वारा संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम डॉ. प्रदीप कुमार और मुनीष कुमार ने बुधवार को पंडोगा गांव में मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए 72 वर्षीय सुखराम के घर पर स्वास्थ्य जांच की। सुखराम पिछले 36 वर्षों से बिस्तर पर ही हैं और चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उनकी इस गंभीर स्थिति को देखते हुए मोबाइल स्वास्थ्य टीम ने उनके घर पहुंचकर समुचित चिकित्सकीय जांच की। इस मौके पर क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता तिलको देवी भी उपस्थित रहीं और उन्होंने टीम को आवश्यक स्वास्थ्य जानकारी मुहैया करवाई। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सेवाएं ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो स्वयं स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं पहुंच सकते।

### प्रस्तावित उद्योग का विरोध, कल होगी बैठक

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़।** स्थानीय वार्ड नंबर एक (जटपुर) में लग रहे उद्योग के विरोध को लेकर इलाका वासियों ने जो बीते दिनों एडीसी ऊना को विरोध पत्र दिया था, उस पर कार्रवाई करते हुए एडीसी ऊना के निर्देशानुसार संतोषगढ़ नगर परिषद कार्यालय में 30 मई को सुबह 11 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। इस बैठक में जिला प्रशासन सहित उद्योग के प्रबंधक तथा तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। एडीसी ऊना ने कहा है कि उद्योग के विरोध को लेकर प्रशासन को विरोध पत्र देने वाले सभी इलाकावासियों सहित सभी नागरिक इस बैठक में उपस्थित होकर उद्योग प्रबंधन से उद्योग के प्रति अपने सभी सवाल और उद्योग के प्रति जो भी लोगों के मन में शंकाएं हैं, उनके बारे उद्योग प्रबंधन से पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त उद्योग विभाग, प्रदूषण विभाग के अधिकारियों सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहेंगे।

# पुलिस की जांच पर सरकारी गवाह ने ही उठाए सवाल

## टकोली सड़क हादसे में शिकायतकर्ता ने पुलिस पर मनमाने बयान लिखने का लगाया आरोप

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** टकोली में सड़क हादसे को लेकर एक मामले में पुलिस जांच पर सवाल उठने लगे हैं। सोमवार सुबह को टकोली में हुए सड़क हादसे में घायल जलरक्षक का जहां पीजीआई में उपचार चल रहा है, दूसरी तरफ पुलिस ने उसके ऊपर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। इस बात का पता जब स्थानीय निवासी शिकायतकर्ता सुरजीत कुमार को चला तो उसने बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों वपंचायत प्रधान सहित पुलिस चौकी पहुंचकर इस बात का कड़ा विरोध जताया कि न तो मैंने पुलिस को कोई यह बयान दिया कि यह दुर्घटना मेरी आंखों के सामने हुई है और न ही मैंने पुलिस को यह कहा कि घायल जलरक्षक दिनेश कुमार तेज गति से वाहन चला रहा था।

मौके पर पहुंचे डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने जब उनसे पूछा तो उन्होंने बताया कि जहां दुर्घटना हुई, उससे कुछ दूरी पर उनकी दुकान है। वह दुकान में अंदर थे, जब बाहर बड़ी जोर से वाहनों के टकराने की आवाज आई तो वह दुकान से बाहर निकाल कर देखा कि दोनों वाहन सवार नीचे गिरे थे, जिसमें दिनेश कुमार को गंभीर चोटें आई थी, वहीं बाइक सवार आर्यन को भी मामूली चोटें आई थीं। वह दोनों को अपनी गाड़ी में डालकर प्राथमिक उपचार के लिए सोहारी ले गए, जहां पर डॉक्टर ने उन्हें दिनेश कुमार को ऊना अस्पताल ले जाने की सलाह दी। दिनेश कुमार के परिजन भी कुछ समय बाद सोहारी पहुंच गए, जिन्होंने दिनेश कुमार और उसके परिजनों को अपनी गाड़ी में बिठाकर ऊना अस्पताल पहुंचाया। सुरजीत सिंह ने बताया कि जांच के लिए आई पुलिस ने जब उनसे पूछा तो उन्होंने यही बताया था कि वह दुकान के अंदर थे और बाहर वाहनों के टकराने की आवाज आई। उन्होंने उठकर बाहर देखा तो दोनों नीचे गिरे थे, लेकिन जब उन्होंने रिपोर्ट फिर पढ़ी तो उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। पुलिस द्वारा सरासर झूठ लिखा गया था कि मैंने उनको यह बयान दिया है कि दिनेश कुमार तेज गति से चला रहा था और दिनेश की ही गलती है।

**जलशक्ति विभाग अपने कर्मचारी के लिए आया आगे :** जलशक्ति विभाग ने भी अपने घायल कर्मचारी दिनेश कुमार के ऊपर दर्ज हुए मामले का कड़ा विरोध किया है। जलशक्ति विभाग के अनुभाग चौकी मनियार से कनिष्ठ अभियंता रमेश चंद ने भी अपने दलबल सहित पुलिस चौकी पहुंचे। पुलिस चौकी पहुंचे जलरक्षकों, पंपऑपरेटर, पैरापंप ऑपरेटर ने इस पूरे प्रकरण का कड़ा विरोध जताया हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारे साथी पर पुलिस ने धक्केशाही से पर्चा दर्ज किया है, यह सरासर गलत है। उन्होंने पुलिस के उच्च अधिकारियों से अनुरोध किया है कि पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए और जल्द से जल्द हमारे साथी पर दर्ज किए गए मामले को निरस्त किया जाए।

जलरक्षक हैप्पी सयाल ने बताया कि एक तो उनकी पहले ही सैलरी कम है, जब ऐसे हादसे हो जाते हैं तो परिवार के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है। उन्होंने कहा जैसे पुलिस ने जिस धक्केशाही से उनके साथी पर एफआईआर दर्ज की है, वह अस्पताल से ठीक होकर जब घर आएगा तो क्या वह कोर्ट में तारीखें भुगतता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस सीमित सैलरी में हमारा साथी अपना इलाज करवाएगा। उन्होंने दर्ज किए मामले को जल्द से जल्द निरस्त करने की मांग की है। वहीं, जल रक्षक अर्शदीप ने पूरे प्रकरण का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि हमारा साथी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी कर रहा था, जब उसकी दुर्घटना हुई तो हम सब साथी व विभाग उसको इलाज में इलाज करवाने में व्यस्त हो गए, वहीं पुलिस ने हमारे साथी के ऊपर ही मामले को दर्ज कर दिया, जो सरासर गलत है जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता रमेश चंद्र ने कहा कि जब यह दुर्घटना हुई तो वह अपने कर्मचारी को लेकर अस्पताल में उसका इलाज करवाने में व्यस्त रहे।

उच्च अधिकारी भी इसी पूरे प्रकरण में व्यस्त थे, लेकिन पुलिस ने किसके दबाव में आकर हमारे कर्मचारियों पर गलत मामला दर्ज कर दिया, जिसका विरोध उन्होंने आज पुलिस चौकी पहुंचकर जताया। वहीं पुलिस के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि हमारे कर्मचारियों के ऊपर दर्ज की गई फिर को निरस्त किया जाए- उन्होंने कहा कि हमारा कर्मचारी खुद पीजीआई में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है और उसके ऊपर दर्ज मामले से उनके बाकी कर्मचारियों का मनोबल भी टूट गया है।

### समाजसेवी ने जताया विरोध

क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं सोहारी पंचायत के पूर्व प्रधान पवन ठाकुर ने भी पूरे मामले में कड़ा विरोध जताया है, वहीं उन्होंने कहा कि ऐसे सड़क हादसों के प्रति जनता को हर समय अवेयर रहना चाहिए। हादसे के तुरंत बाद पुलिस को जानकारी देनी चाहिए ताकि समय रहते पुलिस अपना कार्य कर सके, वहीं उन्होंने जिला मुख्यालय से आए डीएसपी अजय ठाकुर से कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए ताकि किसी भी गरीब के साथ अन्याय न हो सके।

### मामले की दोबारा की जाएगी जांच : डीएसपी

डीएसपी ऊना ने पूरा मामला सुनने के बाद सबसे पहले इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर को चेंज कर चौकी प्रभारी जोल विनोद कुमार को खुद इस पूरे मामले की इन्वेस्टीगेशन करने का जिम्मा सौंपा। उन्होंने दिनेश कुमार के परिजनों व सुरजीत सिंह को आश्वासन दिया कि पूरे मामले की जांच दोबारा की जाएगी और जो कार्रवाई बनती होगी, वह की जाएगी। टकोली पंचायत पर के उपप्रधान पंकज रनोट ने पुलिस पर सवालिया निशान खड़े होते करते हुए कहा कि जहां कई दिन पुलिस के पास एप्लीकेशन पड़ी रहती है और उस पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती, जब भी पूछा जाए तो यही कहती है कि मेडिकल ओपिनियन आएगा, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी लेकिन इस केस में पुलिस को ऐसी क्या जल्दी थी कि 12 बजे के करीब पुलिस सपोर्ट से आती है और चंद घंटे में जो जिंदगी और मौत की जंग पीजीआई में लड़ रहा है, इस लड़के पर पर्चा डाल देती है या तो इसमें राजनीतिक संरक्षण है या फिर पुलिस का कोई बड़ा अधिकारी पूरे मामले में मिला हुआ है।

## आर्य स्कूल बंगाणा के छात्र राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा के तीस विद्यार्थी प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि माउंट आबू में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुए। इस प्रतियोगिता में छात्र विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता प्रभारी सीमा निरंकारी ने बताया कि स्कूल के विद्यार्थी पेंटिंग प्रतियोगिता, योग, सुलेख प्रतियोगिता, चेयर गेम, रस्साकशी तथा दौड़ एवं अन्य स्पर्धाओं में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता छात्रों को अपनी रचनात्मकता, अनुशासन और शारीरिक क्षमता को प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। विद्यालय प्रशासन ने प्रतिभागी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देकर रवाना किया।

## आपातकालीन सेवाएं देने वाले एंबुलेंस कर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले में आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने वाले एंबुलेंस कर्मियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिले में 108 और 102 एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों ने बुधवार को सीटू के बैनर तले क्षेत्रीय अस्पताल से लेकर एमसी पार्क तक रोष रैली निकाली। इन कर्मचारियों ने एंबुलेंस कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी श्रम कानूनों को ताक पर रखकर कर्मचारियों से कार्य करवा रही है। कंपनी की तरफ से कोई देय अवकाश और आकस्मिक अवकाश का प्रावधान नहीं है। आठ घंटे की ड्यूटी के बजाए 12 घंटे तक काम लिया जा रहा है, जो श्रम कानूनों के खिलाफ है। इस मामले को लेकर कई बार कर्मचारियों की तरफ से उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया है, लेकिन आज तक कर्मचारियों की मांगों को अनसुना किया गया।

इसके चलते मजबूरी में कर्मचारियों को यह हड़ताल करनी पड़ी। 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन के प्रधान रजनीश कुमार ने बताया कि कई वर्षों से कर्मचारियों की वेतन बढ़ोतरी नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती है। अन्य कर्मचारियों ने बताया कि इसे लेकर जो लोग कंपनी के समक्ष आवाज उठाते हैं तो उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाता है।

कंपनी के इस तानाशाही रुख से कर्मचारियों को आए दिन परेशानी झेलनी पड़ रही है। मांग उठाई कि वेतन में हर वर्ष 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए, कंपनी में सभी प्रकार के श्रम कानूनों को लागू किया जाए, ईपीएफ व ईएसआई में की गई दस्तावेज संबंधी गलतियों को ठीक किया जाए, कर्मचारियों के नियमानुसार सभी छुट्टियां का प्रावधान बिना वेतन काटे किया जाए। उक्त मांगों को लेकर कर्मचारियों ने अतिरिक्त उपायुक्त ऊना को ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर सीटू ऊना से गुरनाम सिंह, 108 व 102 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन ऊना के प्रधान रजनीश कुमार, उपप्रधान कुलवीर सिंह, महासचिव शशि कुमार, कोषाध्यक्ष शेवेंद्र, नरेंद्र पाल, अजय कुमार, अजय जसवाल, सुदेश कुमारी, सीमा शर्मा, ममता कुमारी और स्मृति सहित सभी एंबुलेंस कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगनोली के गो अभयारण्य में रख सकेंगे 500 गोवंश

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपमुख्यमंत्री नगनोली में गो अभयारण्य का शिलान्यास करते हुए।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नगनोली में 4.46 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले गो अभयारण्य का शिलान्यास किया। यह गो अभयारण्य 397 कनाल भूमि पर बनाया जाएगा। इसके पूर्ण निर्माण के बाद इसमें 500 गोवंश के रहने की व्यवस्था होगी, जिसमें 6 शेड बनाए जाएंगे, जिनमें से 5 शेड गोवंश के लिए तथा एक शेड चारे के लिए होगा। इसके साथ ही इसमें फार्मासिस्ट रेजिडेंस के निर्माण के साथ अन्य सुविधाओं का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे अभयारण्य का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

उपमुख्यमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को धरातल पर उतारने के लिए जन सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस गो अभयारण्य में आवारा पशुओं को लाकर रखा जाएगा, जबकि दूध देने वाले पशुओं की अलग से व्यवस्था की जाएगी, जिससे आमदनी के साधन भी उत्पन्न हो सकें। उन्होंने जानकारी दी कि बालीबाल, नगनोली, पूबोवाल और हरोली के लिए 7-7 करोड़ रुपए की लागत से कुल 28 करोड़ रुपए की पेयजल योजनाएं तैयार की गई हैं।

पमुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी पंचायत का विकास उसके प्रधान की प्रतिबद्धता पर निर्भर करता है। नगनोली पंचायत में 15.37 करोड़ रुपए की लागत से सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। इसके साथ ही खड्ड कॉलेज में एक आधुनिक इनडोर स्टेडियम भी बनाया जा रहा है, जिसमें 68 लाख रुपए की लागत से लाइटें लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि स्टेडियम को आधुनिक खेल सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिसमें उच्च गुणवत्ता वाली लाइट्स की व्यवस्था की जा रही है, जिससे खिलाड़ी शाम या रात के समय भी बिना किसी परेशानी के अभ्यास और प्रतियोगिताओं में भाग ले सकें। यह लाइटिंग सिस्टम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा और खिलाड़ियों को उपयुक्त रोशनी उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर नगनोली पंचायत के प्रधान महताब ठाकुर ने उपमुख्यमंत्री को सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और पंचायत में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक विनय शर्मा ने भी उपमुख्यमंत्री का धन्यवाद किया तथा गो अभयारण्य की विस्तृत जानकारी साझा की।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा, अशोक ठाकुर, सतीश बिट्टू, श्विनोद कुमार बिट्टू, प्रमोद कुमार, सुभद्रा चौधरी, ऊना जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत राय, हरोली ब्लॉक यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शुभम, उपप्रधान नंदलाल, पूर्व प्रधान पूनम दत्ता, एससी सैल के अध्यक्ष जसपाल जस्सा स्थानीय पंचायतों के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## सदस्यों ने कर्तव्यों को निष्ठा से निभाने की ली शपथ



गुरुकुल स्कूल के अलंकरण समारोह में छात्र और प्रबंधक।

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** गुरुकुल इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटोहड़कलां में बुधवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई। उनको यह शपथ अपने निर्धारित कर्तव्यों को पूर्ण रूप से सत्य, निष्ठा के साथ निभाने के लिए दिलाई गई।

स्कूल के प्रबंधन निदेशक राजेश गौतम बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को अलग-अलग पदों से अलंकृत किया गया। कार्तिक ठाकुर को अध्यक्ष, कोमल को उपाध्यक्ष, नमन ठाकुर को हेड ब्वॉय तथा श्वेता चौधरी को हेड गर्ल चुना गया। इसके साथ ही चार अलग-अलग सदनों को भी निर्माण किया गया। महाराणा प्रताप सदन में शाहीन को कप्तान तथा अर्नव को उपकप्तान बनाया गया।

रानी लक्ष्मी बाई सदन में रिधिमा ठाकुर को कप्तान , मनिंदर को उपकप्तान बनाया गया। शिवाजी सदन में सिया चौधरी को कप्तान, अनुज मनकोटिया को उपकप्तान बनाया गया। इसके साथ ही रवींद्रनाथ टैगोर सदन में रिधिमा भोगल को कप्तान और वंश को उपकप्तान बनाया गया। इस मौके पर प्रबंध निदेशक ने इन सभी को बैज लगाकर सम्मानित किया। प्रबंधक निदेशक राजेश गौतम ने सभी विद्यार्थियों को इस मौके पर बधाई दी तथा उन्हें अनुशासन में जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा की विद्यार्थी जीवन अनुशासन तथा परिश्रम से भरा होना चाहिए। उनके शब्दों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, इस मौके पर निदेशक ज्योति गौतम, प्रिंसिपल डायरेक्टर डीपी राय, प्रिंसिपल डॉ. संतोष कुमारी व अन्य स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## थानाकलां स्कूल में छात्रों के बौद्धिक विकास को लेकर लगाया शिविर

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** राजकीय प्राथमिक केंद्रीय पाठशाला थानाकलां में बुधवार को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एकदिवसीय रेडिनेस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हंसराज और विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान राजेश शर्मा ने की। कार्यक्रम में प्रथम संस्था की ओर से अक्षय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मेले के सभी कार्यक्रमों का संचालन विद्यालय के केंद्रीय मुख्य शिक्षक वीरेंद्र ठाकुर की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें विद्यालय के छात्रों के साथ उनकी माताओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और उद्देश्य में चार चांद लग गए। मेले में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से सात प्रकार के शैक्षणिक स्टॉल लगाए गए। इनमें पंजीकरण, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास, बच्चों का कोना और प्रतिपुष्टि जैसे स्टॉल शामिल थे।

कार्यक्रम के दौरान माताओं के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। उनके मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और शैक्षणिक पक्षों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस पहल का उद्देश्य माताओं को बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में सक्रिय भागीदार बनाना रहा। मेला न केवल बच्चों के विकास के विभिन्न पहलुओं को उजागर करने का माध्यम बना, बल्कि अभिभावकों को भी शिक्षा की मूलभूत आवश्यकताओं से अवगत कराने में सफल रहा। अध्यापकों में राजेंद्र कुमार, राम पाल, संजय कुमार, सुनीता कुमारी एवं अभिभावकों में ओम प्रकाश, सुशील चौधरी, सपना देवी, सतीश कुमार, निधि शर्मा, बबलू, ममता देवी, उर्मिला कुमारी, इशु ठाकुर, नीलम कुमारी, अनीता देवी उपस्थित रहे।

## लडोली में ग्रामीणों की जांची आंखें व बांटीं दवाइयां

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



लडोली में आंखों का निशुल्क चिकित्सा शिविर में मौजूद चिकित्सक।

स्वामी पिंडी दास चैरिटेबल आंखों के अस्पताल की ओर से बुधवार को लडोली पंचायत में एकदिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सामान्य बीमारियों एवं नेत्र रोगों की समय पर जांच एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना था। इस चिकित्सा शिविर में डॉक्टर लविश कालिया के नेतृत्व में एक अनुभवी चिकित्सा दल ने अपनी सेवाएं दीं।

टीम में ओप्थेल्मिक ऑफिसर मोहित लट्ठ, फार्मासिस्ट रूबी बस्सी, हर्ष, दक्षित गौतम एवं गनी मुहम्मद शामिल थे। चिकित्सा टीम ने शिविर में आने वाले मरीजों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ आंखों से संबंधित समस्याओं की भी गहनता से जांच की। शिविर के आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए स्वामी पिंडी दास जी आश्रम ट्रस्ट के चेयरमैन बिंदुसार सूद ने बताया कि शिविर में कुल 75 ओपीडी पंजीकरण दर्ज किए गए। प्रत्येक रोगी को ट्रस्ट की ओर से पूरी तरह निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है और भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

स्थानीय लोगों ने इस शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता जताई और ट्रस्ट के प्रति आभार प्रकट किया। ग्रामीणों का कहना था कि इस प्रकार के शिविर गांवों में बहुत आवश्यक हैं, क्योंकि यहां स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सीमित है। लडोली पंचायत के प्रधान ने भी शिविर की सराहना करते हुए कहा कि कैंप में काफी संख्या में लोग पहुंचे और लाभ उठाया। हमें खुशी है कि लोगों को घर के पास इलाज की सुविधा मिली। भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होते रहना चाहिए।

यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवा का जरिया बना, बल्कि जागरूकता फैलाने में भी सफल रहा। ट्रस्ट के इस प्रयास की सभी ग्रामवासियों ने सराहना की और आशा व्यक्त की कि ऐसी पहले आगे भी जारी रहेंगी।

## नशे का सीधे शब्दों में अर्थ है अकाल मृत्यु : सतीश शर्मा



छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए सतीश शर्मा।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा और दौलतपुर चौक मैं बच्चों को नशा क्या होता है, इसके दुष्प्रभाव तथा नशे की चपेट में आए हुए व्यक्ति को बाहर निकालने के उपायों पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। रिसोर्सपर्सन सेवानिवृत्त प्रवक्ता सतीश शर्मा ने बताया की नशा एक धीमा जहर है, जो कुछ ही वर्षों बाद व्यक्ति को अपने जीवन के दिन गिनने पर मजबूर कर देता है।

उन्होंने कहा कि सीधे शब्दों मे नशे का अर्थ है, अकाल मृत्यु। उन्होंने कहा कि बच्चे अपरिपक्व होने के कारण नशेड़ियों के चक्कर में आ जाते हैं तथा थोड़ी समय के आनंद के लिए अपने जीवन से हाथ धो बैठते हैं। नशापराधों की भी जननी है। नशे की चपेट में एक बार आने के बाद वापस आना मुश्किल होता है। एक बार नशे की चपेट में आने से वापसी का एक ही तरीका है कि बुरी संगत आज ही छोड़ दो, नशा अपने आप छूटने लगेगा। दूसरा दृढ़ संकल्प तथा मजबूत इच्छा शक्ति से भी इस लत को कम किया जा सकता है।

गोंदपुर बनेड़ा के प्रधानाचार्य मनोज कालिया और दौलतपुर चौक के प्रिंसिपल वासुदेव ठाकुर ने उनका बच्चोंको दी गई बहुमूल्य जानकारी के लिए उनका धन्यवाद किया।

**कामयाबी** फोर्टिस मोहाली में न्यूरो-नेविगेशन व न्यूरो-मॉनिटरिंग के माध्यम से पाई सफलता

# व्यक्ति की जटिल रीढ़ की बीमारी का सफल उपचार

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**



डॉ. हरसिमरत बीर सिंह सोढी।

**ऊना।** फोर्टिस अस्पताल मोहाली के न्यूरोसर्जरी (ब्रेन व स्पाइन) विभाग ने 66 वर्षीय मरीज को एक नई जिंदगी दी है, जो पिछले छह महीनों से गंभीर कमर दर्द और साइटिका (साइऐटिक नस में चोट के कारण पीठ में सुन्नता व पैरों में दर्द) से पीड़ित था। इस मरीज का इलाज अत्याधुनिक न्यूरो-नेविगेशन और न्यूरो-मॉनिटरिंग तकनीकों से सफलतापूर्वक किया गया। अगर इलाज में देरी होती, तो मरीज की हालत और बिगड़ सकती थी, जिससे उसके पैरों में स्थायी कमजोरी या लकवा भी हो सकता था।

न्यूरो-नेविगेशन एक कंप्यूटर-असिस्टेड सर्जरी तकनीक है, जो सर्जन को रीढ़ की हड्डी के भीतर सटीकता से 'नेविगेट' करने और अत्यंत सटीक हस्तक्षेप (इंटरवेंशन) करने की सुविधा देती है। न्यूरो-मॉनिटरिंग एक ऐसी तकनीक है, जो सर्जन को रीढ़ की हड्डी की कार्यप्रणाली का वास्तविक समय (रियल-टाइम) में मूल्यांकन करने में मदद करती है, जिसमें तंत्रिका जड़ें, मोटर व सेंसरी ट्रैक्ट्स शामिल होते हैं। इन दोनों तकनीकों की मदद से सर्जरी के बाद होने वाली न्यूरोलॉजिकल जटिलताओं से बचा जा सकता है। पिछले छह महीनों से 66 वर्षीय मरीज को गंभीर कमर दर्द की शिकायत थी, जिससे उसकी चलने-फिरने की क्षमता प्रभावित हो गई थी। साथ ही, दोनों जांघों और पैरों में दर्द फैल रहा था और उसे पेशाब पर नियंत्रण नहीं रह गया था।

मरीज ने फोर्टिस अस्पताल मोहाली के न्यूरो-स्पाइन सर्जरी विभाग के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हरसिमरत बीर सिंह सोढी से परामर्श लिया। उनकी लंबर स्पाइन की एमआरआई जांच में यह सामने आया कि एल4 से एस1 तक की रीढ़ की हड्डियों में गंभीर तंत्रिका दमन (न्यूरल कम्प्रेशन) हो रहा था, और हड्डियां एक-दूसरे पर फिसल रही थीं।

यही स्थिति कमर दर्द, पैरों में दर्द (साइटिका), सुन्नता, झनझनाहट और कमजोरी का कारण बन रही थी। अगर इलाज में और देर होती, तो मरीज के दोनों पैर कमजोर हो सकते थे और वह बिस्तर पर सीमित हो जाता। डॉ. सोढी के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने मरीज का ऑपरेशन न्यूरो-नेविगेशन और न्यूरो-मॉनिटरिंग तकनीकों के माध्यम से किया। लगभग तीन घंटे चली इस सर्जरी में रीढ़ की नलिका और तंत्रिकाओं का पूरी तरह से सर्जिकल डी-कंप्रेशन (दबाव मुक्ति) किया गया, जिससे तंत्रिकाओं पर बना दबाव हटाया गया और स्पाइनल फिक्सेशन (रीढ़ की हड्डी को स्थिर करना) भी सफलतापूर्वक किया गया।

सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी बेहद सहज रही और उन्हें पांच दिन में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अगले 3-4 महीनों की गहन फिजियोथेरेपी के बाद मरीज का फुट ड्रॉप भी ठीक हो गया और वह अब बिना किसी सहारे के स्वतंत्र रूप से चलने-फिरने में सक्षम है। फिलहाल मरीज को पेशाब की नली की जरूरत नहीं है और वह सामान्य जीवन जी रहे हैं।

### अत्याधुनिक तकनीक से मरीज को मिला उत्कृष्ट परिणाम

इस मामले पर चर्चा करते हुए डॉ. सोढी ने कहा,कि यह सर्जरी फोर्टिस अस्पताल मोहाली में उपलब्ध अत्याधुनिक तकनीकों जैसे न्यूरो-नेविगेशन, न्यूरो-मॉनिटरिंग और हाई-एंड माइक्रोस्कोप की मदद से की गई। सर्जरी के दौरान नर्व मॉनिटरिंग के जरिये दबाव में आई तंत्रिकाओं की स्थिति की लगातार निगरानी की गई, जिससे आसपास की असंबंधित नसों को अनजाने में होने वाले नुकसान से बचाया जा सका। वहीं, न्यूरो-नेविगेशन की सहायता से रीढ़ की हड्डी में स्क्रू अत्यंत सटीकता के साथ लगाए गए, जिससे स्पाइनल कॉर्ड को किसी प्रकार की अतिरिक्त क्षति का कोई जोखिम नहीं रहा। इन सभी कारकों की वजह से मरीज को उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुए।

## ऊना अस्पताल में दिया स्वच्छता पर ज्ञान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वास्थ्य विभाग की तरफ से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में बुधवार को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी शारदा सारस्वत ने बताया कि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाने का उद्देश्य युवा लड़कियों और महिलाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता का ध्यान रखने संबंधी जरूरी जानकारियां उपलब्ध करवाना है। मासिक धर्म के बारे में बात करने में न केवल गांवों में बल्कि शहरों में भी बहुत सारी महिलाएं झिझकती हैं।

इस दौरान उन्हें क्या सावधानियां बरतनी चाहिएं, इस बारे में बताया गया। 4-6 घंटे में महिलाओं को अपना पैड बदलना चाहिए, जिससे संक्रमण का खतरा नहीं रहता है। जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कृष्ण ने बताया कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लड़कियों व महिलाओं को महावारी के पांच दिनों में स्वच्छता और सुरक्षा के लिए जागरूक करना है। इस अवसर पर पायल पुरी ने हिम्कैप्स नर्सिंग संस्थान बढेडा की छात्राओं की मासिक धर्म संबंधी समस्त भ्रांतियों को दूर किया।

# सीएम ने बंजार को दी करोड़ों की सौगातें

## बंजार में 78.47 करोड़ रुपए की 19 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए

**शीला कौल, अनंत ज्ञान**

**बंजार।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को कुल्लू जिले के बंजार विधानसभा क्षेत्र को देहूरी से 78.47 करोड़ रुपए की 19 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए।

मुख्यमंत्री ने बंजार तहसील में 7.32 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पुल सहित बंजार बाइपास, एनएच-305 पर 1.38 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित मंगलौर पुल, तहसील बंजार में 2.80 करोड़ रुपए की लागत से टींडा शारण बजोही, गलूण लाइडा, टीलरू और चनौन तक उठाऊ जल आपूर्ति योजना, तहसील कुल्लू की ग्राम पंचायत दियार में 2.17 करोड़ रुपए की लागत से डोडनी आगे, भटग्रां बस्ती तक उठाऊ जलापूर्ति योजना, तहसील बंजार के सीवी कोटला में विभिन्न पेयजल आपूर्ति योजना लारजी से 2.06 करोड़ रुपए की लागत से हर घर नल से जल योजना, बस स्टैंड बंजार में 2.80 करोड़ रुपए की लागत से बहुमंजिला पार्किंग और सैंज में 1.35 करोड़ रुपए की लागत से विज्ञान प्रयोगशाला सहित सात परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने 4.73 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली जोहल जेष्टा अशनी पुइन सड़क, 4.65 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाली जवाल टिंडाह वाया सेरी बेला ब्योगी सड़क, 7.11 करोड़ रुपए की लागत से बंजार में तीर्थन नदी पर बनने वाला पुल, 6.20 करोड़ रुपए और 5.82 करोड़ रुपए की लागत से सैंज खड्डु पर बनने वाले सिंगल स्पैन स्टील ट्रस पुलों की आधारशिला रखी।

उन्होंने सैंज तहसील में बारिश के कारण पहुंची क्षति के फलस्वरूप सैंज बाजार और सैंज खड्डु के दाईं ओर 3.72 करोड़ रुपए के जीर्णोद्धार कार्यों, ब्यास नदी के दोनों ओर शाड़ाबाई से बजौरा तक 8.02 करोड़ रुपए से बाढ़ सुरक्षा कार्य, बंजार के निकट तीर्थन खड्डु पर 1.90 करोड़ की लागत से बाढ़ सुरक्षा कार्य, केवीके बजौरा के प्रायोगिक फार्म के लिए 3.40 करोड़ की लागत से बाढ़ शमन और तटबंध सुरक्षा कार्य, तहसील बंजार में दवाला शैरी और रतवाह के निकट तीर्थन जिभी खड्डु पर 4.85 करोड़ रुपए की लागत से बाढ़ सुरक्षा कार्य, तहसील सैंज में विभिन्न पहुंचों पर सैंज खड्डु (लेफ्ट साइड) पर 1.83 करोड़ रुपए की लागत से बाढ़ सुरक्षा कार्य और तहसील बंजार में हिदाब, घियागी, जिभी, दवाड़ा और दमोठी में जिभी खड्डु पर और बाथड़, फरयाड़ी, गुशैणी, शैरोपा देवरी और कंडी धार कालू रोपा और खुंदन से मंगलौर में तीर्थन खड्डु पर 6.35 करोड़ रुपए की लागत से बाढ़ सुरक्षा कार्यों का भूमि पूजन किया।



78.47 करोड़ रुपए की 19 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास करते सीएम सुक्खू।

### मुख्यमंत्री कुल्लू के विकास के लिए हमेशा चिंतित: सुंदर

**इस** मौके पर विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बंजार क्षेत्र को बड़ी सौगात दी है, जो सिराज घाटी, तीर्थन घाटी और बंजार के लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री कुल्लू जिले के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं। आपदा के दौरान मुख्यमंत्री ने यहां के लोगों का दर्द समझा और उन्हें राहत प्रदान की। राज्य सरकार प्रदेश के पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए ई-व्हीकल को बढ़ावा दे रही है। बंजार विधानसभा से उन्हें अपनी राजनीति की शुरुआत की और यहां का विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

### राम सिंह मियां ने जताया आभार

**एपीएमसी** कुल्लू के अध्यक्ष राम सिंह मियां ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और सभी उद्घाटनों व शिलान्यासों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों को राहत प्रदान करने का काम किया। मुख्यमंत्री आम आदमी के दर्द को अच्छी तरह जानते हैं और इसीलिए उनके कल्याण के लिए योजनाएं बना कर लागू कर रहे हैं।

# हमने भ्रष्टाचार के सभी दरवाजे किए बंद: सुक्खू

## भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए 5000 करोड़ रुपए की चुनावी रेवड़ियां बांटी

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू/बंजार।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि भाजपा नेता पूछते रहते हैं कि महिलाओं को 1500 रुपए कब मिलेंगे। मैं कहना चाहता हूं कि हमने भ्रष्टाचार के सभी दरवाजे बंद कर दिए हैं और सार्वजनिक धन को लूटने से बचाया है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश की जनता की संपदा को लुटाया और विधानसभा चुनाव जीतने के लिए 5000 करोड़ रुपए की चुनावी रेवड़ियां बांट दीं। उन्होंने नए संस्थान खोल दिए, लेकिन स्टॉफ और उचित सुविधाएं उपलब्ध न करवा कर प्रदेश के लोगों को धोखा दिया। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर शिक्षा के स्तर में गिरावट के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि हम नए शिक्षण संस्थान नहीं खोल रहे, बल्कि स्कूलों में अध्यापकों की नियुक्तियां कर रहे हैं और सुविधाएं जुटा रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। वहीं, उन्होंने कहा कि जिन पर पहले ही भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, वह प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए वर्तमान राज्य सरकार पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। यह बात मुख्यमंत्री ने बुधवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र के शाईरोपा में जनता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जो कांग्रेस से निष्कासित होकर आज भाजपा के नीति निर्धारक बने हैं, लेकिन पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। वहीं, उन्होंने कहा कि भाजपा आज पांच गुटों में बंटी है।

### आपदा में भाजपा नेताओं ने नहीं की केंद्र में पैरवी

**वर्ष-2023** में आई आपदा के दौरान भाजपा नेता एक बार भी प्रभावित परिवारों का हक मांगने के लिए केंद्र सरकार से कोई भी पैरवी करने नहीं गए, जबकि कांग्रेस सरकार लोगों के साथ खड़ी रही। हमने प्रभावित परिवारों को फिर से बसाने के लिए नियमों को बदलकर विशेष राहत पैकेज दिया और घर पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजा 1.50 लाख रुपए से बढ़ाकर सात लाख रुपए किया। वहीं, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घर के लिए मुआवजा बढ़ाकर एक लाख रुपए किया गया।

### बंजार के विधायक मेरे छोटे भाई

**बंजार** के विधायक मेरे छोटे भाई और उन्हें भी चाहिए कि वह बंजार के विकास के लिए कार्य करें न कि ओछी राजनीति कर बंजार की जनता को भरम में डालें। बंजार के विधायक के लिए कार्यक्रम में कुर्सी रखी गई थी और उन्हें इस कार्यक्रम में आना चाहिए था, अगर वह कार्यक्रम में आते तो शिलान्यास व उद्घाटन पट्टिका में उनका नाम जरूर लिखा जाना था।

### वर्तमान सरकार कर रही काम

**उन्होंने** कहा कि पिछली सरकार प्रदेश पर 75 हजार करोड़ रुपए का कर्ज छोड़ कर गई, क्योंकि वह राजनीतिक लाभ के लिए काम करती रही। वर्तमान कांग्रेस सरकार जन-कल्याण के लिए काम कर रही है।

**पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश की जनता की संपदा को लुटाया**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का बंजार के शरची में पहुंचने पर स्वागत करते ग्रामीण।

# 31 मई तक आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** नगर पंचायत निरमंड की अध्यक्ष ममता रानी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत पात्र लोगों से 31 मई तक आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। योजना का उद्देश्य उन परिवारों को पक्का घर प्रदान करना है, जिनके पास स्वयं का पक्का घर नहीं है और जिनकी आय तीन लाख रुपए से कम है। इस योजना में नगर पंचायत के सात वार्ड शामिल हैं। पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे लोकमित्र केंद्र या नगर पंचायत कार्यालय में जाकर आवेदन कर सकते हैं और योजना का लाभ उठा सकते हैं आवेदन के लिए पात्र परिवार को आधार कार्ड , आय प्रमाण पात्र, भूमि संबंधित दस्तावेज, परिवार रजिस्टर की नकल, पासपोर्ट साइज फोटो तथा राशन कार्ड की प्रतिलिपि अनिवार्य है ।

# एंबुलेंस कर्मियों की मांगों को पूरा करे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश में नेशनल हेल्थ मिशन के तहत चल रही एंबुलेंस में काम कर रहे कर्मचारियों का कंपनी प्रबंधन के द्वारा शोषण किया जा रहा है, लेकिन इस और सरकार कोई भी ध्यान नहीं दे रही है। ऐसे में सरकार और कंपनी प्रबंधन के मनमानी रवैया से नाराज होकर 102 और 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों के द्वारा 24 घंटे की हड़ताल जारी रखी गई है।

वहीं, जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में भी सीटू के बैनर तले 102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन के कर्मचारियों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया। वहीं, डीसी कार्यालय के बाहर भी कंपनी प्रबंधन पर उत्पीड़न का आरोप लगाया गया। कर्मचारी यूनियन के जिला अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह ने बताया कि न तो कर्मचारियों को ईपीएफ का लाभ दिया जा रहा है और न ही उनकी मांगों को सुना जा रहा है। हालांकि, इन सभी मांगों को लेकर कई बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कंपनी प्रबंधन के अधिकारियों को भी पत्र लिखा गया, लेकिन आज तक कंपनी की मनमानी जारी है। ऐसे में 24 घंटे की हड़ताल कर्मचारियों के द्वारा की गई है। जोगिंद्र सिंह ने बताया कि अगर सरकार और कंपनी प्रबंधन के द्वारा जल्द कोई फैसला नहीं लिया गया, तो इस हड़ताल को आगे बढ़ाया जाएगा।




सीटू के बैनर तले 102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन के कर्मी धरना-प्रदर्शन करते हुए।

# कांग्रेस नेता बोले, विधायक अनुराधा की लोकप्रियता से बौखलाए हैं भाजपा नेता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति कांग्रेस नेताओं पूर्व प्रदेश सचिव प्यारेलाल, कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव अनिल ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उदयपुर के पूर्व अध्यक्ष देवी सिंह ठाकुर, दलीप सिंह बोध उपाध्यक्ष बीडीसी, दोरजे जिला परिषद सदस्य, महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कमला, ब्लॉक की पूर्व उपाध्यक्ष राजेश बाबा ने कहा कि लाहौल-स्पीति की ईमानदार व कर्मठ विधायक अनुराधा राणा की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा नेता बौखला गए हैं।

लाहौल-स्पीति की जनता इन नेताओं की छवि से भली-भांति परिचित है। इन कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा फेसबुक से वीडियो को कोपी कर उसे एडिट कर सरकार व विधायक की छवि को खराब करने की ओछी राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि लाहौल-स्पीति की जगरूक जनता सच्चाई जानती है। जनता इस तरह के झूठे जाल में फंसने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि प्रदेश में आर्थिक संकट प्रदेश सरकार नहीं, बल्कि केंद्र सरकार के कारण आया है। केंद्र सरकार राज्य सरकार को उसका हक देने में भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट के बीच प्रदेश सरकार सूझबूझ से काम कर रही है और विकास के कार्यों को गति दे रही है। विधायक राजनीति से ऊपर उठकर लाहौल-स्पीति का विकास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं से विधायक की लोकप्रियता हजम नहीं हो रही है। लाहौल-स्पीति की विधायक की कार्यप्रणाली से भाजपा की विचारधारा के लोग भी प्रभावित होने लगे हैं। उन्होंने कहा कि ओछी राजनीति कर सरकार व विधायक की छवि को खराब करने वाले अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होंगे।

# 25 करोड़ की धनराशि सरकार ने की स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत जिले में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय के सभागार में किया गया।

इसकी अध्यक्षता डीसी किरण भड़ाना ने की। डीसी ने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम का उद्देश्य अलपसख्यंक समुदाय बहुल क्षेत्रों में समाजिक और आर्थिक उत्थान करना है तथा विकासात्मक अंतराल को संबोधित करके पहचाने गए अल्पसंख्यक सांद्रता क्षेत्रों (एमसीए) में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि जिले में इस कार्यक्रम के तहत प्राथमिकता वाले क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास सहित महिलाओं के उत्थान से संबधित विकास कार्यों पर विशेष ध्यान केंद्रित करना है।



प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की समीक्षा बैठक के दौरान डीसी चर्चा करती हुईं।

जिले में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत विकास कार्यों के लिए लगभग 25 करोड़ रुपए की धनराशी सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है और इस धनराशी से जिले में कुल 11 विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इनमें से 5 की निविदाएं पूर्ण हो चुकी हैं और कुछ का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने सबंधित विभाग को शेष कार्यों की जल्द निवादांए करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि अभी तक विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ 38 लाख की धनराशि जारी कर दी गई है। बैठक के दौरान पीएमजीवी कार्यक्रम के तहत जिले में प्रस्तावित विकास कार्यों। इनमें 4 करोड़ 33 लाख की लागत से उपकेंद्र जिस्पा के लिए खेल, पर्वतारोहण और बचाव उपकरण की खरीद, 6.06 करोड़ से ग्राम पंचायत गोंधला के लिए शीतकालीन जलापूर्ति योजना, 38 लाख से मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना, 1 करोड़ 22 लाख से जिले के 60 स्कूलों का सौरीकरण, 3 करोड़ 33 लाख से पर्वतारोहण उपकेंद्र जिस्पा में लड़कों और लड़कियों के लिए छात्रावास ब्लॉकों का निर्माण, 1.94 करोड से बुधिस्ठ विकास कार्यक्रम के तहत टिंगरेट, मियार घाटी में पर्यटक सूचना केंद्र और ट्रेकर हट्स के निर्माण, बुधिस्ठ विकास कार्यक्रम के तहत काजा में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के साथ 100 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र, 1.37 करोड़ की लागत से युरनाथ (गुस्क्यार) में सामुदायिक केंद्र/वन स्टॉप सेंटर भवन का निर्माण, पर्वतारोहण उपकेंद्र जिस्पा में ऑफ-ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना व स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग वॉल के निर्माण के बारे में विस्तृत चर्चा हुई और डीसी द्वारा संबधित विभाग को अवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, आनी।** क्षेत्र के सभी गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी कराना अब अनिवार्य कर दिया गया है। मिश्रा इंटरप्राइजेज आनी के गैस एजेंसी प्रभारी ऋषि शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में पूरी गैस वितरण प्रणाली डिजिटल होने जा रही है। ऐसे में सभी उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द अपनी ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से गैस बुकिंग के लिए 84549-55555 नंबर पर केवल उसी दिन मिस्ड कॉल करें, जिस दिन गैस की गाड़ी उनके क्षेत्र में पहुंच रही हो। मिस्ड कॉल के बाद उपभोक्ता को एक चार अंकों का ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे डिलीवरी ब्वॉय को दिखाकर गैस सिलिंडर प्राप्त किया जा सकेगा। उपभोक्ता डिजिटल माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करने की कोशिश करें, ताकि भविष्य में प्रक्रिया सुगम हो सके। ऋषि शर्मा ने चेताया कि ई-केवाईसी न कराने पर गैस कनेक्शन स्वतः रद्द हो सकता है। इसके अलावा उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि यदि उनका हॉज पाइप पांच साल से अधिक पुराना है या किसी अनाधिकृत विक्रेता से खरीदा गया है, तो उसे तुरंत बदलवाएं। यह कदम उनकी और उनके परिवार की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है, अगर किसी उपभोक्ता को किसी भी प्रकार की जानकारी की आवश्यकता है, तो वे गैस कार्यालय आनी से संपर्क कर सकते हैं या 01904-292151 नंबर पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# 13 लाख रुपए से बनेगा महिला मंडल भवन

## विधायक ने रामा में आंगनबाड़ी केंद्र का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने अपने स्पीति प्रवास के दौरान बुधवार को विकास खंड काजा के अंतर्गत आने वाले लालूंग पंचायत के लिंगती गांव में 13 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक एवं महिला मंडल भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस भवन में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इस भवन के बनकर तैयार होने पर लिंगती महिला मंडल सहित ग्रामवासियों को गांव में आयोजित होने वाले विभिन्न बैठकों, गतिविधियों, समारोहों व अन्य कार्यक्रमों को आयोजित करने में सुविधा मिलेगी। इसके उपरांत विधायक अनुराधा राणा ने लालूंग पंचायत के गांव रामा में 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाडी केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस आंगनबाड़ी केंद्र के लोकार्पण से इस गांव के बच्चों और उनके परिवारों को कई लाभ होंगे, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास भी सुनिश्चित होगा। इस केंद्र में बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जैसे कि बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन, शिक्षा और बच्चों के माता-पिता के लिए मार्गदर्शन आदि। यह केंद्र बच्चों के लिए पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान भी करेगा। आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका होती हैं, जो बच्चों और उनके माता-पिता को सहायता प्रदान करती हैं। आंगनबाड़ी केंद्र समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित और सहायक वातावरण प्रदान करते हैं। इस दौरान विधायक ने लिंगती, रामा, लालूंग, तंगती गोगमा, तंगती योगमा, बर, सेलिंग, गुलिंग और कुंगरी गोंपा में लोगों की समस्याएं सुनीं। क्षेत्र के लोगों ने उनके समक्ष सामूहिक तथा व्यक्तिगत समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया और शेष समस्याओं निपटारे के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपी गईं।



लाहौल-स्पीति की विधायक रामा में आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण करती हुईं।

# एक से 26 जून तक चलाया जाएगा जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

**नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम की बैठक आयोजित**

जिलाधीश कार्यालय के सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीसी किरण भड़ाना ने की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने बताया कि 1 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला लाहौल-स्पीति में एक स्पेशल अवेयरनेस कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें सभी विभाग शिक्षा, पुलिस, जिला यूथ एंड स्पोर्ट्स, नेहरू युवा केंद्र, पंचायती राज, स्वस्थ्य व महिला और बाल विकास विभाग और जिला कल्याण विभाग शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिले के बच्चों, युवाओं व आमजनता के लिए नशे से बचाव संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि नशे से बचाव के लिए पाठशालाओं के स्टूडेंट्स को जागरूक करने के लिए एक शॉर्ट वीडियो और कुछ क्विज भी कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि योगा सेशन का आयोजन सहित पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता स्कूलों में कारवाई जाएंगी। एक मैराथन और एक रन अगेंस्ट ड्रग्स का भी आयोजन किया जाएगा। सभी डिपार्टमेंट एक साथ मिलकर यह सारी एक्टिविटी ऑर्गेनाइज कर इस अभियान को सफल बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि कोशिश की जाएगी कि अगर कोई नशे से ग्रसित है, तो उनके लिए भी रिहैबिलिटेशन सेंटर और अस्पताल में काउंसलिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि वह नशे को छोड़कर अपनी सामान्य जिंदगी में लौट सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज, एसडीएम अकांक्षा शर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष बिना देवी, जिला कल्याण अधिकारी खुशविंद्र ठाकुर तहसीलदार रमेश राणा, जिला परियोजना अधिकारी संजय डोगरा सहित अन्य समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**आयोजन** भाजपा ने कुल्लू में आयोजित की संगोष्ठी, राजनीति के साथ-साथ कूटनीति में थी विशेषज्ञ

# ढालपुर में अहिल्याबाई का योगदान किया याद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के देव सदन में जिला कुल्लू भाजपा के द्वारा मध्य प्रदेश के मालवा की पूर्व में रही महारानी अहिल्याबाई होलकर की याद में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस संगोष्ठी में पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय राणा, जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भीम सेन शर्मा, कुल्लू से 2022 के प्रत्याशी नरोतम ठाकुर, प्रदेश महिला मोर्चा सचिव मनीषा सूद, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चमन कपूर, कार्यकारिणी सदस्य अर्चना ठाकुर, सुनीता कटोच, विमला ठाकुर, जिला कुल्लू भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष कमलेश शर्मा, जिला भाजपा प्रवक्ता रुक्मणि जोशी, जिला महामंत्री अमर ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में स्वर्गीय अहिल्याबाई होलकर के जीवन को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि अहिल्याबाई की शादी 8 साल की उम्र में खांडेराव होलकर से हुई, लेकिन अहिल्या पर दुखों का पहाड़ तब टूटा जब 1754 में उनके पति खांडेराव की मृत्यु हो गई और बाद में 1766 में मालवा के शासक और अहिल्या के ससुर मल्हार राव होलकर भी चल बसे। इतना ही नहीं उन्होंने अपना पुत्र मालेराव भी जल्द ही खो दिया, जब मालवा की गद्दी बिना शासक के थी, तब अहिल्याबाई ने शासन की बागडोर अपने हाथों में ली। गोविंद ने बताया कि अहिल्याबाई ने 1767 से 1795 तक मालवा राज्य की बागड़ोर संभाली। राजगद्दी संभालते हुए महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने आसपास के राज्यों में यह सूचना पहुंचा दी और उनके सेनापति तथा पेशवा बाजीराव ने उनकी सहायता की। अपने शासन काल में उन्होंने इंदौर को एक व्यवस्थित और सुंदर नगर में परिवर्तित किया। उन्होंने बिना युद्ध के प्रशासनिक क्षमता, न्याय व्यवस्था और परोपकारी कार्यों से शासन चलाया। साथ ही हर धर्म, जाति और समुदाय के साथ समान न्याय और सम्मान का व्यवहार किया। वहीं, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय राणा ने बताया कि अहिल्या बाई ने एक महिला होकर उस दौर में शासन चलाया, जब स्त्रियों को राजनीतिक भागीदारी का अधिकार भी नहीं था। अपनी बुद्धिमत्ता, करुणा और नेतृत्व क्षमता से उन्होंने नारी सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण पेश किया।

अहिल्याबाई ने राज्य को मजबूत करने के लिए अपने नेतृत्व में महिला सेना की स्थापना की। अहिल्याबाई ने स्त्रियों को उनका उचित स्थान दिया और अहिल्या ने लड़कियों की पढ़ाई-लिखाई को विस्तार देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होलकर ने काशी, गया, सोमनाथ, द्वारका, रामेश्वरम, बद्रीनाथ, केदारनाथ, अयोध्या, उज्जैन जैसे कई धार्मिक स्थलों पर मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण कराया।



कुल्लू में अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित गणमान्य लोग।

# आज से 12 तक मनाया जाएगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा कृषि व किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार द्वारा 29 से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा, जो कि देश के विभिन्न गांवों में किसानों को कृषि और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देगा।

इस अभियान के कुशल क्रियान्ववयन के लिए देश के सभी 731 कृषि विज्ञान केंद्रों के विशेषज्ञ, 113 आईसीएसआर संस्थानों के वैज्ञानिक, राज्यों के कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन आदि विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। यह अभियान जिला स्तर पर केवाईके द्वारा संचालित किया जाएगा। स्पीति ब्लॉक में कृषि विज्ञान केंद्र, ताबो को इस उपलब्धि को हासिल करने का काम सौंपा गया है। वरिष्ठ वैज्ञानिक और प्रमुख डॉ. आरएस स्पेहिया ने बताया कि अभियान की शुरुआत दुनिया के सबसे ऊंचे गांव कोमिक से की जा रही है। काजा की एसडीएम, शिखा कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि होंगी। स्पीति में इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र विशेष के लिए फसलों की बुवाई से पहले महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना और दूसरा महत्वपूर्ण उद्देश्य किसानों को एकल कृषि से बचने के लिए फसलों के विविधीकरण के लिए प्रेरित करना है। किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा नीतियों के बारे में किसानों को जागरूक करना, किसानों को मृदा स्वस्थ्य कार्ड के फायदे के बारे में जागरूक करना, जिससे कि इसमें उपलब्ध जानकारी के अनुसार फसलों के चयन तथा खादों के उपयोग के बारे में जागरूक करना और किसानों से फीडबैक लेना, जिससे कि उनके द्वारा किए गए नवाचार के बारे में वैज्ञानिक सीखकर उसके अनुसार अनुसंधान को दिशा दे सकें। मुख्य चर्चा के विषय प्राकृतिक खेती का प्रचार एवं प्रसार, कृषि में नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के बारे में किसानों को जानकारी के साथ- साथ वीडियो से विभिन्न आधुनिक तकनीकों को भी दिखाया जाएगा। केंद्रीय एवं राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं संबंधित विभागों द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी जाएगी। किसानों की आवश्यकता के आधार पर संबंधित विभाग सहयोग प्रदान करेंगे।

# पीएसए प्लांट बना सफेद हाथी

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान

**सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी को पूरा करने के लिए करीब 7 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित पीएसए प्लांट सफेद हाथी बनकर रह गया है।

इस प्लांट के हांप जाने से अस्पताल प्रशासन को अब ऑक्सीजन की मांग पूरी करने के लिए सिलेंडर खरीदने पड़ रहे हैं। इससे पहले भी यह प्लांट वर्ष-2023 में खराब हो गया था, तब करीब 3.60 लाख रुपए खर्च कर इसे ठीक किया गया था। दरअसल अस्पताल में तकनीकी कर्मचारियों का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें हटा दिया है, अब अस्पताल में पीएसए प्लांट चलाने के लिए भी कोई नहीं है। लिहाजा करोड़ों रुपए की लागत से बनाया गया प्लांट अब सिर्फ शोपीस बनकर रह गया है, जबकि देश में एक बार फिर से कोरोना ने अपने पांव पसारना शुरू कर दिए हैं।



सोलन अस्पताल में लगा ऑक्सीजन पीएसए प्लांट।

**अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर खरीद कर चलाना पड़ रहा काम**

सोलन हॉस्पिटल में हर समय ऑक्सीजन की जरूरत पड़ती है। ऐसे में यहां ऑक्सीजन प्लांट चलना बहुत आवश्यक है। सरकार ने यहां तैनात दो कर्मियों की सेवाओं को समाप्त कर दिया है, ऐसे में प्लांट बंद हो गया है। जिले में 6 पीएसए प्लांट कर्मियों की सेवाएं खत्म की गई हैं।

**डॉ. राकेश पंवर, एमएस, सोलन हॉस्पिटल।**

## खरीदनी पड़ रही ऑक्सीजन

अनंत ज्ञान खास खबर

**क्षेत्रीय** अस्पताल सोलन में पीएसए (प्रेशर स्विंग एडजोर्पशन) यानी ऑक्सीजन प्लांट होने के बावजूद ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदने पड़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को सिलेंडर की खरीद पर हजारों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक 1 हजार लीटर प्रति मिनट ऑक्सीजन तैयार करने की क्षमता वाले ऑक्सीजन प्लांट के बावजूद अस्पताल प्रबंधन को ऑक्सीजन सिलेंडर खरीदने पड़ रहे हैं। प्रबंधन की मानें, तो ऑक्सीजन सिलेंडर का अस्पताल में बहुत कम इस्तेमाल किया जाता है। प्लांट के खराब होने के कारण ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपयोग में लाए जा रहे हैं। बिजली गुल होने की सूरत में ऑक्सीजन सिलेंडर का इस्तेमाल किया जाता है इसलिए आपातकाल में स्थिति से निपटने के लिए सिलेंडर खरीदे जा रहे हैं। क्षेत्रीय अस्पताल में कोरोना काल में यह पीएसए प्लांट स्थापित किया गया था। इससे अस्पताल के सभी 200 बिस्तरों को जोड़ा गया है, लेकिन यह ज्यादा वक्त बंद ही रहता है।

## स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर करवाया अवगत

**अस्पताल** मैनेजमेंट ने कई बार इस विषय में प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर कर्नल धनीराम शांडिल से भी बात की थी। प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री को एक पत्र लिखकर भी इस विषय में पत्राचार किया गया था। इसके बाद भी कुछ खास नहीं हो पाया और सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार, अब जिले के सभी पीएसए प्लांट में मौजूद कर्मियों को निकाल दिया गया है। कुल 29 पीएसए प्लांट कर्मियों की सेवाओं को खत्म कर दिया है। इसी कड़ी में जिला सोलन के 6 कर्मियों का भविष्य भी अब अंधकार में है।

# कर्मियों के साथ खिलवाड़ कर रहा जीएमपी टेक्निकल उद्योग : यूनियन



जीएमपी टेक्निकल सोल्यूशन उद्योग में काम पर लौटने का इंतजार कर रहे कर्मचारी।

भूपेंद्र चंदेल, अनंत ज्ञान

**बद्दी।** औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला के मंधाला स्थित जीएमपी टेक्निकल सोल्यूशन उद्योग अपने कर्मचारियों के साथ खिलवाड़ कर रहा है।

कर्मचारी यूनियन का कहना है कि उद्योग के कर्मचारी पिछले 88 दिनों से बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर काम पर लौटने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उद्योग प्रबंधन की तरफ से उन्हें गेट के अंदर नहीं आने दिया जा रहा है। इससे आहत कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है और अब श्रम न्यायालय की तरफ से उन्हें किसी अच्छी खबर का इंतजार है। मार्च माह से परेशान कर्मचारी, अब उद्योग से कुछ दूरी पर खुले आसमान के नीचे पेड़ के पास धरने पर बैठकर प्रदेश सरकार, श्रम विभाग व उद्योग प्रबंधन से न्याय की मांग कर रहे हैं। अधिकतर कर्मचारी इस उद्योग में जिला कांगड़ा से काम करते थे, जिन्हें अकारण ही उद्योग प्रबंधन की तरफ से पंजाब सहित अन्य राज्यों के तबादला निर्देश निकाल दिए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उद्योग बिना किसी की कंसेंट और बिना वेतन बढ़ाए दूसरे राज्यों को उनकी ट्रांसफर कर रहा है। कर्मियों ने आरोप लगाया कि दूसरे राज्यों में इनके यूनिट चलाए जा रहे हैं और धीरे-धीरे वह इस उद्योग की तालाबंदी करने जा रहे हैं और हमारे साथ धोखा करने में लगे हैं। उद्योग के कर्मचारी कृष्ण पाल व अन्य ने बताया कि उद्योग के कर्मचारी यहां जब से उद्योग स्थापित है, तब से जुड़े हैं और अब करीब 10 व 15 सालों के बाद उन कर्मचारियों को इस तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। चार मार्च को उन्हें उद्योग के अंदर प्रवेश नहीं दिया। उद्योग के कर्मी ने बताया कि उन्हें नोटिस बोर्ड पर नोटिस चिपका कर पंजाब, अहमदाबाद, महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश के तबादले की जानकारी मिली, उसके बाद मोबाइल पर ही उन्हें ट्रांसफर ऑर्डर दे दिए और अगले ही दिन से उद्योग के अंदर उनका प्रवेश बंद कर दिया। श्रम अधिकारी बद्दी अमित ठाकुर ने कहा कि उनके पास इसकी शिकायत आई है। मामले की सुनवाई जारी है। दोनों पक्षों के साथ बातचीत की जा रही है और समझौता करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

# एनडीपीएस मामले में दोषी को 15 साल की कैद व डेढ़ लाख जुर्माना

अनंत ज्ञान, नाहन

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिरमौर योगेश जसवाल की अदालत ने एक महत्वपूर्ण फैसले में एनडीपीएस (स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ) अधिनियम के तहत एक दोषी को 15 वर्ष का कठोर कारावास और 1.50 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।



जिला न्यायवादी चंपा सुरील ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल रखने से संबंधित था। इसमें कमरऊ तहसील के टिंबी गांव के निवासी अनिल कुमार पुत्र काली राम को अदालत ने दोषी पाया है। अनिल कुमार को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 (सी) के तहत यह सजा सुनाई गई है। अदालत ने अपने फैसले में दोषी अनिल कुमार पर 1.50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है, जिसे उसे भरना होगा यदि वह जुर्माना भरने में विफल रहता है, तो उसे 2 वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। जिला न्यायवादी चंपा सुरील ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 6 जुलाई, 2022 को पुलिस टीम पांवटा साहिब शिलाई क्षेत्र में गश्त कर रही थी। लगभग 2 बजकर 15 मिनट पर जब पुलिस टीम सतौन पहुंची, तो हेड कांस्टेबल राकेश को एक गुप्त सूचना मिली कि अनिल कुमार प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल और कोडीन फॉस्फेट व क्लोरफ्रूइरामाइन मैलेट युक्त कफ सिरप की अवैध खरीद-बिक्री में शामिल है।

इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अनिल कुमार के घर पर छापा मारा, यहां वह मौजूद पाया गया। तलाशी के दौरान, पुलिस ने उसके बेडरूम में बिस्तर के पास रखे एक काले पिट्ठू बैग से कोडीन फॉस्फेट और क्लोरफ्रूइरामाइन मैलेट कफ सिरप की 91 बोतलें बरामद कीं। पुलिस ने तुरंत एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इस मामले की जांच के दौरान 20 गवाहों से पूछताछ की गई और पर्याप्त साक्ष्यों के साथ अदालत में चालान पेश किया गया। अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत किए गए सबूतों के आधार पर अनिल कुमार को दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई।

# एचटी लाइन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

अनंत ज्ञान, सोलन

पुलिस थाना परवाणू के अंतर्गत मुकाम टिकरी नरयाल में मंगलवार देर रात्रि के समय मोटरसाइकिल पर जा रहे दो युवक सड़क पर बिजली की एचटी लाइन की तारों की चपेट में आने के कारण करंट लगने से बुरी तरह से झुलस गए, जिस पर स्थानीय लोग उपरोक्त दोनों युवकों को उपचार के लिए तुरंत ईएसआई अस्पताल परवाणू ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया, जिस पर पुलिस थाना परवाणू में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया।

इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान दोनों मृतक युवकों की पहचान बसंत कुमार पुत्र शिव मोहन निवासी गांव उपाध्याया मझेर पछनाव, डाकघर दिह, तह. सलौन, जिला रायबरेली, यूपी उम्र 35 वर्ष ब्रजेश कुमार पुत्र राम दयाल शर्मा, निवासी गांव दरिया वैकुंठ डाखा दरिया सूजान तह. तमकुईराज जिला खुशीनगर उत्तर प्रदेश उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई। जांच के दौरान पाया गया कि उपरोक्त दोनों युवक नारयल परवाणू में एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करते थे और छुट्टी होने के उपरांत उपरोक्त दोनों अपने मोटरसाइकिल पर अपने क्वार्टर जा रहे थे।

जांच पर यह भी पाया गया कि सड़क पर लटकी/गिरी तारों में उस समय सप्लाई चल रही थी यदि समय रहते एचटी लाइन की सप्लाई कटी होती, तो यह हादसा घटित होने से बच सकता था, जो अभी तक की जांच से पाया गया है कि यह हादसा बिजली विभाग परवाणू में उस समय ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की लापरवाही के कारण होना पाया गया है। दोनों मृतक युवकों का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।

## चिट्टे का सप्लायर हरियाणा से काबू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** चिट्टा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने मुख्य सरगना को जिला मंडी तहसील करसोग निवासी को हरियाणा से गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक अभियोग के आगामी अन्वेषण के दौरान गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से की गई पूछताछ व तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण से पाया गया कि आरोपी तेंजीन गेशे नेगी व अंकित से जो चिट्टा/हेरोइन बरामद किया गया था, उसको इन्होंने एक अश्वनी कुमार नामक व्यक्ति से खरीदा था, जिस पर पुलिस थाना कंडाघाट की टीम द्वारा इस मामले में आरोपी अश्वनी कुमार पुत्र गोविंद राम निवासी मलोग डाकखाना सराहन तहसील करसोग जिला मंडी उम्र 29 वर्ष को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

### प्रदेश में 102 एवं 108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन ने की हड़ताल

# हेडक्वार्टर धर्मपुर में कर्मियों ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, सोलन

वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर 102 एवं 108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन ने 24 घंटे की सांकेतिक हड़ताल का आयोजन किया।

इससे प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हुईं। वहीं, कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन पर शोषण का आरोप लगाया। हड़ताल के दौरान प्रदेश के सभी 102 एवं 108 एंबुलेंस वाहनों का चक्का जाम रहा। इस दौरान किसी भी ड्राइवर व ईएमटी ने कार्य नहीं किया। हड़ताल के तहत सभी जिला मुख्यालयों, नेशनल हेल्थ मिशन प्रबंध निदेशक कार्यालय शिमला एवं मेड स्वान फाउंडेशन मुख्य कार्यालय धर्मपुर सोलन में जोरदार प्रदर्शन हुए। यूनियन ने चेताया कि अगर कर्मचारियों की मांगों का समाधान न हुआ व प्रताड़ना बंद न की तो आंदोलन तेज होगा। 102, 108 स्टाफ यूनियन के प्रधान सुनील दत्त ने बताया कि लेबर कोर्ट से उनका वेतन 17235 तय किया गया है, लेकिन



धर्मपुर में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते 102 एवं 108 एंबुलेंस कर्मचारी यूनियन के सदस्य।

12 घंटे की ड्यूटी के बाद उनकी सैलरी 11700 ही है। इसी के साथ लगातार उनकी प्रताड़ना की जा रही है और न समय से उन्हें वेतन मिल रहा है। वहीं, सोलन में 102, 108 एसिएर के हेड ऑफिस में भी यह प्रदर्शन किया गया है, जिसमें उन्होंने अपनी अलग-अलग मांगों को रखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में आज 1300 कर्मचारी अपनी सेवाएं नहीं दे पा रहे हैं, जिससे प्रदेश के लोगों को एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिल रही है। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि मुख्य नियोक्ता एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत मेडस्वेन फाउंडेशन के अधीन काम कर रहे सैकड़ों पायलट, कैप्टन व ईएमटी कर्मचारी शोषण का शिकार हैं। इन कर्मचारियों को सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन तक नहीं मिलता है। इन कर्मचारियों से बारह घंटे ड्यूटी करवाई जाती है, लेकिन इन्हें ओवरटाइम वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय, लेबर कोर्ट, सीजीएम कोर्ट शिमला व श्रम कार्यालय के आदेशों के बावजूद भी पिछले कई वर्षों से इन कर्मचारियों का शोषण बरकरार है। उन्होंने मांग की है कि कर्मचारियों को सरकारी नियमानुसार न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### अस्पताल में उपचाराधीन व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस चौकी सपरून सोलन में क्षेत्रीय अस्पताल से सूचना मिली कि गांव राहों से एक व्यक्ति को क्षेत्रीय अस्पताल लाए हैं, जिस पर पुलिस की टीम तुरंत अस्पताल पहुंची, जहां पर एक व्यक्ति उपचाराधीन पाया गया। तस्दीक करने पर उपरोक्त व्यक्ति की पहचान हेमंत शर्मा पुत्र नरेश शर्मा निवासी गांव राहों डाकघर घट्टी तह. व जिला सोलन उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई। मौके पर उसके परिवार के सदस्यों के बयान लेखबद्ध किए गए। सरसरी तस्दीक करने पर पाया कि उपचाराधीन हेमंत शर्मा ने नशे में घर में रखी कीटनाशक दवाई का इस्तेमाल किया है। प्राथमिक उपचार के उपरांत हेमंत शर्मा को आगामी उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर कर दिया था, जहां से उसे 15 मई को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया, उसके उपरांत 21 मई को पीजीआई चंडीगढ़ से उसे उसके परिवार के सदस्य एमएमयू सुल्तानपुर लेकर आ गए, जहां पर 26 मई को उसकी एमएमयू में उपचार के दौरान मौत हो गई। जांच के दौरान पाया गया कि मृतक हेमंत शर्मा शराब का आदी था। 12 मई को भी मृतक ने शराब का सेवन किया था और दिन के समय मृतक ने घर पर किसी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। इस मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

### पांवटा साहिब के मंदिर में साधु का मिला शव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब के एक मंदिर में साधु का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक के सिर और शरीर पर चोटों के निशान हैं। इसके चलते हत्या की भी आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान सोम गिरी के रूप में हुई है, जिसकी आयु 65 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह मामला पांवटा की शिवपुर पंचायत से जुड़ा है, जहां अंब वाला गांव में स्थित चिंतपूर्णी मंदिर में साधु का शव बरामद हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक के सिर व कमर से ऊपर चोटों के निशान पाए गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार साधु करीब 6 से 7 वर्षों से मंदिर में रह रहा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार को गांव का ही व्यक्ति पास के खेत में बोरवेल का काम करवा रहा था, तो इसी बीच मंदिर में चला गया तो देखा की वहां सोमगिरि का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया गया। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र ठाकुर ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है और उसके बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### डाडो में बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

**हेमराज, अनंत ज्ञान, शिलाई।** सिरमौर जिले के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के मिल्ला गांव के अंतर्गत (डाडो) क्षेत्र में पिछले बीस दिनों से ट्रांसफार्मर जलने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इस कारण ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति के अभाव में विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जबकि ग्रामीणों की ओर से अनेक बार स्थानीय विभाग के उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया गया है, जिस पर संबंधित विभाग ने मिल्ला ट्रांसफार्मर से एक फेस को डाडो क्षेत्र के लिए अस्थायी सप्लाई से जोड़ने का प्रयास किया है, जो कि नाकाफी है। बिजली सप्लाई लो वोल्टेज के रूप में घरों में आती है, वहीं दूसरी ओर गर्मी के इस मौसम में लोगों के घरों में पंखे, कूलर और अन्य विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रिक यंत्र नहीं चल पा रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों ने विभाग से निवेदन किया कि इस क्षेत्र में 25 केवीके ट्रांसफार्मर से बढ़ाकर 63 केवीके का नया ट्रांसफार्मर लगाने की अनुशंसा करें, ताकि भविष्य में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो मजबूरन सड़कों पर उतरने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों में रघुवीर राणा, पंकज राणा, सुनील राणा, चमेल राणा, राजकुमार खेमका, राहुल चौहान, राजेंद्र सिंह आदि ने बिजली समस्या के समाधान की मांग सरकार से की है।

### प्रदेश सरकार खुद बीमार : सुखराम चौधरी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को लेकर भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार किया है। पांवटा साहिब में सुखखाम चौधरी ने कहा, हिमाचल सरकार खुद बीमार है, पहले उसे अपना इलाज करवाना चाहिए, तभी प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार हो सकता है। उन्होंने प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं की ठप पड़ी स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि ये सेवाएं पहले बेहतर ढंग से काम कर रही थीं, लेकिन अब कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के चलते एंबुलेंस सेवाएं पूरी तरह से ठप हो गई हैं। इस कारण से गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर रोगियों को पहाड़ी क्षेत्रों से अस्पतालों तक पहुंचाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सुखराम चौधरी ने आरोप लगाया कि प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाएं लगातार गिरती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में डॉक्टरों के पद खाली हैं, नर्सों की भारी कमी है और जरूरी सुविधाओं के अभाव में मरीजों को सीधे रेफर किया जा रहा है। चौधरी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि बंद पड़ी 108 एंबुलेंस सेवाओं को तुरंत बहाल किया जाए और स्वास्थ्य कर्मियों की जायज मांगों को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों का धरने पर बैठना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

### डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

# कृषि आधारित क्षेत्र में ऋण उपलब्ध करवाए बैंक

अनंत ज्ञान, सोलन

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिले के समस्त बैंकों को कृषि तथा कृषि आधारित क्षेत्र में अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध करवाना चाहिए, ताकि इस क्षेत्र को आर्थिक रूप से और मजबूत बनाकर रोजगार के बेहतर अवसर सृजित किए जा सकें।

डीसी जिला स्तरीय सलाहकार समिति की 179वीं त्रैमासिक बैठक तथा यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चों को बैंकिंग के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों को वित्तीय शिक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए स्कूलों में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन करें। प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना व स्टैंड अप इंडिया योजना, डॉ. वाईएस परमार ऋण योजना तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिला वासियों को अधिक से अधिक ऋण व जीवन बीमा के अंतर्गत कवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने घर-घर केसीसी अभियान पर अधिक बल देने के निर्देश दिए, ताकि लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त किया जा सके। बैंक वार्षिक ऋण योजना के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित बनाएं। समय पर लक्ष्य प्राप्त होने से लोगों की आर्थिक आवश्यकताएं बेहतर तरीके से पूरी की जा सकती हैं। उन्होंने किसानों के अधिक से अधिक क्रेडिट कार्ड बनाने, कृषि औजारों के लिए ऋण प्रदान करने तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत सलाहकार समिति द्वारा बैंकों को ऋण प्रदान करने के लिए दिए गए लक्ष्यों की सघन समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि यूको आरसेटी को कृषि व्यवसाय से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ करने की संभावनाएं तलाशनी चाहिए। यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (यूको आरसेटी) को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए, जो युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्रदान कर सकें।



जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।

# सिरमौर में भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता पैदा कर रहे लोकायुक्त

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर के दूरदराज इलाकों में आम लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक करने के लिए हिमाचल प्रदेश के लोकायुक्त, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति चंद्र भूषण बरोवालिया एक सराहनीय पहल कर रहे हैं। इस अभियान का मकसद लोगों को लोकायुक्त संस्था की कार्यप्रणाली, उनके अधिकारों और राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के बारे में जानकारी देना है।

न्यायमूर्ति बरोवालिया ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले सतौन गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सरकारी कर्मचारियों और ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने सुधार की सोच के साथ लोगों को भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम और पारदर्शी व्यवस्था बनाने की जरूरत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट और गलत तरीकों से कमाई गई संपत्ति न सिर्फ नैतिक पतन का कारण बनती है, बल्कि इसके कर्मों का असर भी होता है। उन्होंने कहा कि इस सांसारिक जीवन के बाद एक ऊपर की अदालत भी है, जहां हर एक कर्म का हिसाब होता है। उन्होंने कहा कि जैसे हम अपने शरीर का ध्यान रखते हैं, वैसे ही समाज को स्वस्थ रखने की भी जिम्मेदारी हमारी है। हमें भ्रष्टाचार को न कहना चाहिए और दूसरों को भी इसके खिलाफ प्रेरित करना चाहिए। न्यायमूर्ति बरोवालिया ने शिलाई में भी एक विशेष शिविर आयोजित किया, जिससे उनकी यह पहल और आगे बढ़ी। गांव के लोगों और स्थानीय नेताओं ने लोकायुक्त के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि यह एक सशक्त अनुभव रहा, जो जनता और संस्थाओं के बीच की दूरी को कम करता है।

## सोलन के वार्ड-14 में चलाया भांग उखाड़ो अभियान



**अनंत ज्ञान, सोलन।** नगर निगम सोलन के तहत वार्ड-14 में रेलवे लाइन के आसपास स्थानीय सेवा समिति ने स्वयंसेवकों के सहयोग से भांग उखाड़ो अभियान चलाया। इस दौरान सभी ने रेलवे लाइन के आसपास उगे भांग के पौधों को नष्ट किया। सेवा समिति के सदस्य लगातार हाउसिंग कॉलोनी के आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाए हुए हैं। इस अभियान से जुड़े गणेश जातक ने बताया कि इन क्षेत्र में स्थानीय लोगों के सहयोग से भांग उखाड़ने के साथ पार्क और रास्तों में उगी झाड़ियों को हटाया जा रहा है। इसके अलावा पौधरोपण से क्षेत्र में सजावटी पौधे भी लगाए जा रहे हैं।

**आयोजन** फ्लोरिकल्चर पर 33वीं वार्षिक एआईसीआरपी बैठक नौणी में हुई आरंभ

# फूलों की खेती में स्मार्ट उद्यमिता के अवसरों का उपयोग करें

अनंत ज्ञान, सोलन

फूलों की खेती पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपी) की 33वीं वार्षिक समूह बैठक डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में शुरू हुई।

इसमें नवाचार, सहयोग और उद्यमिता के माध्यम से भारत में फूलों की खेती के क्षेत्र में उभर रहे विशाल अवसरों का दोहन करने का आह्वान किया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आईसीएआर पुष्प अनुसंधान निदेशालय (डीएफआर), पुणे द्वारा नौणी विवि के फ्लोरिकल्चर और लैंडस्केप वास्तुकला विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। बैठक में 22 एआईसीआरपी केंद्रों के वैज्ञानिकों, विश्वविद्यालय के संकाय और पेशेवरों सहित लगभग 90 फ्लोरिकल्चर विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। सत्र का उद्घाटन करते हुए, मुख्यातिथि एवं नौणी विवि के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने फ्लोरिकल्चर के सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इसे विशेष रूप से भारत के युवाओं के लिए एक 'स्मार्ट आजीविका' अवसर के रूप में वर्णित किया और अनुसंधान संस्थानों को अपने काम को 'प्रयोगशाला से भूमि और भूमि से स्केलेबल व्यवसाय' में बदलने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों और उत्साही लोगों को व्यावहारिक पुष्प कृषि कौशल से लैस करने और क्षेत्र में मांग और विकास को बढ़ाने के लिए अल्पकालिक, व्यावहारिक पाठ्यक्रमों के विकास का आग्रह किया। प्रो. चंदेल ने इस क्षेत्र के सामने एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में जलवायु परिवर्तन पर भी प्रकाश डाला और इसके प्रभाव को कम करने के लिए स्थानीय, आसानी से लागू किए जा सकने वाले समाधानों की वकालत की। आईसीएआर के फूल, सब्जियां, मसाले और औषधीय पौधे के सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडे ने फ्लोरिकल्चर को सनशाइन सेक्टर बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है, जो कृषि की वृद्धि दर से दोगुना है।

उन्होंने बताया कि भारत का वार्षिक फूलों की खेती का निर्यात 700 करोड़ रुपए से अधिक है, जिसमें सूखे फूलों का हिस्सा लगभग 70 फीसदी है। सरकार द्वारा फूलों की खेती को 100 फीसदी निर्यातोन्मुखी उद्योग के रूप में मान्यता दी गई है। डॉ. पांडे ने नई किस्मों की मांग को पूरा करने के लिए घरेलू फूलों के प्रजनन में अधिक प्रयास करने का आह्वान किया और नर्सरी उत्पादन, कट फ्लावर और मूल्यवर्धित पुष्प उत्पादों में उद्यमिता के अवसरों की पहचान करने की बात की।



वार्षिक कैलेंडर रिलीज करते वीसी।

# जैव विविधता और जलवायु परिवर्तन पर सोलन में हैकाथॉन

अनंत ज्ञान, सोलन



भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग के 110 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ट्रांस-हिमालय की जैव विविधता संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन 110-घंटे की हैकाथॉन का आयोजन किया गया।

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (हाई एल्टीट्यूट) क्षेत्रीय केंद्र सोलन की ओर से पाइनवुड होटल बड़ोग में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. जेएम जुल्का, प्रोफेसर और निदेशक (योजना), शूलिनी विश्वविद्यालय सोलन ने किया। इस मौके पर विशिष्टातिथि के रूप में डॉ. एचएस बनयाल, एसोसिएट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, हिप्र विश्वविद्यालय, शिमला रहे। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (हाई अल्टीट्यूट) क्षेत्रीय केंद्र सोलन की प्रभारी अधिकारी डॉ. अवतार कौर सिद्धू ने अपने स्वागत भाषण में मुख्यातिथि, विशिष्टातिथि सभी गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिभागियों, उपस्थित लोगों और सम्मानित निर्णायक मंडल का स्वागत किया। हैकाथॉन में 14 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से प्रत्येक में अधिकतम तीन सदस्य थे। इन टीमों में लद्दाख, कारगिल, राजौरी, दिल्ली, कोलकाता, पंजाब और हिमाचल प्रदेश जैसे व्यापक भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व था। इन टीमों ने विशेषज्ञता का एक समृद्ध मिश्रण प्रदर्शित किया। इसमें संकाय सदस्यों और अनुभवी शोधकर्ताओं से लेकर विभिन्न विषयों के मेधावी छात्र शामिल थे। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रतियोगियों के अलावा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शूलिनी विश्वविद्यालय, डॉ. वाईएस परमार बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय और इंटरनल विश्वविद्यालय, जैसे संस्थानों से 150 से अधिक शिक्षाविद, रिसर्च स्कॉलर और सभी स्तरों के छात्रों (पीएचडी, स्नातकोत्तर और स्नातक) ने भी भाग लिया।




# ऑस्ट्रेलिया ड्रग भेजने के मामले में ईडी की जांच शुरू

## चंडीगढ़ में 3 आरोपियों को समन, एनसीबी ने पहले कोकीन समझा, वकील बोले-आरोप बेबुनियाद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चार साल पहले चंडीगढ़ से ऑस्ट्रेलिया में गैरकानूनी तरीके से प्रतिबंधित केमिकल 'एफीड्रिन' भेजे जाने के मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू कर दी है। पहले इस केस की जांच नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) कर रही थी, लेकिन अब ईडी को संदेह है कि इस नेटवर्क में काले धन का इस्तेमाल हुआ है।

इस सिलसिले में ईडी ने चेन्नई के 3 आरोपियों को समन भेजकर उनके और उनके परिवारों के बैंक खातों व संपत्ति की जानकारी मांगी है। सभी आरोपितों को 9 जून को ईडी ऑफिस में पेश होने के निर्देश दिए गए हैं। मामला मई 2021 का है, जब चंडीगढ़ पुलिस ने एक बड़े ड्रग तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 किलो नशीला पदार्थ बरामद किया, जिसे पहले 100 करोड़ रुपए की कोकीन बताया गया था।

बाद में जांच एनसीबी को सौंपी गई और जांच में स्पष्ट हुआ कि बरामद किया गया पदार्थ कोकीन नहीं बल्कि एफीड्रिन नामक प्रतिबंधित केमिकल था। इस केस में एनसीबी ने चेन्नई के 3 युवकों में एस अशफाक रहमान, विजया कुमार और एन जफर शरीफ को आरोपी बनाया है।

इन पर एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज है। जांच में खुलासा हुआ कि यह गिरोह एफीड्रिन केमिकल को बर्तनों के डिब्बों में छिपाकर कुरियर से ऑस्ट्रेलिया भेजने की कोशिश कर रहा था।

तीनों आरोपी ट्रेन से चंडीगढ़ पहुंचे थे और यहां फर्जी आईडी कार्ड के जरिए सेक्टर-26 सत्संग भवन में रुके थे। उन्होंने एक स्थानीय कुरियर कंपनी से केमिकल भेजने की बात की, लेकिन कंपनी को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचित कर दिया। पुलिस ने तत्काल छापा मारकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

# पलवल में 42 अवैध बांग्लादेशी पकड़े

**अनंत ज्ञान, पलवल।** जिले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रह रहे 42 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। जिनमें से कई लोगों के फर्जी दस्तावेजों के साथ रहने की सूचना मिली थी। पुलिस इनके दस्तावेज चेक कर रही है। इस अभियान में पुलिस पिछले एक सप्ताह में 160 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में ले चुकी है।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि एससीपी के आदेश पर पुलिस टीम फैक्टरियों, उद्योगों, निर्माण स्थलों, होटलों, ढाबों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और किराए के मकानों में रहने वालों की जांच कर रही है। इस दौरान पुलिस ने अलग-अलग जगहों से 42 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस को शक है कि यह सभी बांग्लादेशी नागरिक हैं और अवैध रूप से रह रहे हैं। पुलिस इनकी पहचान के लिए आधार कार्ड और बायोमेट्रिक जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने किराए पर मकान देने वालों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने किराएदारों का पूरा सत्यापन करवाएं।

# हरियाणा में खास रहेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : मुख्यमंत्री सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राज्य में 25 दिन पहले से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शुरू किया जाएगा। इनमें प्रशिक्षण कार्यक्रम, योग मैराथन, योग जागरण यात्रा और अन्य गतिविधियां शामिल होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के सभी वर्गों को इन आयोजनों से जोड़ा जाएगा, ताकि योग के प्रति जागरूकता बढ़े।



सैनी ने बताया कि ये कार्यक्रम आज से शुरू होकर 21 जून तक चलेगा। इसके साथ ही, योग दिवस के आयोजनों को स्वच्छता कार्यक्रम से भी जोड़ा गया है, जिससे स्वच्छ और स्वस्थ भारत के संदेश को बढ़ावा दिया जा सके। वहीं, सीएम ने कहा कि प्रदेश के सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में योग के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के माध्यम से नशा मुक्त हरियाणा का भी संदेश दिया जाएगा। योग गुरु बाबा रामदेव भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार का यह संकल्प है कि योग को जन-जन तक पहुंचाया जाए और हरियाणा को योगमय राज्य बनाया जाए।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि योग और स्वच्छता दोनों ही समाज के लिए जरूरी हैं। इनके माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 से मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर 2014 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर इसकी घोषणा की थी, और पहला योग दिवस 21 जून 2015 को विश्वभर में मनाया गया। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए सीएम सैनी ने यह रिव्यू बैठक की।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ में कोरोना से व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) में बुधवार को कोरोना वायरस से संक्रमित एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। यह मामला चंडीगढ़ के किसी स्वास्थ्य केंद्र में सामने आया पहला केस था। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने अभी तक यह नहीं बताया है कि मरीज को जेएन-1 वैरिएंट था या नहीं। मरीज मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद का रहने वाला था। कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के बाद उसे लुधियाना से जीएमसीएच चंडीगढ़ रेफर किया गया था। एक दिन पहले जीएमसीएच के निदेशक डॉ. अशोक अत्री ने बताया था कि मरीज की जानकारी जरूरी फॉर्मेट में दर्ज कर ली गई और उसे कोविड वार्ड में आइसोलेट कर दिया गया है, जहां वो वेंटिलेटर लगाए हुए है।

### पार्क अस्पताल में होगी ओवरवेट महिला की सर्जरी

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** बुधवार को वजन घटाने की सर्जरी के लिए 40 वर्षीय अधिक वजन वाली महिला को पार्क अस्पताल, मोहाली ले जाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई। 200 किलो से अधिक वजन वाली इस महिला को जीरकपुर से एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस में लाया गया। जीरकपुर में पहली मंजिल पर स्थित उसके आवास से मरीज को सुरक्षित ले जाने के लिए एक दर्जन से अधिक अस्पताल कर्मचारियों को तैनात किया गया था। मरीज को ले जाने में किसी भी तरह की समस्या आने पर बैकअप के तौर पर क्रेन की भी व्यवस्था की गई थी। पार्क अस्पताल मोहाली में बैरिएट्रिक और मेटाबोलिक सर्जरी के वरिष्ठ एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. अमित गर्ग ने कहा कि मरीज हिलने-डुलने में असमर्थ थी। मरीज का बीएमआई 84 है, जो खतरनाक स्तर 40 से दोगुना है। डॉ. गर्ग ने बताया कि हम पूरी जांच के बाद उसकी बैरिएट्रिक सर्जरी की योजना बनाएंगे और बैरिएट्रिक सर्जरी के एक साल बाद मरीज का वजन उसके मौजूदा वजन से आधा हो जाएगा।



# मेयर बबला ने की 22 गांवों के लिए 50 लाख विकास निधि की घोषणा

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़े कदम के तहत, चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला ने चंडीगढ़ नगर निगम को स्थानांतरित किए गए 22 गांवों के लिए प्रत्येक को 50 लाख रुपए की राशि जारी करने की घोषणा की है। यह राशि 'गांव विकास निधि' के तहत दी जाएगी।

> गांवों को शहरी मानकों के बराबर लाना प्राथमिकता

इन 22 गांवों वाले वार्डों के पार्षदों को बुलाकर मेयर ने उनसे आग्रह किया कि वे अपने-अपने गांवों की प्राथमिकता के अनुसार विकास की मांगें उठाएं और प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम के पास समर्पित निधि उपलब्ध है और हम नागरिक बुनियादी ढांचे में स्पष्ट और सार्थक सुधार सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में विकास कार्यों पर ध्यान दिया जाएगा, उनमें सड़कें उन्नत करना, स्ट्रीट लाइट लगाना, सीवरेज और वर्षा जल निकासी प्रणाली में सुधार, जल आपूर्ति को बेहतर बनाना, हरियाली और सौंदर्यीकरण कार्य करना तथा स्वच्छता सुविधाओं में सुधार शामिल हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य इन गांवों को शहरी मानकों के बराबर लाना है। उन्होंने बताया कि संबंधित इंजीनियरिंग विभागों को पहले ही निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि वे इस समर्पित निधि के लिए विस्तृत बजट अनुमान तैयार करना शुरू करें। यह प्रक्रिया पार्षदों द्वारा प्राथमिकता वाली विकास मांगें प्रस्तुत करने के बाद की जाएगी।

मेयर ने कहा कि इन गांवों को नागरिक सुविधाओं में तुरंत सुधार की आवश्यकता है और अब जबकि हमारे पास निधि उपलब्ध है, नगर निगम बिना किसी देरी के कार्य शुरू करने के लिए तैयार है।

# नैनीताल में पार्किंग की समस्या अब होगी दूर : सीएम धामी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा नैनीताल स्थित शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल होटल परिसर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पार्किंग के रूप में उपयोग के लिए उत्तराखंड सरकार को आवंटित कर दिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र द्वारा इसकी जानकारी दी है। धामी ने अमित शाह से नैनीताल में पार्किंग की गंभीर समस्या को देखते हुए शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल होटल परिसर के खुले स्थान को पार्किंग हेतु अस्थायी रूप से आवंटित करने का अनुरोध किया था।

मुख्यमंत्री के अनुरोध को स्वीकार करते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नैनीताल स्थित शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल होटल परिसर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक पार्किंग के रूप में उपयोग के लिए उत्तराखंड सरकार को आवंटित कर दिया गया है।

इस निर्णय से नैनीताल जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल में आने वाले पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। पार्किंग की बढ़ती समस्या से निजात मिलने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा। धामी ने इस निर्णय के लिए शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे नैनीताल में पार्किंग की समस्या को दूर करने में काफी सुविधा होगी।

# कृषि मंत्री ने की खरीफ फसलों की एमएसपी में वृद्धि के लिए पीएम मोदी की सराहना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने 2025-26 विपणन सीजन के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में उल्लेखनीय वृद्धि को मंजूरी देने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि इस फैसले से केंद्र सरकार की किसानों के कल्याण और भारत के कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की अटूट प्रतिबद्धता झलकती है। राणा ने जारी एक बयान में कहा कि एमएसपी में वृद्धि हरियाणा और पूरे देश के किसानों को पर्याप्त वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह फैसला मोदी सरकार की हमारे मेहनती किसानों को उचित मुआवजा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार राज्य के किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है जो सभी अधिसूचित फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करता है।

उन्होंने बताया कि बढ़ा हुआ एमएसपी और मजबूत खरीद तंत्र हरियाणा की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि यह किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है।

# विक्रम सिंह मेहता इंडिगो के नए चेयरमैन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने विक्रम सिंह मेहता को अपना नया चेयरमैन नियुक्त किया है। विक्रम पूर्व आईएएस ऑफिसर रह चुके हैं।



इससे पहले विक्रम शेल ग्रुप ऑफ कंपनीज इंडिया के चेयरमैन रह चुके हैं। वे मिस्र में शेल मार्केट्स व शेल केमिकल्स के सीईओ जैसे पद भी संभाले चुके हैं। विक्रम, पूर्व चेयरमैन वेंकट सुमंत्रन की जगह लेंगे। सुमंत्रन ने तीन साल तक कंपनी की कमान संभाली थी। उन्होंने इंडिगो बोर्ड में अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद इस्तीफा दे दिया था। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका के मॉल में गोलीबारी, पांच घायल

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** भारत ने व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा उपचार के लिए यात्रा करने के इच्छुक अफगानिस्तान के नागरिकों के लिए वीजा सेवा फिर से शुरू कर दी है। यह वीजा व्यवसाय, छात्र, चिकित्सा, चिकित्सा और संयुक्त राष्ट्र राजनयिक की श्रेणियों में दिए जाएंगे। प्रत्येक आवेदक को अफगान राष्ट्रीय पहचान पत्र (तजकिरा) ऑनलाइन अपलोड करना होगा जिसमें नाम, जन्म तिथि, राष्ट्रीयता आदि विवरण होंगे। वीजा आवेदन को पूरा करने के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रत्येक प्रकार के वीजा के सामने दर्शाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# रूस में कावेरी इंजन की फ्लाइंग टेस्टिंग

**एजेंसी, मॉस्को।** डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन रूस में स्वदेशी कावेरी जेट इंजन की फ्लाइंग टेस्टिंग कर रहा है। यह रियल सिचुएशन में इंजन की कैपेसिटी आंकने के लिए अहम है। अधिकारियों ने बताया इंजन पर करीब 25 घंटे का परीक्षण होना बाकी है। स्लॉट मिलने पर टेस्टिंग की जाएगी। इसकी कैपेसिटी शोकेस के लिए इसे एक लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट में लगाने का प्लान है। शुरुआत में कावेरी इंजन को तेजस जैसे स्वदेशी एलसी लगाने का प्लान था, लेकिन प्रोग्राम में देरी के चलते तेजस में अमेरिकी इंजन जीई-404 लगाया गया। इस इंजन को अब भारत में बने लंबी दूरी के घातक अनमैंड एयर व्हीकल यानी स्टेल्थ ड्रोन की पावर बढ़ाने के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है। कावेरी 80 किलो न्यूटन थ्रस्ट (पावर) वाला एक लो बाईपास, ट्विन स्पूल टर्बोफैन इंजन है। बेहतर मैनुअल कंट्रोल के लिए इसमें ट्विन-लेनफुल अथॉरिटी डिजिटल इंजन कंट्रोल सिस्टम लगाया गया है। (अनंत ज्ञान)

# सोना 475 रुपए बढ़कर 95,627 पर पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार यानी 28 मई को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 475 रुपए बढ़कर 95,627 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 95,152 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, चांदी का भाव 1,128 रुपए बढ़कर 97,653 रुपए हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 96,525 रुपए प्रति किलो था। (अनंत ज्ञान)



## देश-विदेश

# भारत तो शांति से रहना चाहता है पर पाक ऐसा नहीं चाहता : थरूर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पनामा दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत तो शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। थरूर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। (अनंत ज्ञान)



### भारत को आतंकवाद के खिलाफ पनामा का समर्थन

**शशि** थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पनामा की यात्रा पर पहुंचा है। इसमें भाजपा, कांग्रेस और दूसरे दलों के सांसद भी हैं। इस यात्रा का मकसद दुनिया को भारत की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और सख्त रवैये का संदेश देना है। इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया है। पनामा की असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने कहा है कि पनामा शांति के इस अभियान में भारत के साथ खड़ा होना चाहता है, और हमें उम्मीद है कि हम आतंकवाद को हरा सकते हैं।

### राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में विपक्ष सरकार के साथ

**सिंगापुर** दौरे पर गए भारतीय शिष्टमंडल में शामिल पश्चिम बंगाल से निर्वाचित तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'जब मेरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा की बात आती है, तो मैं दृढ़ता से सरकार के साथ खड़ा रहूंगा और अपने देश के सर्वोत्तम हित में काम करूंगा। मैं अपने राजनीतिक हितों को अपने राष्ट्रीय हित के आड़े नहीं आने दूंगा।' उन्होंने कहा कि जब राष्ट्रीय सुरक्षा या देश की संप्रभुता की बात आती है तो विपक्ष केंद्र सरकार के साथ खड़ा नजर आएगा।

### आतंकी फिर हमले की तैयारी में थे इसलिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया

**भाजपा** के राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्रा ने कहा है कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद आतंकी भारत में फिर से अटैक की तैयारी कर रहे थे, इसलिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। मनन मिश्रा ने 27 मई को कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआर कांगो) में कहा, '22 अप्रैल को पहलगाम की घटना के बाद भारत ने 15 दिनों तक इंतजार किया। हमें उम्मीद थी कि पाकिस्तान खुद आतंकियों के खिलाफ एक्शन लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके उलट, हमारी खुफिया एजेंसियों ने बताया कि आतंकी फिर से भारत में हमले की तैयारी कर रहे हैं। तभी, 7 मई को भारत ने आतंकी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें 100 आतंकी मारे गए।' मनन मिश्रा आतंकी हमले पर दुनिया को भारत का पक्ष बताने के लिए अलग-अलग देशों में गए 7 में से एक डेलिगेशन का हिस्सा हैं।



# देश के 17 राज्यों में मानसून की एंट्री

**नई दिल्ली।** देश के 17 राज्यों में मानसून की एंट्री हो चुकी है। बुधवार को मानसून समय से 12 दिन पहले छत्तीसगढ़ और 13 दिन पहले ओडिशा पहुंचा। दोनों राज्यों के कुछ जिलों में तेज बारिश हुई। महाराष्ट्र के मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में भारी बारिश हुई। यहां बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राजस्थान में मौसम के तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। बूंदी जिले में तेज गर्मी पड़ रही है। वहीं, उदयपुर, चित्तौड़गढ़-भीलवाड़ा में बारिश जारी है। उधर, जैसलमेर में बुधवार सुबह से रेत का गुबार देखने को मिला। (अनंत ज्ञान)

# गाजा में खाने के लिए मची भगदड़ में तीन लोगों की मौत, 46 घायल

**एजेंसी, राफा**

गाजा के दक्षिणी शहर राफा में मंगलवार को खाना लेने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गई। इससे 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई, वहीं 46 घायल हो गए। इसके अलावा 7 लोग लापता भी हैं। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह भगदड़ इसराइली सैनिकों के हवा में फायर करने के बाद बची। वहीं इसराइल सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाई थीं।

गाजा में लोगों को खाना मुहैया कराने के लिए फूड सेंटर शुरू किए जा रहे हैं। मंगलवार को राफा शहर में ऐसे ही एक सेंटर पर खाना लेने के लिए हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई थी। इसराइली फायरिंग के बाद हजारों फिलिस्तीनी खाने के लिए सेंटर पर दौड़ पड़े। (अनंत ज्ञान)

### इसराइल के साथ सीजफायर के लिए हमास तैयार

**फिलिस्तीन** के उग्रवादी संगठन हमास ने अमेरिका की तरफ से गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। यह प्रस्ताव ट्रंप के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ ने दिया था। इस नए प्रस्ताव में 10 इसराइली बंधकों की रिहाई और 70 दिन का युद्धविराम शामिल है। प्रस्ताव में इसराइल की तरफ से कई फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई का मुद्दा भी शामिल है, जिनमें लंबी सजा काट रहे सैकड़ों कैदी शामिल हैं।

# देश में कोरोना के 1200 मामले, अब तक 12 मौतें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है, वहीं मरने वालों की संख्या 12 हो गई है। केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना पेशेंट हैं। महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर है। यहां 325 मरीज हैं। इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई में हैं। बुधवार को महाराष्ट्र में 66, कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं। नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को 2 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। इनमें एक को बुखार और हल्की खांसी है, जबकि दूसरी महिला में कोई लक्षण नहीं हैं।

उधर, प्रधानमंत्री मोदी के 29-30 मई को यूपी-बिहार दौरे के मद्देनजर राज्य का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट है। निर्देश दिया गया है कि पीएम के 100 मीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों की कोरोना जांच होगी। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद इंटर सर्विस ऑर्गेनाइजेशन नियम लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गेनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया। नए कानून बनने से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन-कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो। इंटर सर्विस ऑर्गेनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था। 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसे 10 मई 2024 से लागू किया गया। सरकार ने बुधवार को नए नियमों को भी आधिकारिक रूप से राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित (गजटेड) कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 239 अंक लुढ़का निफ्टी 24800 से फिसला

**एजेंसी, मुंबई**

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक बुधवार को भी लाल निशान पर बंद हुए। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बीएसई सेंसेक्स में 240 अंक की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 239.31 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 81,312.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73.75 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 24,752.45 पर पहुंच गया।



वहीं, एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सकारात्मक क्षेत्र में रहा, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग कम होकर बंद हुआ। यूरोप के बाजारों में गिरावट देखी गई। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में तेजी रही। नैस्डैक कंपोजिट में 2.47 प्रतिशत, एसएंडपी 500 में 2.05 प्रतिशत और डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.78 प्रतिशत की तेजी आई। (अनंत ज्ञान)

## विफल — दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट 9वें टेस्ट को नहीं कर पाया पास

# स्टारशिप ने लॉन्चिंग के 30 मिनट बाद खोया कंट्रोल

**एजेंसी, टेक्सास**

दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का 9वां टेस्ट कामयाब नहीं हो पाया। लॉन्चिंग के करीब 30 मिनट बाद स्टारशिप ने कंट्रोल खो दिया, जिस कारण पृथ्वी के वातावरण में एंटर करने पर यह नष्ट हो गया। यह लगातार तीसरी बार है जब स्टारशिप आसमान में ही नष्ट हुआ है। हालांकि, बूस्टर ने अमेरिका की खाड़ी में हार्ड लैंडिंग की। लैंडिंग बर्न के दौरान एक सेंटर इंजन को जानबूझकर बंद किया गया, ताकि बैकअप इंजन की क्षमता का परीक्षण किया जा सके।



इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का दोबारा उपयोग किया गया है।

स्टारशिप को भारतीय समय के अनुसार 28 मई को सुबह करीब 5 बजे टैक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया था। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस रॉकेट को बनाया है। (अनंत ज्ञान)

### रिसाव के कारण मेन टैंक प्रेशर में आई कमी

**इस** टेस्ट के बाद इलॉन मस्क ने कहा, 'स्टारशिप निर्धारित शिप इंजन कटऑफ तक पहुंच गया, इसलिए पिछली उड़ान की तुलना में बहुत सुधार हुआ है। रिसाव के कारण कोस्ट और री-एंट्री फेज के दौरान मेन टैंक प्रेशर में कमी आई। अब अगले तीन लॉन्च काफी तेजी से होंगे। लगभग हर 3 से 4 हफ्ते में लॉन्च होगा।'

# फ्रांस में लाइलाज रोगियों को मिलेगा मौत चुनने का अधिकार

**एजेंसी, पेरिस**

फ्रांस के निचले सदन नेशनल असेंबली ने गत दिवस एक ऐतिहासिक विधेयक को मंजूरी दे दी। इस विधेयक के तहत फ्रांस में लाइलाज बीमारियों से ग्रस्त व्यस्क लोगों को मौत चुनने का अधिकार मिलेगा। यूरोप में लंबे समय से मौत चुनने के अधिकार को कानूनी करने की मांग उठ रही हैं। फ्रांस में भी लंबे समय से ऐसी मांग की जा रही है और महीनों से इस पर संसद में चर्चा में चल रही है। लंबी चर्चा के बाद मंगलवार को नेशनल असेंबली ने इसकी मंजूरी दे दी। अब इस विधेयक को उच्च सदन सीनेट में पेश किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### ये होंगी शर्तें

**प्रस्तावित** विधेयक में जहां गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को मौत का विकल्प चुनने की मंजूरी दी गई है, वहीं इसके साथ कड़ी शर्तें भी लगाई गई हैं। शर्तों के तहत लाइलाज बीमारी होने पर मरीज को खुद ही जहर लेना होगा, लेकिन अगर वह खुद इस स्थिति में नहीं है कि खुद अपनी जान ले सके तो उस स्थिति में डॉक्टर या नर्स की मदद से व्यक्ति को जहर दिया जा सकेगा। विधेयक के तहत मौत का विकल्प चुनने के लिए मरीज का कम से कम 18 साल का होना जरूरी है। साथ ही उसका फ्रांस का नागरिक होना भी जरूरी है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड



गुजरात टाइटंस



ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
679



चेन्नई सुपर किंग्स



पर्पल कैप
**नूर अहमद**
24



लखनऊ सुपर जायंट्स

सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
40

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब | 14 | 09 | 04 | 01 | 19 |
| 2. | बेंगलुरु | 14 | 09 | 04 | 01 | 19 |
| 3. | गुजरात | 14 | 09 | 05 | 01 | 18 |
| 4. | मुंबई | 14 | 08 | 06 | 00 | 16 |
| 5. | दिल्ली | 14 | 07 | 06 | 01 | 15 |
| 6. | हैदराबाद | 14 | 06 | 07 | 01 | 13 |
| 7. | लखनऊ | 14 | 06 | 08 | 00 | 12 |
| 8. | कोलकाता | 14 | 05 | 07 | 02 | 12 |
| 9. | राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 |
| 10. | चेन्नई | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 |

**आईपीएल प्लेऑफ** शीर्ष दो में स्थान पाने के बाद दोनों टीमों से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद

# अय्यर की रणनीति और आरसीबी की प्रतिभा के बीच होगी जंग

**एजेंसी, मुलांपुर ( चंडीगढ़ )**

श्रेयस अय्यर की प्रेरक नेतृत्व क्षमता की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा होगी जब पंजाब किंग्स गुरुवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में उत्साह से भरी एक अन्य टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मेजबानी करेगा।

शीर्ष दो में स्थान प्राप्त करने के बाद इन दोनों टीम से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि पहले क्वालीफायर में हारने के बावजूद उन्हें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इसका श्रेय अय्यर और रिकी पोंटिंग (मुख्य कोच) की जोड़ी को जाता है जिन्होंने टीम की संस्कृति को बदलकर उसे नया स्वरूप प्रदान किया।

दूसरी ओर आरसीबी को नॉकआउट चरण में कई बार हार का सामना करना पड़ा तथा इस बार वह खिताब के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है। उनके अपने शब्दों में खिताब के दोनों



दावेदारों के लिए काम अभी आधा ही हुआ है। अय्यर-पोंटिंग की जोड़ी पंजाब किंग्स में शानदार बदलाव लेकर आई है और टीम ने लीग चरण में शुरू से लेकर आखिर तक अच्छा प्रदर्शन किया है। यह संयोजन खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सफल रहा है, जिससे यह एक मजबूत टीम बन गई है। प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की सलामी जोड़ी ने अय्यर और जोश इंगलिस जैसे खिलाड़ियों के लिए मंच तैयार किया है।

फिनिशर शशांक सिंह ने लगातार अपने खेल में सुधार किया है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मार्कस स्टोइनिस ने बल्ले से अपनी क्षमता का पता लगाकर बल्लेबाजी को और अधिक मजबूत बना दिया है। पंजाब के लिए चिंता का विषय गेंदबाजी विभाग है, विशेषकर दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन के जाने के बाद, जो राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के लिए स्वदेश लौट गए हैं। यानसन ने पावरप्ले और डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण ओवर फेंके और टीम को निश्चित रूप से उनकी कमी खलेगी।

काइल जैमीसन ने अपने पहले मैच में कुछ उम्मीद जगाई है, लेकिन उन्हें प्रभाव छोड़ने के लिए बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई भी यानसन की जगह ले सकते हैं। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल अंगुली की चोट के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे। उनके इस महत्वपूर्ण मैच में वापसी करने और हमेशा सटीक गेंदबाजी करने वाले हरप्रीत बरार के साथ मजबूत जोड़ी बनाने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए लंबे समय से बेहतरीन तेज गेंदबाज रहे हैं और उन्होंने खेल के सभी चरणों में अच्छा प्रदर्शन किया है।आरसीबी को भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में कुछ खिलाड़ियों की चोट को लेकर चिंता थी, लेकिन वह काफी हद तक दूर हो गई है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है और टिम डेविड भी चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे, जिससे टीम में अधिक संतुलन आएगा। आरसीबी पिछले कई वर्षों से अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर निर्भर रही है, लेकिन जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ियों के मध्यक्रम में अपनी क्षमता दिखाने के बाद ऐसा लगता है कि यह बदल रहा है।

टीम के दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण होगा कि फिल साल्ट पावरप्ले में अपनी सर्वश्रेष्ठ विस्फोटक बल्लेबाजी करें और विराट कोहली उसी तरह बल्लेबाजी करते रहें जैसे वे पूरे सत्र में करते आए हैं। आरसीबी लीग चरण में इस मैदान पर पंजाब किंग्स पर अपनी जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। यहां की पिच का व्यवहार अभी तक अप्रत्याशित रहा है। यहां खेले गए चार मैचों की पहली पारी में केवल एक बार 200 रन बने हैं। (अनंत ज्ञान)

### पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर जीत का भरोसा

पंजाब को अपने घरेलू मैदान पर जीत का भरोसा होगा, क्योंकि पिछले महीने उसने यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 111 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव किया था। दोनों टीम इस पहली सीढ़ी से ही फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। इस मैच में हारने वाली टीम दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**पंजाब किंग्स:** नेहल वढेरा, हरनूर सिंह, श्रेयस अय्यर, मुशीर खान, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस, प्रवीण दुबे, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, हरप्रीत बराड़, सूर्यांश शेडगे, शशांक सिंह, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, मिशेल ओवेन, काइल जैमीसन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः** विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), स्वास्तिक चिकारा, जितेश शर्मा, फिलिप साल्ट, मनोज भंडागे, टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, लियाम लिविंगस्टोन, रोमारियो शेफर्ड, जैकब बेटेल, स्वप्निल सिंह, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, नुवान तुषारा, यश दयाल, रसिख दार सलाम, सुयश शर्मा, मोहित राठी, अभिनंदन सिंह, मयंक अग्रवाल, ब्लेसिंग मुजाराबानी, टिम सीफर्ट।

## ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपए का जुर्माना

**एजेंसी, लखनऊ**

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मंगलवार को यहां खेले गए मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इंपैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।



आईपीएल की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया, ''यह धीमी ओवर गति से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का सत्र का तीसरा अपराध था, इसलिए ऋषभ पंत पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'' विज्ञप्ति के अनुसार, ''इम्पैक्ट प्लेयर सहित अंतिम एकादश में शामिल अन्य खिलाड़ियों में से प्रत्येक पर 12 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया है।'' पंत की 61 गेंदों पर नाबाद 118 रन की शानदार पारी के बावजूद मेजबान लखनऊ को इस मैच में छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। (अनंत ज्ञान)

## जितेश शर्मा की पारी आईपीएल के वर्तमान सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी: मूडी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी टॉम मूडी ने कहा कि मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जितेश शर्मा की असाधारण पारी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी है। कार्यवाहक कप्तान जितेश ने 33 गेंदों पर नाबाद 85 रन की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल के पहले क्वालीफायर में पहुंचा दिया।



जब विराट कोहली का विकेट गिरने के बाद जितेश क्रीज पर आए, तब आरसीबी को 228 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 52 गेंदों पर 105 रन की जरूरत थी। जितेश ने इससे पहले वर्तमान सत्र में कोई अर्द्धशतक नहीं लगाया था, लेकिन उन्होंने महत्वपूर्ण मौके पर आकर्षक पारी खेली।

मूडी ने क्रिकइन्फो से कहा, ''मेरे लिए यह पारी आईपीएल के वर्तमान सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी है। हमने युवा और अनुभवी खिलाड़ियों की कुछ बेहतरीन पारियां देखी हैं, लेकिन यह पारी वाकई उल्लेखनीय है।'' उन्होंने कहा, ''परिस्थितियां पूरी तरह से प्रतिकूल थी, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया और मैच का पासा पलट दिया। उन्होंने पूरी चतुराई से बल्लेबाजी की।'' (अनंत ज्ञान)

## भारत की रूपल-पूजा ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत, यूनुस ने जीता कांस्य पदक

**एजेंसी, गुमी ( दक्षिण कोरिया )**

भारत ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन बुधवार को यहां अपने खाते में तीन और पदक जोड़े जिसमें रूपल चौधरी और पूजा ने रजत, जबकि यूनुस शाह ने कांस्य पदक जीता। भारतीय 'चौकड़ी' की सदस्य रूपल ने महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में 52.68 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया और दिन में भारत का खाता खोला। इसी स्पर्धा में हमवतन विथ्या रामराज 53.00 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। जापान की नानाको मात्सुमोतो (52.17 सेकेंड) ने स्वर्ण, जबकि उज्बेकिस्तान की जोनबीबी हुकमोवा (52.79 सेकेंड) ने कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं की 1500 मीटर स्पर्धा में चार मिनट 10.83 सेकेंड के समय के साथ भारत को दूसरा रजत पदक दिलाया, जबकि यूनुस शाह ने पुरुषों की 1500 मीटर स्पर्धा में तीन मिनट 43.03 सेकेंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।



प्रतियोगिता के पहले दिन राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10,000 मीटर स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करके भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था, जबकि सर्विन सेबेस्टियन ने 20 किमी पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### सुहैल थाईलैंड के खिलाफ मैत्री मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल



**एजेंसी, कोलकाता।** मुख्य कोच मानोलो मारक्वेज ने चार जून को थाईलैंड के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए 28 भारतीय टीम की घोषणा की जिसमें जम्मू-कश्मीर के फुटबॉलर सुहैल अहमद भट को शामिल किया है। थाईलैंड में होने वाला यह मुकाबला एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल दौर के लिए भारत की तैयारियों का हिस्सा है, जिसमें टीम 10 जून को हांगकांग का सामना करेगी। श्रीनगर के बेमनिया में रहने वाले 20 वर्षीय सेंट्रल फॉरवर्ड सुहैल अहमद ने पिछले सत्र में मोहन बागान सुपर जायंट्स के इंडियन सुपर लीग के विजयी अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। उनसे पहले मिडफील्डर दानिश फारूक टीम में शामिल कश्मीर के खिलाड़ी थे जो 2022 में बहरीन और बेलारूस के खिलाफ दो मैत्री मैच में खेले थे। ईस्ट बंगाल के भरोसेमंद सेंट्रल डिफेंडर अनवर अली की भी टीम में वापसी हुई है जो फरवरी में लगी चोट के कारण बाहर हो गए थे। टीम में करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री भी शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### बूचार्ड की खूबसूरती की दुनिया दीवानी

**कनाडा।** कनाडा की स्टार टेनिस खिलाड़ी यूजिनी बूचार्ड अपने खेल के साथ-साथ अपनी खूबसूरती को लेकर भी तारीफें लूट चुकी हैं। यूजिनी बूचार्ड की खूबसूरती की तुलना एक्ट्रेस से की जाती है। बूचार्ड के इंस्टाग्राम पर 2.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं।



## हॉकी : भारत ने अर्जेंटीना को पेनल्टी शूटआउट में हराया



**एजेंसी, रोसारियो ( अर्जेंटीना )**

गोलकीपर और कप्तान निधि ने लगातार चार गोल बचाए, जिससे भारत ने चार देशों के जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान अर्जेंटीना को मैच 1-1 से बराबर छूटने के बाद पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया।

कनिका (44वें मिनट) ने निर्धारित समय में भारत के लिए एकमात्र गोल किया, जबकि लालरिनपुई और लालथंतलुआंगी ने शूटआउट में गोल करके टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में भारत को जीत दिलाई। अर्जेंटीना ने अच्छी शुरुआत की। मिलग्रोस डेल वैले (10वें मिनट) ने घरेलू टीम को पहले क्वार्टर में बढ़त दिलाई, जबकि भारत ने तीसरे क्वार्टर में कनिका के गोल से स्कोर बराबर किया। भारत का अगला मुकाबला शुक्रवार को चिली से होगा। (अनंत ज्ञान)

## विश्व चैंपियन गुकेश को हराकर एरिगैसी संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**एजेंसी, स्टावेंजर ( नॉर्वे )**

विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें दूसरे दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा। एरिगैसी इस शानदार जीत से संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए हैं। दूसरे दौर के एक अन्य महत्वपूर्ण मुकाबले मे हिकारू नाकामुरा ने आर्मागेडन टाई-ब्रेक में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराया। कार्लसन ने पहले दौर में गुकेश को हराया था।



छह खिलाड़ियों वाले डबल राउंड-रॉबिन ओपन वर्ग में खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे गुकेश शुरुआती दो राउंड हारने के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। विश्व के चौथे नंबर के भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी 4.5 अंकों के साथ अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। सफेद मोहरों से खेल रहे एरिगैसी ने शुरुआत में बढ़त हासिल कर ली, लेकिन गुकेश की मजबूत रक्षापंक्ति ने अंत में बराबरी का खेल बना दिया। आखिर में मुकाबला रोमांचक बन गया था, लेकिन गुकेश समय कम होने के कारण दबाव में आ गए और एरिगैसी इसका फायदा उठाकर चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच को 62 चाल में जीतने में सफल रहे। एरिगैसी ने इस वर्ष की शुरुआत में टाटा स्टील शतरंज में भी गुकेश को हराया था। उनका क्लासिकल शतरंज में गुकेश के खिलाफ 6-0 का शानदार रिकॉर्ड है। एरिगैसी ने कहा, ''मैं थोड़ा हैरान हूं कि गुकेश ने शुरू में इतना समय क्यों बर्बाद किया।''

एरिगैसी तीसरे दौर में फैबियानो कारूआना से खेलेंगे, जबकि गुकेश रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक नाकामुरा के खिलाफ वापसी की उम्मीद करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## जहीर बोले-पंत की क्षमता पर नहीं था कभी संदेह

**एजेंसी, लखनऊ**

ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में भले ही अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटॉर (मार्गदर्शक) जहीर खान ने कहा है कि इस विकेटकीपर बल्लेबाज की क्षमता और योग्यता पर कभी संदेह नहीं रहा। मेगा नीलामी में 27 करोड़ रुपए की भारी भरकम कीमत पर खरीदे गए पंत ने 13 पारियों में सिर्फ 269 रन बनाए। उन्होंने टीम के सत्र के आखिरी मैच में 61 गेंदों पर 118 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार का सामना करना पड़ा। जहीर ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''उन्होंने कप्तान के रूप में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। यह पूरे सत्र में हमारे लिए सकारात्मक पहलू रहा। बल्ले से उनका प्रदर्शन निश्चित रूप से उनके लिए सीखने वाला अनुभव रहा, क्योंकि इस तरह का सत्र उनके लिए काफी महत्वपूर्ण था।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन उनकी योग्यता और क्षमता पर किसी को कोई संदेह नहीं था।''

उन्होंने कहा कि इस आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज को शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्र का अंत करते देखना अच्छा लगा। ''हमें खुशी है कि उन्होंने बहुत अच्छे प्रदर्शन के साथ सत्र का समापन किया। उनकी क्षमता ऐसी है और वे खेल पर बहुत प्रभाव डाल सकते हैं।'' लखनऊ के लिए यह सत्र निराशाजनक रहा तथा वह छह जीत और आठ हार के साथ सातवें स्थान पर रहा। (अनंत ज्ञान)



## एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा अहमदाबाद

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) ने बुधवार को पुष्टि की कि 2026 में एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप एक से 10 अप्रैल तक अहमदाबाद में आयोजित की जाएगी। पिछले वर्ष एशियाई भारोत्तोलन महासंघ (एडब्ल्यूएफ) ने अपनी वार्षिक कांग्रेस के दौरान भारत को इसकी मेजबानी का अधिकार सौंपा था। आईडब्ल्यूएलएफ के अध्यक्ष सहदेव यादव ने पीटीआई को बताया, ''एशियाई चैंपियनशिप की तारीखें तय कर दी गई हैं। यह एक से 10 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी।'' यह पहली एशियाई चैंपियनशिप होगी जिसका आयोजन अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ की संशोधित भार श्रेणियों के अंतर्गत किया जाएगा। पहले इस प्रतियोगिता का आयोजन गांधीनगर में किया जाना था, लेकिन बाद में अहमदाबाद को इसकी मेजबानी सौंपी गई। (अनंत ज्ञान)



**बैडमिंटन** निर्णायक गेम में लक्ष्य सेन चोट के कारण हुए रिटायर

## सात्विक-चिराग की जीत से वापसी, लक्ष्य बाहर

**एजेंसी, सिंगापुर**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बुधवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत के साथ वापसी की, जबकि लक्ष्य सेन को निराशा हाथ लगी और उन्हें चोटिल होने के कारण शुरुआती दौर के मुकाबले के बीच में ही मैच छोड़ना पड़ा।

चिराग की पीठ की चोट के कारण मार्च में ऑल इंग्लैंड ओपन से हटने के बाद यह जोड़ी पहली बार कोर्ट पर उतरी थी, लेकिन उन्होंने शानदार खेल का प्रदर्शन किया तथा मलेशिया के चूंग होन जियान और मुहम्मद हाइकाल को केवल 40 मिनट के अंदर 21-16, 21-13 से हराया। यह 41वीं रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी पर सात्विक और चिराग की दूसरी



जीत थी। भारतीय जोड़ी वर्तमान में विश्व में 27वें स्थान पर है। इस महीने की शुरुआत में यह जोड़ी सुदीरमन कप में भी नहीं खेली थी, क्योंकि सात्विक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। इससे पहले वे इस सत्र में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन दोनों में सेमीफाइनल में पहुंचे थे। भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सेन को चीनी ताइपे के लिन चुन-यी के खिलाफ अपने पहले दौर के मुकाबले के दौरान चोट के कारण बाहर होना पड़ा। वर्तमान में विश्व में 17वें स्थान पर काबिज सेन ने अच्छी शुरुआत की और पहला गेम 21-15 से जीता, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के लिन ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-17 से जीतकर स्कोर बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में सेन चोट के कारण रिटायर होने से पहले 5-13 से पीछे चल रहे थे। सेन की चोट की वास्तविक प्रकृति के बारे में पता नहीं चल पाया है।

मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गड्डे ने चेन झी यी और फ्रांसेस्का कॉर्बेट की अमेरिकी जोड़ी को 35 मिनट में 21-16, 21-19 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)

## भारत के खिलाफ क्रॉली और पोप की होगी असली परीक्षा : ज्योफ्री

**एजेंसी, लंदन**

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज ज्योफ्री बॉयकॉट इस बात से सहमत नहीं हैं कि जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक बनाने के बावजूद इंग्लैंड के जैक क्रॉली और ओली पोप अपनी 'तकनीकी और मानसिक समस्याओं' से उबर चुके हैं और उनका मानना है कि उन्हें असली चुनौती अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में मिलेगी।



क्रॉली के लिए पिछले कुछ महीने काफी कठिन रहे हैं। न्यूजीलैंड में वे संघर्ष करते रहे, जहां उनका औसत नौ से कम रहा और वे सभी छह पारियों में मैट हेनरी के हाथों आउट हुए। पोप के लिए भी 2024 उतार-चढ़ाव भरा रहा। हैदराबाद में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में 196 रन की शानदार पारी खेलने के बाद उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा।

बॉयकॉट ने डेली टेलीग्राफ में अपने कॉलम में लिखा, ''हम अभी इस नतीजे पर नहीं पहुंच सकते हैं कि क्रॉली और पोप ने अपनी तकनीकी और मानसिक समस्याओं को सुलझा लिया है, जो उनके करियर को प्रभावित कर रही थीं, क्योंकि जिम्बाब्वे की गेंदबाजी बहुत औसत दर्जे की थी।''

बॉयकॉट ने कहा, ''वे मध्यम गति के गेंदबाज थे, जो क्रॉली और पोप की बल्लेबाजी में किसी भी तरह की खामी को उजागर करने के लिए पर्याप्त अच्छे नहीं थे। हमें भारत के खिलाफ श्रृंखला तक इंतजार करना होगा, ताकि यह देखा जा सके कि बेहतर गेंदबाजों के खिलाफ वास्तव में कोई सुधार हुआ है या नहीं।'' भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)